सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 22 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 138, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सेंसेक्स में 135 अंकों की गिरावट**

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में सेंसेक्स 135 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में चार अंक की मामूली गिरावट आई। } 10

**स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के लिए मजबूत विनियमन जरूरी**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि एआई स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपार अवसर प्रदान करती है, लेकिन इसे सुदृढ़ विनियमन, नैतिक निगरानी और समानता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए। } 12




## भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन स्थगित

### इबोला वायरस के बढ़ते संक्रमण के चलते लिया गया निर्णय

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और अफ्रीकी संघ ने राष्ट्रीय राजधानी में 28 से 31 मई के बीच आयोजित होने वाले भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन को इबोला वायरस संक्रमण के बढ़ते खतरे के मद्देनजर स्थगित करने का फैसला किया है।

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को इस शिखर सम्मेलन को स्थगित करने के कारणों का उल्लेख किए बिना कहा कि अफ्रीकी देशों के साथ चर्चा करने के बाद सम्मेलन की नयी तिथियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य इबोला के प्रकोप का सामना कर रहा है और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता के मद्देजर इसे आपातकाल घोषित कर दिया है। कांगो में इबोला से अबतक 136 लोगों की मौत होने की जानकारी है। भारत ने



आगामी शिखर सम्मेलन में अफ्रीका महाद्वीप के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी रूपरेखा पेश करने की योजना बनाई थी। कई अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेताओं ने पहले ही इस सम्मेलन में शामिल होने की सहमति दे दी थी। नयी दिल्ली ने इससे पहले अक्टूबर 2015 में भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और अफ्रीकी संघ ने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्वास्थ्य स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और अफ्रीका (रोग नियंत्रण एवं निवारण केंद्र) सीडीसी और संबंधित राष्ट्रीय संस्थानों को समर्थन सहित पूरे महाद्वीप में सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करने में निरंतर सहयोग के महत्व को दोहराया। अफ्रीका सीडीसी, अफ्रीकी संघ की एक महाद्वीपीय स्वायत्त स्वास्थ्य एजेंसी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अफ्रीका के लोगों और सरकारों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी, एमपी, हरियाणा में मिस्र व सऊदी जितनी गर्मी

### 48 डिग्री के साथ बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर, लखनऊ में भी 43.6 डिग्री तक पहुंचा पारा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। 25 मई से नौतपा शुरू हो रहे हैं, लेकिन उससे पहले ही तापमान 48 डिग्री पहुंच गया है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश के बांदा में रिकॉर्ड हुआ। तापमान के लिहाज से 20 मई को बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। बांदा से ज्यादा तापमान केवल मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री और सऊदी अरब के अराफात में 48.4 डिग्री रहा। दुनियाभर में सबसे ज्यादा तापमान वाले टॉप-5 शहरों में खजुराहो 47.4 डिग्री के साथ चौथे नंबर पर रहा।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश पिछले सात दिनों से भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। बांदा गुरुवार को भी देश में सबसे गर्म शहर रहा, यहां



अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेलिसयस दर्ज किया गया। वहीं प्रयागराज में 46.6 डिग्री, वाराणसी में 45.6 डिग्री, हमीरपुर और सुल्तानपुर में 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। लखनऊ में 43.6 डिग्री तापमान रहा, जो इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। मौसम विभाग का कहना है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान और थार मरुस्थल से आ रही सूखी और गर्म हवाएं सीधे उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में पहुंच रही हैं। इससे मई में ही जून जैसी तपिश भरी गर्मी महसूस हो रही है। मौसम ...शेष पृष्ठ 10 पर

**21 मई 2026, गुरुवार**
देश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | तापमान | शहर | तापमान |
|---|---|---|---|
| जयपुर | 41° | देहरादून | 38° |
| लखनऊ | 43° | दिल्ली | 43° |
| भोपाल | 41° | मुंबई | 33° |
| पटना | 40° | अहमदाबाद | 41° |
| रायपुर | 43° | कोलकाता | 38° |
| रांची | 39° | चेन्नई | 38° |
| चंडीगढ़ | 42° | बेंगलुरु | 33° |
| शिमला | 32° | हैदराबाद | 40° |

### सीएम ने विभागों को दिया अलर्ट रहने के निर्देश

लखनऊ। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जनसामान्य को हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और गर्मी से होने वाली अन्य समस्याओं से बचाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और राहत एजेंसियां अलर्ट मोड में रहें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ा

## 20 लाख कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को मिलेगा लाभ, 60 प्रतिशत हुआ डीए



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा करने की घोषणा की है। राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वित्त विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार अब कर्मचारियों को 58 प्रतिशत के स्थान पर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी दीपक कुमार ने गुरुवार को इसको लेकर आदेश जारी किया।

सरकार ने महंगाई भत्ते में इजाफे का फैसला ऐसे समय में लिया है जब वैश्विक संकट की वजह से पेट्रोल-डीजल और दूध के दामों में बढ़ोतरी हुई है। योगी सरकार के फैसले का लाभ राज्य के लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स को होगा। आदेश के मुताबिक, बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। इस संदर्भ में जारी शासनादेश में कहा गया है कि 1 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक की बकाया धनराशि सीधे संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में जमा की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवशेष राशि जमा करने से पहले उस पर देय आयकर और सरचार्ज की कटौती की जाएगी। यह प्रक्रिया वित्त विभाग के 21 मार्च 2023 के शासनादेश में निर्धारित सीमा के तहत पूरी की जाएगी। शासनादेश के अनुसार जीपीएफ खाते में जमा बकाया राशि 1 मई 2027 तक खाते में ही रहेगी और कर्मचारी इसे उससे पहले नहीं निकाल सकेंगे। हालांकि जिन मामलों में भविष्य निधि नियमों के तहत अंतिम प्रत्याहरण (फाइनल विदड्रॉल) की अनुमति होगी, वहां यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। सरकार ने यह भी कहा है कि जो अधिकारी या कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं हैं, उनकी अवशेष धनराशि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वाटर स्पोर्ट्स का हब बन रहा रामगढ़ताल

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश और देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में पिछले 11-12 वर्षों में स्पोर्ट्स का शानदार ईको सिस्टम विकसित हुआ है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है तो खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रोत्साहन के ...शेष पृष्ठ 10 पर



### जीबीसी 5.0 : 7 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 5.0) की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी को बताया कि 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जीबीसी 5.0 के अंतर्गत हर जनपद में निवेश हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने जनपदों की पर कैपिटा इनकम बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए मैन्युफेक्चरिंग पावर को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने विगत दिनों लीड्स 2025 रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को मिले एग्जेम्प्लर अवार्ड को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लॉजिस्टिक्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने इस पुरस्कार के लिए इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

**संक्षेप**

### यूपी के कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में लागू होगा ड्रेस कोड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जल्द ही विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में ड्रेस कोड अनिवार्य किया जाएगा। योगी सरकार ने शिक्षा संस्थानों में अनुशासन, समानता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशानुसार सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में यथासंभव एक समान ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई बार पहनावे के कारण सामाजिक और आर्थिक असमानता दिखाई देती है, जिससे छात्रों में हीन भावना या श्रेष्ठता का भाव पैदा होता है। ड्रेस कोड लागू होने से सभी छात्रों को समान वातावरण मिलेगा और उनका ध्यान पढ़ाई व व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित रहेगा। सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था से शिक्षण संस्थानों में बेहतर शैक्षणिक संस्कृति विकसित होगी।

### अंतरधार्मिक संबंध के शक में बेटी के किये छह टुकड़े

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में एक व्यक्ति ने अंतरधार्मिक संबंध के शक में अपनी नाबालिग बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी और पहचान छिपाने के लिए शव के छह टुकड़े कर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सेवरही थाना क्षेत्र के जयपुर टोला निवासी बिग्गन अंसारी (ई-रिक्शा चालक) ने अपनी बहन नूरजहां और बहनोई मजीबुल्लाह के साथ मिलकर इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बिग्गन अंसारी अपनी 15 वर्षीय बेटी शबा के किसी दूसरे समुदाय के युवक से बातचीत करने से नाराज था।

## महापौर के प्रशासनिक व वित्तीय अधिकार जब्त

### पार्षद को शपथ नहीं दिलाने पर लखनऊ खण्डपीठ ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने फैजुल्लागंज वार्ड से निर्वाचित पार्षद को पांच महीने बाद भी शपथ नहीं दिलाए जाने पर बृहस्पतिवार को लखनऊकी महापौर सुषमा खर्कवाल के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार जब्त कर लिए। पीठ ने कहा कि महापौर के ये अधिकार तब तक न्यायालय के पास रहेंगे, जब तक वह फैजुल्लागंज वार्ड से निर्वाचित घोषित किए गए पार्षद ललित किशोर तिवारी को शपथ नहीं दिला देतीं। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति एसक्यूएच रिजवी की पीठ ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने यह सख्त रुख चुनाव अधिकरण द्वारा तिवारी को पार्षद



घोषित किए जाने के पांच महीने बाद भी उन्हें शपथ नहीं दिलाए जाने पर अपनाया। इससे पहले, 13 मई को हुई सुनवाई में भी अदालत ने मामले पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया था कि एक सप्ताह के भीतर तिवारी को शपथ दिलाई जाए। अदालत ने यह भी कहा था कि ऐसा नहीं होने पर महापौर, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को 21 मई को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होना होगा। पिछली सुनवाई के दौरान महापौर की ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए आवेदन दायर किया गया था, जबकि जिलाधिकारी ने अवकाश का हवाला देते हुए छूट मांगी थी।

### बंगाल के मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी मदरसों में प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम् का गायन तत्काल प्रभाव से अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है।

मदरसा शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्देश सरकार के मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों, अनुमोदित शिशु शिक्षा केंद्रों, माध्यमिक शिक्षा केंद्रों तथा अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त मदरसों पर भी लागू होगा। अधिसूचना में कहा गया है, कक्षाओं की शुरुआत से पहले प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम् का गायन अनिवार्य किया जाता है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह निर्णय सभी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकास परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ स्वीकृत

### जनहित से जुड़ी योजनाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रदेश सरकार बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाने और जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलने के साथ दूरदराज क्षेत्रों में विकास को नई रफ्तार मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विकास का लाभ लोगों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जनपदों में संचालित विकास योजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इनमें अवस्थापना सुविधाओं, पेयजल आपूर्ति तथा जनसुविधाओं से संबंधित



कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। पौड़ी गढ़वाल जनपद के नीलकंठ क्षेत्र में बहुस्तरीय पार्किंग निर्माण के लिए 48.82 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्रथम चरण में 19.53 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। वहीं अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं में विकास कार्यों के संचालन के लिए भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। टिहरी गढ़वाल की हिण्डोलाखाल पम्पिंग पेयजल योजना के अंतर्गत ऊर्जा दक्ष पम्पों की खरीद और विद्युत-यांत्रिक कार्यों के लिए 9.73 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। योजना के प्रारंभिक संचालन के लिए 3.89 करोड़ रुपये की पहली किश्त भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा पिथौरागढ़ नगर निगम क्षेत्र के नेडा बस्ते वार्ड में देवभूमि रजत जयंती पार्क निर्माण के लिए 9.81 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। इस योजना के लिए प्रथम चरण में 1.97 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 43.00 डिसे.
न्यूनतम : 34.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

- 21 मिनट में तय होगी दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट की दूरी (पृष्ठ-02)
- प्रो. जेपी पाण्डेय फिर बने एकेटीयू के कुलपति (पृष्ठ-02)
- रुपया 49 पैसे चढ़कर 96.37 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- तेल आपूर्ति की चिंताओं के बीच जापान का व्यापार मजबूत (पृष्ठ-10)
- कच्चे तेल का भाव 9,569 रुपये प्रति बैरल (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** तीन हेक्टेयर की भूमि पर तैयार होंगी डच रोज और गेंदे की नयी प्रजातियां

# फूलों की खेती का हब बनेगी रामनगरी अयोध्या

विशेष संवाददाता

लखनऊ/अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में फूलों की खेती को नई ऊंचाई देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू करने जा रही है। पिरखौली क्षेत्र में तीन हेक्टेयर भूमि पर दो करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश का पहला 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्लावर' (फूल उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र न सिर्फ फूल उत्पादकों के लिए तकनीकी सहायता का हब बनेगा, बल्कि श्री राम मंदिर को भी गुणवत्तापूर्ण फूलों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

उप निदेशक उद्यान अनूप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यह केंद्र फूलों की आधुनिक खेती को बढ़ावा देने का प्रमुख माध्यम बनेगा। यहां किसानों को फूलों की उन्नत प्रजातियों की जानकारी, वैज्ञानिक तरीके से खेती, कीट प्रबंधन, सिंचाई



प्रणाली और विपणन की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी। केंद्र में फूलों की कई दुर्लभ और लोकप्रिय प्रजातियां लगाई जाएंगी, जिनमें डच रोज और गेंदे की उच्च गुणवत्ता वाली वैरायटी शामिल होंगी। योगी सरकार कृषि और उद्यान क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए यह पहला बड़ा कदम है। जल्द ही इस केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसी तर्ज पर मथुरा और वाराणसी में भी ऐसे केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में फूल उत्पादन का नया नेटवर्क तैयार होगा। इस परियोजना से स्थानीय किसानों में फूलों की खेती के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। वर्तमान में कई किसान पारंपरिक फसलों पर निर्भर हैं, लेकिन इस केंद्र के माध्यम से वे फूलों की खेती अपनाकर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे। केंद्र न सिर्फ उत्पादन बढ़ाएगा बल्कि प्रसंस्करण, ड्राई फ्लावर और एक्सपोर्ट की संभावनाओं को भी खोलेगा। राम मंदिर में प्रतिदिन पूजा-अर्चना के लिए बड़ी मात्रा में फूलों की आवश्यकता होती है। इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण फूल उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और स्थानीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नैनीताल : गहरी खाई में गिरी कार लखनऊ के पांच लोगों की मौत

एजेंसी

नैनीताल। उत्तराखंड में नैनीताल जिले के भवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक कार के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। हालांकि, कार में सवार किसी भी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। नैनीताल के पुलिस अधीक्षक (अपराध) डॉ. जगदीश चंद्रा ने बताया कि हादसे के समय लखनऊका रहने वाला यह परिवार सैनेटोरियम-रातीघाट बाइपास मार्ग से कैंची धाम जा रहा था। ढैला गांव से पहले उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंजूनाथ टी.सी. ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया, लेकिन दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण राहत कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान भूपेंद्र सिंह चुफाल (48), सीमा कैड़ा चुफाल (45), वासू चुफाल (19), रवि चुफाल (12) और वाहन चालक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# 21 मिनट में तय होगी दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट की दूरी

## रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना का डीपीआर तैयार, भारत सरकार को भेजा गया

विशेष संवाददाता (vol)



- कॉमर्शियल फ्लाइट की शुरुआत के साथ चलेंगी पांच हाइड्रोजन बसें

**लखनऊ।** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को पिकप भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों, संचालित योजनाओं एवं एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित किए जा रहे आद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर विस्तृत समीक्षा की। जिसमें मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने, कारपोरेट कल्चर अपनाने के साथ ही अपने कार्यों का लक्ष्य स्वयं निर्धारित करने एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व मेंटीनेंस कार्य बेहतर करने के दिए निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मंत्री नन्दी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के उद्घाटन के साथ ही पूरा क्षेत्र अब महत्वपूर्ण कार्गो हब बनने जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट की दूरी को कम से कम समय में पूरा किया जा सके, इसके लिए रेल एवं रैपिड रेल कनेक्टिविटी को लेकर भी महत्वपूण कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट को जोडने वाली रिजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर.आर.टी.एस) परियोजना का डी.पी.आर. राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत कर शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है। इसके साथ ही रेल मंत्रालय की ओर से यमुना प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर एवं जेवर एयपोर्ट को जोडने के लिए चोला-संधि रेल लाईन से जोडने के लिए डी.पी.आर. तैयार किया जा रहा है। भविष्य की दिल्ली वाराणसी हाईस्पीड रेल लाईन को जेवर एयरपोर्ट के टर्मिनल पर एक स्टेशन बनाकर जोडने का प्राविधान डी.पी.आर. में किया गया जिससे दिल्ली की कनेक्टविटी केवल 21 मिनट पूरी की जा सकेगी। बैठक में बताया गया कि यमुना एक्सप्रेसवे आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की कनेक्टविटी के साथ ही प्रदेश के अन्य एक्सप्रेसवे यथा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, पूर्वाचल एक्सप्रेसवे, दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ रहा है जिससे यह क्षेत्र कनेक्टविटी के दृष्टिगत अद्वितीय है। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को भू अर्जन का भुगतान ऑनलाइन फास्ट मोड में किया जाए। ऐसा सिस्टम बनाया जाए कि मानचित्र के लिए एनओसी लेने के लिए लोगों को जगह-जगह दौड़ना न पड़े। साथ ही प्लॉट से सम्बंधित बहुत सी जानकारियों को लाइव किए जाने एवं वर्तमान व भविष्य में एआई की उपयोगिता को देखते हुए प्राधिकरण के कार्मिकों को एआई की ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने मंत्री नन्दी ने को बताया कि हाथरस का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। हाथरस में अर्बन सिटी बनाया जाएगा। हाथरस के बाद आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे का विस्तार होगा। टप्पल बाजना में 4700 एकड़ भूमि पर अर्बन सिटी विकसित किए जाने के योजना की जानकारी दी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में जहाँ उत्तर भारत की सबसे बड़ी एचसीएल- फॉक्सकॉन की सेमीकन्डक्टर चिप बनाने की यूनिट लग रही है, वहीं यहाँ पर सबसे बडा इलेक्ट्रानिक मैम्युफैक्चरिंग कलस्टर का निर्माण हो रहा है। औद्योगिक पार्कों जैसे अपैरल पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क, एम.एस.एम.ई. पार्क, हैण्डिकाफ्ट पार्क, डेटा पार्क आदि के विकास से औद्योगिकरण को बढ़ावा मिला है, वहीं कनेक्टविटि की बेहतर स्थिति एवं जेवर एयरपोर्ट के कारण प्राधिकरण के साथ-साथ एन.सी.आर. रीजन में निवेश के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है, जो 25 वर्ष की यात्रा का एक अहम प्रतिफल है। आगामी वर्षों में प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक अवस्थापना का और संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढेगें, विर्निमाण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। समीक्षा बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के उद्घाटन के साथ ही 15 जून से कॉमर्शियल फ्लाइट की शुरूआत हो रहीं है। कॉमर्शियल फ्लाइट की शुरूआत के साथ ही यीडा की ओर से यात्रियों की ट्रांसपोर्रटेशन सुविधा के लिए पांच हाइड्रोजन बसों को चलावाया जाएगा। जो परी चौक से जेवर एयरपोर्ट तक फ्लाइट के शिड्यूल के अनुसार चलेंगी। साथ ही दिल्ली, हरियाणा के साथ ही अन्य क्षेत्रों से ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए बसें चलाई जाएंगी।

# देश का सबसे बड़ा गोपैथी केंद्र बनेगा यूपी, गांव-गांव खुलेंगे गोपैथी सेंटर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक कृषि, रोजगार और पंचगव्य आधारित चिकित्सा एवं अनुसंधान से जोड़कर एक बड़े परिवर्तनकारी मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गांव-गांव गोपैथी सेंटर स्थापित करने की दिशा में तैयारी तेज कर दी है। इसके जरिए पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को नई पहचान देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आर्थिक समृद्धि का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा।

योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य गो सेवा को आर्थिक विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र से जोड़ना है, ताकि गोशालाएं केवल संरक्षण केंद्र न रहकर जैविक कृषि, पंचगव्य उत्पाद निर्माण और ग्रामीण उद्योगों की नई ताकत बन सकें।

प्रदेश में विकसित किए जा रहे पंचगव्य आधारित चिकित्सा मॉडल को आयुष एवं वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आयुर्वेदिक परंपराओं के अनुसार पंचगव्य आधारित उत्पाद मधुमेह, माइग्रेन, लकवा, हृदय रोग, त्वचा संबंधी समस्याओं, पाचन संबंधी विकारों तथा श्वसन संबंधी समस्याओं में मुख्यधारा चिकित्सा के साथ सहायक एवं पूरक भूमिका निभाने की संभावनाओं के लिए अध्ययन का विषय हैं। पंचगव्य थेरेपी, जिसे गोपैथी भी कहा जाता है, आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धति पर आधारित अवधारणा है। इसमें गाय से प्राप्त पांच प्रमुख तत्व दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर का उपयोग विभिन्न औषधीय मिश्रणों, अर्क एवं अन्य उत्पादों के रूप में किया जाता है। योगी सरकार की योजना के तहत गोशालाओं को आधुनिक तकनीक से विकसित कर ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को इससे जोड़ा जाएगा। गांव स्तर पर पंचगव्य आधारित मंजन, मरहम और अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन, विपणन और रोजगार का एक नया आर्थिक चक्र विकसित होगा। इससे न केवल गोशालाओं की उपयोगिता बढ़ेगी, बल्कि गांवों में बड़े पैमाने पर स्वरोजगार और सूक्ष्म उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। गो आधारित उत्पादों की उपलब्धता और विपणन की व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा। प्रदेश में पंचगव्य आधारित उत्पादों को आयुष प्रणाली और वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने की दिशा में कार्य जारी है। पंचगव्य आधारित उत्पादों के संबंध में रोग प्रतिरोधक क्षमता, त्वचा की देखभाल, पाचन सहायता तथा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न संभावित उपयोगों पर भी अध्ययन किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में व्यापक वैज्ञानिक एवं क्लीनिकल अनुसंधान की दिशा में प्रयास किए जा हैं। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि यह मॉडल बड़े स्तर पर लागू किया जा रहा है, जिसके जरिए उत्तर प्रदेश देश में गोपैथी सेंटर का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगा।

# 'एरिया ऑफिसर ऐप' से होगा शिकायतों का डिजिटल निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

- शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए प्रदेश सरकार का निर्णय
- मौके की फोटो और जियो-टैगिंग के साथ शत-प्रतिशत डिजिटल निरीक्षण अनिवार्य

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग से सम्बन्धित समस्याओं व शिकायतो के त्वरित व तात्कालिक समाधान की आवश्यकता पर बल दिया है। वीबी-जीरामजी (मनरेगा) योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों की निगरानी और शिकायतों के समाधान को लेकर विभाग द्वारा अहम कदम उठाया गया है। अब मनरेगा से सबंधित सभी शिकायतों की जांच और स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से 'एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन' से किया जाएगा।

त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली हर शिकायत का निस्तारण तय समयसीमा के भीतर प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। एरिया ऑफिसर ऐप के उपयोग से न केवल जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि स्थलीय निरीक्षण की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारी को मौके की लाइव फोटो और भौगोलिक स्थिति ऐप पर अपलोड करनी होगी। एरिया ऑफिसर ऐप के लिए तय किए गए लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करना जरूरी होगा।

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीपीजीआरएएम पोर्टल की शिकायतों की जांच में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी जांच अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर ऐप के माध्यम से रिपोर्ट अपलोड करेंगे, जिससे गलत रिपोर्टिंग की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

इस व्यवस्था के लागू होने से मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रगतिशील कार्यों का निरीक्षण सुदृढ़ होगा और ग्रामीण विकास की योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंच सकेगा।

# बिजली कर्मचारियों का अवकाश 31 जुलाई तक रद

**लखनऊ।** मध्यंचल विद्युत वितरण निगम के 19 जिलों के बिजली कर्मचारियों की 31 जुलाई तक छुट्टियों को कैंसिल कर दिया गया है। विभाग ने अवकाश पर गए कर्मचारियों और अधिकारियों को भी वापस बुला लिया है। इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। एमडी रिया केजरीवाल ने बताया कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते बिजली व्यवस्था सूचारू रखने के लिए सभी कर्मचारियों को वापस बुला लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनता को पर्याप्त बिजली आपूर्ति करने के लिए एक सर्कुलर भी जारी किया गया है। एमडी ने कहा किसी कारण से उपखंड अधिकारी स्तर के कर्मचारी और अभियंता को अवकाश की आवश्यकता है तो उसका प्रार्थना पत्र अधिशासी अभियंता, मुख्य अभियंता के द्वारा उनके पास भेजा जाए। एमडी की अनमुति से ही कर्मचारी और अधिकारियों को अवकाश दिया जाएगा। बिना सूचना के अवकाश पर जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। एमडी द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत के मुख्य अभियंताओं को आदेश जारी करके सभी कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल निरस्त करने को कहा गया है।

# देश आर्थिक संकट में, मोदी रील बना रहे : अजय राय

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर देशवासियों को धोखा देने का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों को आर्थिक संकट में डालने का जिम्मेदार ठहराते हुए देशवासियों के हितों और सुरक्षा को विदेशी हाथों गिरवीं रखने का भी आरोप लगाया। प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, वरिष्ठ प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता और अनुसूइया शर्मा उपस्थित रही।

प्रेसवार्ता में अजय राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2014 के समय मोदी के लोगों ने मुझे खरीदने की कोशिश की, मेरा जमीर नही खरीद पाए तो केजरीवाल को वाराणसी में लाकर चुनाव लड़ाया, ये इनका चरित्र है। देश आज आर्थिक संकट में पहुंच गया है इसीलिए 10 साल सत्ता में रहने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को सीख दे रहे हैं और खुद कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेलोडी टोफी खिला रहे रील बना रहे, प्रधानमंत्री कहते हैं कि सोना मत खरीदो, पेट्रोल - डीजल मत खर्च करो, पेट्रोल टंकियों पर तेल नहीं है, कहते हैं कि विदेश यात्रा मत करो लेकिन खुद विदेश जाकर पिकनिक मना रहे हैं। 10 साल में सैकड़ों विदेश यात्राएं प्रधानमंत्री ने की और देश का पैसा उड़ाया लेकिन उससे देश को क्या मिला।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को बेच रहे हैं, देश की संपत्तियों को बेच रहे हैं और कहा था कि देश नही बिकने दूंगा लेकिन आज देश की नवरत्न कंपनियों को अपने उद्योगपति मित्र को बेच रहे हैं ये गद्दारी नही तो क्या है। उन्होंने कहा कि भाजपा नरेंद्र मोदी की 10 साल की सरकार में 89 पेपर लीक हो गए, इलेक्ट्रोल बांड का हिसाब देशवासियों को क्यों नहीं दे रहे ? अभी हाल में नीट का पेपर लीक हुआ, 23 लाख नौजवानों का भविष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंधेरे में कर दिया है, 89 पेपर लीक कोई सामान्य लीक होना नही ये देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि मेरी छोटी बेटी आस्था जिसने इस परिक्षा की तैयारी की और बताया कि परीक्षा बहुत अच्छा हुआ लेकिन फिर परीक्षा लीक हो गई।

अभी महोबा में एक बेटी का बलात्कार के बाद आग से दागा गया, नौजवानों पर टिप्पणी की जा रही काकरोच कहा जा रहा लेकिन प्रधानमंत्री के मुंह से एक शब्द नही निकलता।

अजय राय ने शिक्षा के मंदिर विश्वविद्यालयों के संघीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालयों को बर्बाद किया जा रहा है, जो शिक्षा के मंदिर होते थे वहां अब कुलपति और प्रोफेसर बनने के लिए शैक्षिक योग्यता नही पूछी जाती बल्कि यह पूछा जाता है कि संघ की आयु कितनी है। उसी क्रम में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय जिसे मदन मोहन मालवीय ने काशी नरेश और हजारों लोगों से सहयोग मदद मांगकर बनाया, विश्वस्तरीय शिक्षा का केंद्र बनाया उसे भाजपा बर्बाद करने पर तुली है, बीएचयू को संघ का बड़ा अड्डा बना दिया।

# प्रदेश में स्मार्ट होगी आयुर्वेद और होम्योपैथी की पढ़ाई

## 17 आयुष कॉलेजों में संचालित किये जायेंगे 51 स्मार्ट क्लासरूम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने आयुष कॉलेजों के विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास की सौगात देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के 17 आयुर्वेद और होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में 51 स्मार्ट क्लास रूम विकसित किए जाएंगे। इन स्मार्ट क्लासों में अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) का उपयोग किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक और इंटरैक्टिव शिक्षा का अनुभव मिल सकेगा।

आयुष महानिदेशक एवं मिशन निदेशक चैत्रा वी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयुष चिकित्सा शिक्षा को समय की मांग के अनुरूप तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं ताकि विद्यार्थी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल संसाधनों का भी लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि आयुर्वेद और होम्योपैथी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए शिक्षा प्रणाली का आधुनिक होना बेहद जरूरी है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप आयुष कॉलेज में स्मार्ट क्लास रूम संचालित की जाएंगी। इनमें इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल (आईएफपी), ऑडियो-वीडियो सिस्टम और डिजिटल लर्निंग टूल्स का उपयोग किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को डिजिटल सहयोग आधारित शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही रियल टाइम इंटरएक्शन, मल्टीमीडिया कंटेंट और ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। आयुष महानिदेशक ने बताया कि स्मार्ट क्लास रूम को 17 आयुष कॉलेजों में स्थापित किया जाएगा। इनमें राज्य होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, गाजीपुर, मुरादाबाद, आजमगढ़, गोरखपुर और अलीगढ़ शामिल हैं। इसके साथ ही आयुर्वेदिक संस्थानों में लखनऊ, पीलीभीत, बरेली, मुजफ्फरनगर, बांदा, झांसी, प्रयागराज और वाराणसी के कॉलेजों को स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किये जाएंगे।

इन सभी संस्थानों में कुल 51 स्मार्ट क्लासरूम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए कार्यदायी संस्था के रूप में यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को नामित किया गया है। इन स्मार्ट क्लासों के माध्यम से आयुष छात्रों को 21वीं सदी की आवश्यक डिजिटल स्किल्स से लैस किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में नवाचार, शोध क्षमता और पेशेवर दक्षता का विकास होगा। स्मार्ट क्लासरूम केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यह आयुष शिक्षा को रिसर्च और इनोवेशन से जोड़ने का माध्यम भी बनेंगे। लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) की मदद से सभी आयुष संस्थानों के लिए एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। इससे शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

एलएमएस के माध्यम से अध्ययन सामग्री, असाइनमेंट, ऑनलाइन लेक्चर और प्रगति रिपोर्ट एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके अलावा एलएमएस के जरिए डिजिटल कंटेंट रिपॉजिटरी भी तैयार की जाएगी, जिससे विद्यार्थी कहीं भी और कभी भी अध्ययन सामग्री तक पहुंच सकेंगे। इससे शिक्षण संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और विभिन्न संस्थानों के बीच ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया भी मजबूत होगी।

# बुलडोजर का आतंक लोकतंत्र विरोधी है : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित, कहा सपा मुनाफाखोरी के खिलाफ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सस्ती लोकप्रियता के लिए सत्ता का दुरूपयोग लोकतंत्र के विरूद्ध है। भाजपा निदोषों के साथ अन्याय को अपनी सफलता मानती है। बेसहारों के घरों को तोड़ना और लोगों को उजाड़ने को भाजपा अपनी ताकत समझती है। बुलडोजर का आतंक लोकतंत्र के खिलाफ है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में विभिन्न जिलों से आये नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सरकारों को संवेदनशील और मानवीय आचरण करना चाहिए। राज्य की ताकत का गलत प्रयोग लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के खिलाफ है। सरकारों की नैतिक और विधिक जिम्मेदारी होती है, किसी भी व्यक्ति के घरों को तब तक बचाना जब तक वैकल्पिक व्यवस्था न हो जाय। किसी को झूठे मुकदमों में फंसाना और बिना कारण फर्जी मुठभेड़ की आड़ में गोली का दुरूपयोग अनुचित है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर समेत हर चीज की कीमतें बेतहाशा बढ़ रही हैं। भाजपा सरकार मंहगाई रोकने में विफल है। सरकार पूंजीपतियों को मुनाफा करा रही है। भाजपा ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। सपा मुनाफाखोरी के खिलाफ है। महंगाई रोकने के लिए सपा दाम बांधो नीति को लेकर प्रतिबद्ध है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण को छीन रही है। पीडीए को धोखा दे रही है। भाजपा ने सत्ता के अंहकार में गरीबों को पीड़ा पहुंचाई हैं लोगों को अपमानित किया है। किसान, नौजवान, दुखी हैं। पीड़ित, दुखी लोग भाजपा के विरोध में है। भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए जनता ने तय कर लिया है। विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। बिजली को लेकर पूरे प्रदेश में हाहाकार है। जनता सड़कों पर है। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। भाजपा बिजली मंहगी कर जनता की जेब काटी। प्रदेश में खाद का अभाव है। किसानों को समय पर खाद बीज, पानी नहीं मिल रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता सपा की सरकार ला रही है। सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता और नेता बूथों पर सतर्क रहें। भाजपा से सावधान रहकर जमीन पर कार्य करें। जनता तैयार है। भाजपा की पराजय तय है। समाजवादी सरकार में दवाई, पढ़ाई सस्ती होगी। किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य मिलेगा। नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा। सबके साथ न्याय होगा। सबका सम्मान होगा। इस अवसर पर सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल समेत अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहें।

# प्रो. जेपी पाण्डेय फिर बने एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति

## राज्यपाल के आदेश के अनुसार नियुक्ति से तीन वर्षों तक रहेंगे कुलपति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के कुलपति के रूप एक बार फिर कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय को कार्यभार सौंपा गया है। राजभवन की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रो. जेपी पाण्डेय नियुक्ति की तिथि से तीन वर्षों तक कुलपति रहेंगे। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने इस आशय से संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

प्रो. जेपी पाण्डेय के पहले कार्यकाल में एकेटीयू ने हासिल की नई उंचाईयां

कुलपति के रूप में प्रो. जेपी पाण्डेय ने अपने पहले कार्यकाल में विश्वविद्यालय को नई उंचाईयों पर पहुंचाया है। एक ओर जहां शैक्षणिक गुणवत्ता को प्राथमिकता दी तो छात्रों को रोजगार के हर अवसर उपलब्ध कराने की पहल की। शोध, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठाये। तकनीकी शिक्षा को समाजोन्मुखी बनाने पर जोर दिया ताकि शोध और नवाचार का सीधा फायदा समाज को मिल सके। प्रो. जेपी पाण्डेय के नेतृत्व में 25 वर्षों के इतिहास में विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक रूप से पहली बार नैक से ग्रेडिंग प्राप्त की। पहले ही प्रयास में विश्वविद्यालय को नैक से ए प्लस की उत्कृष्ट ग्रेडिंग मिली। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा में लंबी छलांग लगायी। इससे न केवल विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ी बल्कि आने वाले समय में यहां कई तरह की सुविधाओं के लिए राह भी खुली।

कुलपति के रूप में प्रो. जेपी पाण्डेय ने कई ऐसे कदम उठाये जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। मसलन विश्वविद्यालय परिसर में पहली बार अन्तर्विषयी बीटेक पाठ्यक्रम शुरू कराया। नई और उभरती तकनीकी आधारित पांच ब्रांचों में बीटेक पाठ्यक्रम न केवल रोजगारपरक हैं बल्कि इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप भी हैं। पहले ही वर्ष में बीटेक इन एआई, एमएल, वीएलएसआई को लेकर छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। इसके अलावा कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तेजी से लागू करने का कार्य कर रहा है।

छात्रों को स्किल्ड बनने के लिए किये अभूतपूर्व कार्य

साथ ही छात्रों को स्किल्ड बनाने पर कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने जोर दिया है। इसके लिए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की और उद्योगों के साथ मिलकर प्रशिक्षण, कार्यशाला आदि कार्यक्रम नियमित कराये गये हैं। परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के छात्रों को बड़ी एवं प्रतिष्ठित कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट के जरिये नौकरी मिली है। वर्तमान समय की जरूरत को देखते हुए छात्रों को नौकरी के साथ ही नवाचार एवं उद्यमिता की ओर अग्रसर करने के लिए इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाये गये हैं। इस दिशा में प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देश पर वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित किया जा रहा है।

### छात्रों को स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड देने की बनायी परंपरा

दीक्षांत समारोह में छात्रों को स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड देने की परंपरा भी प्रो. जेपी पाण्डेय ने शुरू करायी है। इस मुहिम को और प्रभावी बनाने के लिए फैकल्टी स्टूडेंट स्टार्टअप पॉलिसी भी लागू की गयी है। विश्वविद्यालय में नये प्रयोगों, नवाचार, अनुसंधान को मान्यता देने के लिए कलाम पेटेंट सेंटर भी स्थापित किया गया है।

### प्रो. जेपी पाण्डेय के प्रयासों से प्राप्त हुई प्रदेश की पहली इंफोसिस मेकर्स लैब

किसी भी शैक्षणिक संस्थान की गुणवत्ता तीन चीजों शिक्षक, लैब और लाइब्रेरी पर निर्भर करती है। इस मामले में विश्वविद्यालय को प्रो. जेपी पाण्डेय के प्रयासों से प्रदेश की पहली इंफोसिस मेकर्स लैब प्राप्त हुई है। शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भी प्रो. जेपी पाण्डेय ने कदम उठाये हैं। विश्वविद्यालय की विश्वेसरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम को 25 छात्रों से बढ़ाकर 50 की गयी है।

### बीते तीन वर्षों में कई संस्थानों से हुए एमओयू

शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रो. जेपी पाण्डेय के नेतृत्व में पिछले तीन सालों में देश एवं विदेश के कई संस्थानों से एमओयू किया गया है। प्रो. जेपी पाण्डेय ने अपने कार्यकाल में एक ओर जहां शैक्षणिक सुधारों पर कार्य किया तो कर्मचारी कल्याण में भी महत्वपूर्ण फैसले किये। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को 10 लाख तक के कैशलेस इलाज की योजना का लाभ दिया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में टीम भावना, फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक खेल प्रतियोगिता की परंपरा को भी शुरू कराया है।

**फिर बतौर कुलपति कार्यभार संभालने पर दी गयी बधाई, प्रो. पाण्डेय ने बतायी प्राथमिकताएं :** एक बार फिर कुलपति के रूप में कार्यभार संभालने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें नयी पारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रो. जेपी पाण्डेय ने अगले तीन वर्षों में विश्वविद्यालय के लिए किये जाने वाले अपनी प्राथमिकताओं को बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे। छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा देने पर जोर होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को नई उभरती तकनीकी के क्षेत्र में पहचान दिलाने के लिए योजनाएं बनायी जाएंगी। विश्वविद्यालय को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के रूप में विकसित करने पर जोर रहेगा। साथ ही विभिन्न तकनीकियों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने पर कार्य किया जाएगा। छात्रों को स्किल्ड बनाना प्राथमिकता में है इसलिए विश्वविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट का सेंटर भी बनाने की दिशा में जरूरी कदम उठाये जाएंगे।

# राजस्व विभाग में मचा हड़कंप

## शिकायत पर खुद पहुंचे डीएम, लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जन समस्याओं के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन लगातार एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। ग्राम सोनखर, तहसील बांसी निवासी इबारत अली पुत्र मो. इन्द्रीश की शिकायत पर जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर पूरे प्रकरण का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया था कि धारा 24 के अंतर्गत पैमाइश की कार्रवाई पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से लंबित है तथा राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल द्वारा लगातार गुमराह किया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती को निर्देशित किया कि संबंधित राजस्व निरीक्षक से स्पष्टीकरण लिया जाए तथा लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि शिकायतकर्ता का नाम खतौनी में दर्ज नहीं है और अन्य काश्तकारों के गाटों की पैमाइश कराने हेतु प्रार्थना-पत्र दिया गया था। हालांकि अन्य काश्तकार पैमाइश के लिए तैयार नहीं हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि मामला आबादी भूमि से जुड़ा हुआ है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी बांसी को निर्देश दिया कि मामले का पारदर्शी तरीके से शीघ्र निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती की कार्यशैली और तत्परता भी चर्चा का विषय रही। उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाते हुए पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई तथा शिकायत के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। प्रशासन की सक्रियता से क्षेत्रीय जनता में भरोसा और संतोष का माहौल देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी डॉ. अभिषेक महाजन की संयुक्त कार्रवाई, पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा व व्यवस्था का लिया जायजा

सिद्धार्थनगर। जनसुरक्षा, यातायात नियमों के पालन और पेट्रोल पंपों पर पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रांतर्गत भारत पेट्रोल पंप तथा इंडियन पेट्रोल पंप मधुकरपुर का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संचालकों को निर्देशित किया कि ईंधन वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारु, पारदर्शी और नियमानुसार संचालित की जाए। अधिकारियों ने विशेष रूप से ह्लनो हेलमेट, नो फ्यूलह्व अभियान का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़े और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि बिना हेलमेट आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन करने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी जांची गई और निर्देशित किया गया कि सभी कैमरे हर समय सक्रिय अवस्था में रहें, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। इसके अतिरिक्त अधिकारियों ने अग्निशमन उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण कर आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का भी जायजा लिया। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डिब्बों में पेट्रोल की बिक्री न की जाए तथा ईंधन वितरण पूरी तरह निर्धारित नियमों के अनुसार ही कराया जाए। प्रशासन की इस सख्त एवं सक्रिय कार्यशैली से पेट्रोल पंप संचालकों में जिम्मेदारी का भाव और आमजन में सुरक्षा के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

### संक्षेप

## वांछित धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने आपराधिक मुकदमें मे कोर्ट द्वारा वांछित को दबोचकर जेल भेज दिया है। थाने के दरोगा घनश्याम यादव गुरूवार को पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के रेवली निवासी मान सिंह उर्फ सौरभ सिंह पुत्र उदयभान सिंह को पुलिस ने मुकदमे मे वांछित होने के कारण घर के पास से हिरासत मे ले लिया। दोपहर बाद पुलिस ने वांछित आरोपी को जेल भेज दिया।

## अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

प्रतापगढ़। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे मुरली अमावां निवासी हरकेश कुमार मिश्र के पुत्र सुनील ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस मई को सुबह करीब साढ़े दस बजे वह बाइक से गुड़िया देवी के साथ प्रतापगढ़ जा रहे थे। लीलापुर थाना क्षेत्र के तेलियाही मोड़ पर पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में दोनों को चोटे आयी और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। इलाज के बाद पीड़ित ने घटना को लेकर तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज का केस

प्रतापगढ़। हंसी मजाक मना करने पर चिढ़े आरोपियों ने पीड़ित के साथ गालीगलौज करते हुए उसे मारपीट कर चुटहिल कर दिया। लीलापुर थाने के भिखबोझ धनई निवासी हुबलाल सरोज के पुत्र राकेश सरोज ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस मई को सुबह आठ बजे वह लक्ष्मणपुर से घर वापस आ रहा था। तभी आरोपी दीपक कोरी पुत्र रज्जन कोरी और निखिल कोरी तथा शिवा कोरी पुलिया पर उससे हंसी मजाक करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गालीगलौज की। शोर मचाने पर आरोपियों द्वारा मारपीट करते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों दीपक समेत तीन के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है।

## एसडीएम से पीड़ित ने की कार्रवाई की गुहार

प्रतापगढ़। सार्वजनिक रास्ते को बंद करने से हो रही कठिनाई को लेकर पीडित ने एसडीएम से कार्रवाई की गुहार की है। लालगंज थाना के भकरा रामपुर निवासी ओम नारायण मिश्र ने गुरूवार को एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के कुछ दबंगो द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अवैध निर्माण के जरिए अतिक्रमण कर लिया गया है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि इससे गांव के कई लोगों को कठिनाई हो रही है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व लालगंज कोतवाल को मौके पर जांच कर समाधान कराए जाने के निर्देश दिये हैं।

## शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच

बंकी, बाराबंकी। नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त 3 शिकायती प्रार्थना पत्रो की जांच कर अवैध अतिक्रमण को हटवाते हुये जुमार्ना लगाया। ई0ओ ने वार्ड संख्या 5 मे तालाब किनारे गाय का गोबर रख अवैध अतिक्रमण को हटवाया। तथा अवैध कनेक्शन को तत्काल कटवाते हुये सम्बधित से 5000 रुपये जुमार्ना वसूला।

# शंकराचार्य जी का होगा भव्य स्वागत, बाधा के हर प्रयास का मिलेगा मुंहतोड़ जवाब

प्रतापगढ़। बदरिका आश्रम के जगतगुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के आज शुक्रवार को लालगंज क्षेत्र में आगमन को लेकर गुरूवार को आयोजकों द्वारा स्वागत सत्कार की रूपरेखा पर मंथन जारी दिखा। वहीं लालगंज के हरिहरमंदिरम स्थित परमानंद आश्रम में श्री शंकराचार्य के स्वागत कार्यक्रमों को लेकर श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा अभियान समिति की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने लालगंज क्षेत्र के भटनी स्वामी करपात्री जन्मस्थली में श्री शंकराचार्य के कार्यक्रम को लेकर स्पष्ट किया कि अभिनंदन यात्रा में किसी ने अव्यवस्था उत्पन्न करने का प्रयास किया तो इसके विपरीत परिणाम होंगे। उन्होने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद जी प्रतापगढ़ के गौरव हैं और ऐसे में उनके स्वागत में किसी भी संकुचित सोच को बर्दास्त नही किया जा सकता। उन्होने जनपद प्रशासन व सरकार से कहा है कि वह शांति व्यवस्था सुनिश्चित करे अन्यथा की स्थिति में उत्पन्न परिणाम के लिए प्रशासन उत्तरदायी होगा। बैठक का संचालन सह संयोजक अनिल त्रिपाठी महेश ने किया।

वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व उपाध्यक्ष नामवर सिंह तथा महामंत्री शिवरंजन यादव की अगुवाई में तहसील गेट पर अधिवक्ताओं द्वारा शंकराचार्य जी का स्वागत किया जाएगा। इसके पहले रानीगंज कैथौला बाजार में पप्पू तिवारी के संयोजन में शंकराचार्य जी का स्वागत होगा। लालगंज के हनुमत निकेतन धाम में हुई बैठक में व्यवस्थापक ब्रजघोष ओझा, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, रामलखन जायसवाल आदि ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के सम्मान कार्यक्रम की रूपरेखा पर मंथन किया।

# जिला अस्पताल में निःशुल्क प्याउ शुरू



श्रावस्ती। बढ़ती गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए संयुक्त जिला अस्पताल परिसर में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा निःशुल्क प्याउ की शुरूआत की गई। इसका उद्घाटन सोसाइटी की अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी श्रीमती अन्नपूर्णा गर्ग ने फीता काटकर तथा जल सेवा कर किया। जिलाधिकारी श्रीमती अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि तेज गर्मी में शरीर को निर्जलीकरण से बचाने के लिए पर्याप्त पानी पीना जरूरी है। लोग अक्सर काम में व्यस्त रहने के कारण पानी पीना टाल देते हैं, जो नुकसानदायक साबित होता है। इसी उद्देश्य से रेडक्रास के माध्यम से अस्पताल में प्याउ संचालित किया गया है ताकि मरीजों और तीमारदारों को आसानी से पेयजल मिल सके। उन्होंने बताया कि यहां गुड़ और ओआरएस पैकेट की भी व्यवस्था की गई है, जिससे जरूरत पड़ने पर लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्याउ लोगों को समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करेगा और हीटवेव के दुष्प्रभाव से बचाने में सहायक होगा।

जिलाधिकारी ने सभी सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों, व्यापारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, नर्सिंग होम संचालकों तथा अन्य संस्थाओं से सार्वजनिक प्याउ शुरू करने की अपील की। उन्होंने आम नागरिकों से भी प्रशासन का सहयोग करने को कहा।

रेडक्रास सचिव एवं आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि 15 और 16 जून तक तापमान में वृद्धि तथा हीटवेव की संभावना है। इसे देखते हुए नागरिकों को बचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह रेडक्रास का पहला प्याउ है और जल्द ही प्रमुख स्थानों पर भी प्याउ शुरू किए जाएंगे। नगर निकाय और पंचायत विभाग भी लोगों एवं जीव-जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

कार्यक्रम में प्रभारी सीएमएस डॉ सुनील चौधरी, रवि कुमार मिश्र, अरविंद पाठक, कपिल शुक्ला, जीसी पाठक, शिवप्रकाश यादव और सरोजिनी चौहान मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को त्रिलोकपुर पुलिस ने दबोचा

सिद्धार्थनगर/त्रिलोकपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक कुमार महाजन के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त अमन उर्फ हसीब पुत्र हमीद निवासी आजाद नगर, थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को चिताही तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त थाना त्रिलोकपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 66/2026 धारा 64(2), 137(2) बीएनएस में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इशान्शु श्रीवास्तव एवं आरक्षी सागर जायसवाल शामिल रहे।

## युवक डूबा

बाराबंकी। विकासखण्ड पूरेडलई स्थित ग्राम उमरहरा के पास घाघरा नदी में नहाने गया युवक ग्राम रानीमऊ निवासी आयुष सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह डूब गया। जिसके बाद से गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है। युवक अकेले ही घाघरा नदी में नहाने गया था। नहाते समय गहरे पानी में जाने के दौरान डूब गया।

# लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। शहीद प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर यहां विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वर्चुअल संबोधन में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की सम्प्रभुता की हिफाजत में आतंकवाद को समाप्त करने के लिए राजीव गांधी का बलिदान देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होने कहा कि देश को युवा मताधिकार, पंचायतीराज सशक्तीकरण व संचार क्रांति के साथ राजीव गांधी ने मजबूत ढ़ांचा प्रदान किया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सूचना के अधिकार कानून लागू कर राजीव गांधी ने देश में पारदर्शिता की भी संकल्पना को साकार बनाया। वर्चुअल संबोधन में विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि निकायों, पंचायतों तथा निगमों में महिलाओं को तैतीस प्रतिशत आरक्षण का कानून पारित कराकर राजीव गांधी ने सशक्तीकरण को सही मायने में मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संयोजन प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने किया। आभार प्रदर्शन पप्पू तिवारी ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा हुआ। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश, संतोष पाण्डेय, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, संतोष सिंह, सिंटू मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, प्रमोद तिवारी, अनन्त प्रसाद तिवारी, अतुल मिश्र चंदन, पवन पाण्डेय, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय आदि रहे।

## मिशन शक्ति-5 के तहत महिलाओं को किया जागरूक

श्रावस्ती। राहुल भाटी के निर्देशन में श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के दूसरे चरण के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कर रहे हैं।

शक्ति मोबाइल टीम ने स्कूलों, गांवों, कस्बों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। चौपाल और संवाद कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्हें ह्लशक्ति दीदीह्व बनकर निडरता से अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि किसी को भी ओटीपी साझा न करें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और किसी भी ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध लिंक की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। पुलिस टीम ने महिलाओं को यूपीकॉपी ऐप, सीसीटीएनएस प्रणाली तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। जनपद के सभी थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क की जानकारी देकर जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाओं को तुरंत सहायता मिल सके।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा



बाराबंकी। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, स्व0 राजीव गांधी इक्कीसवीं सदी के योद्धा, संचार क्रान्ति के नायक थे। जिस प्रकार इतनी कम उम्र में भारत जैसे विशाल देश के प्रधानमंत्री बनकर उन्होने देश के विकास को उन बुलन्दियों तक ले जाने का कार्य किया वह आज भी प्रेरणादायक है। उन्हें इतिहास के पन्नों में हमेशा हमेशा याद रक्खा जायेगा। उक्त उद्गार ओबरी स्थित सांसद आवास, हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज पर उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे काग्रेंस सांसद तनुज पुनिया ने व्यक्त किये। सांसद श्री पुनिया ने कहा कि राजीव गांधी के बलिदान और देश के प्रति उनके योगदान को पूरा भारत 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाता है। स्वर्गीय गांधी जी को आधुनिक भारत का शिल्पकार कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी आईटी क्रांति का जनक माना जाता है। देश में तकनीकी विकास और युवाओं को नई दिशा देने में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि अर्पित जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजेंद्र वर्मा फोटोवाला, मोइनुद्दीन अंसारी, रमेश कश्यप, अखिलेश वमा, उमानाथ शुक्ला, डॉ0 दिनेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने की सुपरवाइजर, प्रगणकों के साथ बैठक

बंकी, बाराबंकी। जनगणना 2027 की तैयारियो को लेकर नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने नगर पंचायत बंकी सभागार मे समस्त सुपरवाइजर व प्रगणको के साथ बैठक की। बैठक मे अधिशासी अधिकारी ने जनगणना कार्य की रूपरेखा, जिम्मेदारियों एंव कार्य प्रणाली पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक मे अधिशासी अधिकारी श्रीमती केसरवानी ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं परियोजनाओं का आधार होती है। इसलिए इससे जुडे प्रत्येक अधिकारी एंव कर्मचारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होने सभी सुपरवाइजरों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर निर्धारित समयावधि में जनगणना सम्बन्धी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# राष्ट्रीय लोकदल ने की समीक्षा बैठक

## विस चुनाव 2027 की बनायी चुनावी रणनीति

श्रावस्ती। राष्ट्रीय लोकदल की ओर से गुरुवार को भिनगा स्थित कैंप कार्यालय सिविल लाइन में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष पीके पाठक मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत मिश्रा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की एनडीए सरकार ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयासह्व के मंत्र के साथ जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भिनगा विधानसभा सीट पर वर्ष 2002 से एनडीए को जीत नहीं मिल सकी है, इसलिए इस विषय पर गंभीरता से मंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भिनगा सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिले, इसके लिए शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी चुनाव में एनडीए गठबंधन से राष्ट्रीय लोकदल का प्रत्याशी मैदान में उतरेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष पीके पाठक ने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष राजकुमार ओझा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं तथा आने वाले चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। प्रदेश सचिव सैय्यद अली शाह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज बनकर लगातार जनहित के मुद्दे उठाता रहा है। जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और सभी कार्यकताओं को अभी से चुनाव की तैयारियों में जुट जाना चाहिए। बैठक में जिला सचिव हरि राम भार्गव, लालजी प्रधान महरी, ननकऊ प्रसाद, ओम प्रकाश प्रधान पतिझिया, जुग्गी लाल, बबलू गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के साथ बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक मे जिलाधिकारी ने चिकित्सकों के वेतन एवं आशा कार्यकताओं के मानदेय भुगतान सुनिश्चित किये जाने, प्रत्येक माह की 10 तारीख से पूर्व सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने, सभी सब सेंटरों पर स्वास्थ्य कार्मिक अनिवार्य रूप से उपस्थित तथा उनकी उपस्थिति का नियमित सत्यापन कराये जाने, आयुष्मान कार्ड निर्माण में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर शेष पात्र लाभार्थियों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों के कार्ड बनवाये जाने, टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाये जाने तथा निक्षय मित्र अभियान से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने को लेकर निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान विकास खंड हैदरगढ़ एवं सिद्धौर में निर्धारित अवधि में बैठक आयोजित न होने पर संबंधित अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं की संख्या, उनके रिस्पॉन्स टाइम एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करते हुये एम्बुलेंस हॉटस्पॉट स्थलों पर उपलब्ध रहने तथा आकस्मिक परिस्थितियों में तत्काल मौके पर पहुंचकर मरीजों को त्वरित सहायता प्रदान करने, स्वास्थ्य केंद्रों पर एक्स-रे सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद एक्स-रे न किये जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त न होने को लेकर सख्त निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सूर्य देव के प्रकोप से मचा हाहाकार, आमजन बेहाल

- बिजली की आंख मिचौली जनपदवासी बेहाल
- कूलर और एसी के सहारे पर टिका जीवन

एस.पी.सिंह परिहार



श्रावस्ती। इतिहास के पन्नों को पलटें तो श्रावस्ती कभी प्रकृति का वह वातानुकूलित वीआईपी सुइट हुआ करती थी, जहां की मखमली हवाओं और प्राकृतिक शीतलता का आनंद लेने स्वयं भगवान बुद्ध पधारे थे। उन्होंने यहां एक-दो नहीं बल्कि पूरे चौबीस चातुर्मास बिताए। पांडवों ने भी अपने अज्ञातवास के दिनों में यहीं सुकून तलाशा, जिसे आज बनीनाथ के नाम से जाना जाता है। माता सीता ने भी वाल्मीकि आश्रम अर्थात वर्तमान सीताद्वार की हरित छांव में वनवास का कठिन समय बिताया था। लेकिन आज की श्रावस्ती को देखकर लगता है कि प्रकृति ने यहां से अपना स्थायी पता बदल लिया है और सूर्यदेव ने जिले को विशेष सौर दंड क्षेत्र घोषित कर दिया है। उधर शासन-प्रशासन भी अपनी पारंपरिक संवेदनशीलता निभाने में पीछे नहीं है। वातानुकूलित कमरों में बैठकर हीट वेव एडवाइजरी जारी कर दी जाती है कि दोपहर में घर से बाहर न निकलें। यह आदेश सुनकर मजदूर, किसान और रिक्शा चालक शायद मुस्कुरा देते होंगे, क्योंकि उनके लिए घर में बैठना उतना ही आसान है जितना किसी मंत्री के लिए बिजली बिल भरना। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन को भ्रम हो कि जिले का हर गरीब नागरिक एसी कमरे में आमरस पीते हुए सिर्फ मनोरंजन के लिए धूप में निकलता है।

ग्रामीण इलाकों की हालत किसी शरणार्थी शिविर से कम नहीं दिखती। खेतों में काम करने वाले मजदूर अब बचे-खुचे पेड़ों और बांस की झाड़ियों के नीचे ऐसे दुबककर बैठते हैं, मानो पृथ्वी की अंतिम ऑक्सीजन बचाने का मिशन चला रहे हों। बाजारों का सन्नाटा इतना भयावह है कि यमराज भी शायद यहां आकर पूछ बैठें—भाई, यहां पहले से कौन ड्यूटी दे रहा है? दुकानदार ग्राहकों से ज्यादा बिजली विभाग के दर्शन की प्रतीक्षा में बैठे हैं। घर-घर का हाल भी विचित्र है। माताएं बच्चों को बाहर खेलने से इस अंदाज में रोक रही हैं, मानो गली में क्रिकेट मैच नहीं बल्कि यमराज की सीधी भर्ती परीक्षा चल रही हो, जहां जरा सी लापरवाही पर सीधा यमलोक में नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। खेतों की स्थिति किसी करुण महाकाव्य से कम नहीं। गन्ना, धान की नर्सरी और सब्जियां सूखी आंखों से किसान की ओर देख रही हैं। किसान कभी आसमान में बादलों की कलाबाजी देखता है, कभी नलकूप की ओर और कभी बिजली विभाग के अधिकारियों का व्हाट्सएप स्टेटस चेक करता है कि शायद कहीं बिजली आ रही हैह्व जैसी दिव्य सूचना मिल जाए। बिजली व्यवस्था का भी अपना अलग ही नाटक चल रहा है।

ट्रांसफार्मर इस तेजी से फुंक रहे हैं मानो उन्होंने भी विभागीय कुव्यवस्था के खिलाफ आत्मदाह आंदोलन छेड़ दिया हो। गांवों में दोपहर को बिजली का गायब हो जाना अब उतना ही स्थायी सत्य बन चुका है जितना चुनावी मौसम में नेताओं के सुनहरे वादे। जिन घरों में किसी तरह पंखा घूम रहा है, वहां के लोग खुद को महानगर का संभ्रांत नागरिक समझकर आत्मगौरव महसूस कर रहे हैं। दरअसल यह केवल मौसम का प्रकोप नहीं, बल्कि तथाकथित विकास का थप्पड़ है। हरियाली, तालाब और बागों को कंक्रीट के जंगलों में बदल दिया गया। लाखों पेड़ों की बलि देकर आधुनिकता के महल खड़े किए गए। आज वही विकास तपती लपटों के रूप में इंसान के चेहरे पर तमाचा मार रहा है।

# जिला बार चुनाव में पड़े 2287 मत

## 78 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदान पेटी में हुआ बंद

**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के वार्षिक चुनाव 2026 के प्रत्याशियों के निर्वाचन हेतु मतदान आज बृहस्पतिवार को मुख्य चुनाव अधिकारी जुबेर अहमद अंसारी, चुनाव अधिकारी मुचकुन्द वर्मा, अपर चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश निगम, मुईनुद्दीन अहमद, शिवशंकर मेहरोत्रा, सहायक चुनाव अधिकारी मुरलीधर त्रिवेदी, अजय श्रीवास्तव, पर्यवेक्षको अनिल अग्निहोत्री, इकबाल राही, अश्विनी कुमार वर्मा, संतोष कुमार सिंह, उमाकांत द्विवेदी, कांशीराम बाबू, राजेश प्रकाश सिंह एंव सहायक चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र मौर्या, अंशुमान सिंह, उमाकांत द्विवेदी, दिनेश सिंह, मनोज सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व मे प्रातः 10 से शुरू हुआ। जंहा अधिवक्ताओं को अपना



सी0ओ0पी व जिला बार एसोसिएशन द्वारा निर्गत पहचान पत्र दिखाने पर ही मतदान करने हेतु प्रवेश दिया गया। मतदान सायं 6 बजें तक शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिला बार के वार्षिक चुनाव में कुल 2488 मतदाताओ ने मतदान करना था। जिसमे से कुल 2287 मतदाताओ ने अपने मत का प्रयोग किया। विभिन्न पदो पर 78 प्रत्याशियों के भाग्य का फैंसला आज मतदान पेटी में बंद हो गया। गौरतलब है कि मतदान परिसर में प्रवेश करने के लिए प्रत्याशियों, मतदान-कर्मियों, विशिष्ट व्यक्तियों, पत्रकारों व प्रेस फोटोग्राफरों के लिए प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई थी। तो वही बुजुर्ग मतदाता हेतु विशेष रुप सें मतदान करने हेतु व्यवस्था को संपादित किया गया। शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न करने के लिए सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा व शातिपूर्ण ढ़ंग से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट जाने वालें मार्ग पर पुलिस द्वारा बेरीकेटिंग की गई। कल शुक्रवार 22 मई को सुबह 9 बजे से वार्षिक चुनाव की मतगणना शुरू होगी।

संक्षेप

## धूमधाम से निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

महुआंवा, गोरखपुर। विकास खंड गगहा के ग्राम सभा डेमुसा के गुप्ता टोला में स्थित डूमरेश्वर महादेव मंदिर पर आज से रुद्र महायज्ञ प्रारंभ हो गया जिसके उपलक्ष्य में आज सुबह छै बजे से सैकड़ों लोगों ने कलश यात्रा में भाग लिया सभी लोगों ने बड़हलगंज के सरयू नदी से जल मिट्टी के घड़े में भरा और पुनः डेमुसा वापस आए और सभी कलश को डोमरेश्वर महादेव मंदिर पर यज्ञ वाले मंडप में रखा यह यज्ञ सत्ताईस मई तक चलेगा। इस यज्ञ की तैयारियां तीन माह पहले से चल रही थी। इस कार्यक्रम के कार्यकर्ता कमलेश गुप्ता, श्रवण गुप्ता, सर्वजीत गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, लालमन गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता सहित पचासों लोग है।

## अभियुक्त गिरफ्तार

सफीपुर, उन्नाव। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजीव कुमार तोमर ने हमराही का0 जितेंद्र नादर, गौरव, रणबीर ने मुखबिर की खास सूचना पर चोरी के मामले में वांछित चल रहे जनपद कानपुर के थाना ग्वालटोली के मोहल्ला अहिराना निवासी आकाश पुत्र महाराजा यादव को सफीपुर-रसूलाबाद मार्ग पर मजार के समीप से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अदद ई रिक्शा बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया।

## समर कैंप का आगाज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल में छः दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया बतौर मुख्य अतिथि चौरी चौरा तहसील के नायब तहसीलदार संजय सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काट कर एवं दीपप्रज्वलन कर किया गया इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन अरविंद त्रिपाठी ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को मौज मस्ती भी करनी जरूरी होती है। इसी लिए कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य आकर्षण पूल पार्टी हॉर्स राइडिंग, स्केटिंग, बास्केटबाल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, पजेल, डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, शूटिंग आदि है जिसमे आज हॉर्स राइडिंग, योगा, एरोबिक, डांस एवं आर्ट एंड क्राफ्ट में बच्चों ने धमाल मचाया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. आर के मिश्रा एवं स्कूल निदेशक तूलिका त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को समर कैंप की बधाई दी।

## 24 मई से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन

भरथना, इटावा। कस्बा के मुहल्ला बृजराज नगर स्थित कैम्ब्रिज मॉन्टेसरी व संस्कृति इंटरनेशनल द्वारा 24 मई से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह 8 दिवसीय समर कैंप बच्चों के लिए मनोरंजन, रचनात्मकता और नई सीख का शानदार मंच बनेगा। कैंप का समय प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक रहेगा। उक्त आशय की जानकारी संस्था निदेशक अंकित यादव ने देते हुए बताया कि समर कैंप में ड्राइंग एवं कलरिंग, हैंडराइटिंग और क्रिएटिव राइटिंग, जीके क्विज, स्पोर्ट्स एवं आउटडोर गेम्स, फन एक्टिविटीज, कुकिंग विदाउट फायर, आर्ट एंड क्राफ्ट, कराटे एवं सेल्फ-डिफेंस, एयर गन शूटिंग, डांस, म्यूजिक और टैलेंट हंट जैसी कई रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र अब्दुल्लाह को उसका आचरण व चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **अब्दुल हक पुत्र स्व. मुमताज अहमद नि.- 4/543, विकास नगर, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित हो कि मेरी एल.आई.सी. पॉलिसी संख्या 218991371 में मेरा घरेलू नाम उशांक रावत (USHANK RAWAT) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम शशांक रावत (SHASHANK RAWAT) दर्ज है। मेरी एल.आई.सी. पॉलिसी में भी मेरा सही नाम दर्ज किया जावे। **शशांक रावत पुत्र श्री सुरजीत रावत नि.- 515क/18, नया बाबा का पुरवा, पेपर मिल रोड, निशातगंज, महानगर, लखनऊ।**

# सीएम योगी ने रामगढ़ताल में की क्रूज की सवारी

## लहरों पर भ्रमण करने के साथ ताल की साफ सफाई का लिया जायजा



गोरखपुर। जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम जनप्रतिनिधियों के साथ नैसर्गिक रामगढ़ताल में लेक क्वीन क्रूज की सवारी की। करीब 25 मिनट तक क्रूज पर सवार होकर मुख्यमंत्री निखरे ताल की लहरों के स्पंदन की आनंदानुभूति करने के साथ गोरखपुर की नई विकसित पहचान को ताल के किनारे उमड़ी भीड़ से महसूस करते रहे। ताल की लहरों पर भ्रमण करने के दौरान सीएम ने इस विशाल प्राकृतिक झील की साफ सफाई का भी जायजा लिया। रामगढ़ताल के कायाकल्प का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। उनके विजन से निखरा-संवारा रामगढ़ताल न केवल नए गोरखपुर की नई पहचान बन चुका है बल्कि इसकी गिनती अब इस अंचल के खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में भी होती है। पर्यटन विकास के साथ यहां बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हुआ है। इस ताल में बड़े महानगरों की तर्ज पर क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी संचालन हो रहा है। साथ ही ताल में वाटर स्पोर्ट्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं ने इसे नेशनल फेम दिला दिया है।

जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में पुरस्कार वितरण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेक क्वीन क्रूज पर पहुंचे। यहां उन्होंने क्रूज की सवारी के बीच ताल की स्वच्छता का भी निरीक्षण किया। उनके साथ कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

## 22 लीटर अवैध शराब सहित दो अभियुक्ता गिरफ्तार



मौरावां (वीओएल)। थाना अंतर्गत अनुराग मिश्र के नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक, पुरवा द्वारा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम गौरी, सरैया बाजार व हिलौली बाजार में छापेमारी के दौरान कुल 22 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम शिवकली पत्नी दद्दई ग्राम गौरी थाना मौरावा कमला पत्नी स्वर्गीय रामनरेश निवासी हिलौली थाना मौरावा आदि रहीं।

## मार्ग चौड़ीकरण का मुद्दा मुख्यमंत्री तक पहुंचा



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। महाराणा प्रताप चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर क्षेत्र के हफीजा बाद से राजेपुर होते हुए बांगरमऊ तक जाने वाले मार्ग को चैड़ा करने के लिए मांगपत्र दिया था। जिसके सन्दर्भ में उन्होंने कहा था कि यह मार्ग करीब चार मीटर चैड़ा है जिसे इस पर लोगों के और वाहनों के आवागमन को सुगम बनाने हेतु करीब आठ मीटर चैड़ा करने तथा उच्चीकरण करने की जरूरत है क्योंकि इस पर दिन रात छोटे बड़े वाहन निकलते हैं। उन्होंने बताया कि उनके दिए पत्र पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## सड़क हादसे में दारोगा सहित युवक घायल



सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र भ्रमण से वापस लौट रहे दरोगा की कार में पिक अप लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी हादसे में उपनिरीक्षक और कार में सवार एक युवक घायल हो गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार बृहस्पतिवार को कार से क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले थे। वापस लौटते समय उनके पूर्व परिचित आसीवन थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी विशाल पुत्र संजय से मुलाकात हो गई वह भी उन्हीं के साथ कार में सवार हो गए। तभी भैंसहा चैराहे पर पहुंचे ही थे तभी सामने से आ रहे पिकअप लोडर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद लोडर भाग खड़ा हुआ। आसपास के लोगों ने कार में फंसे दरोगा और उसके साथी को बाहर निकाल कर सीएचसी सफीपुर भेजा। सूचना पर कोतवाली प्रभारी आईपीएस संचित शर्मा अस्पताल पहुंचे और घायल दरोगा का हाल जाना। डाक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आईपीएस संचित शर्मा ने बताया कि घायल दारोगा का इलाज के लिए भेज कर दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश कर अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पानी की मोटर में करंट आने से युवक की मौत



असोहा (वीओएल)। थाना क्षेत्र के गाँव बहेरिया बुजुर्ग निवासी सचिन 27 पुत्र सुरेंद्र दोपहर में नहाने के समय अचानक मोटर बिगड़ने पर उसका तार सही करने लगा। अचानक मोटर में करंट दौड़ने से सचिन करंट का शिकार हो गया। मौके पर बेसुध अवस्था में गिर गया। जहां से परिजन आनन फानन नवाबगंज स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज लेकर पहुँचे जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा है छोटा भाई अभिषेक, मां सुनीता, पत्नी गीता व उसका 6 वर्ष का बेटा सूर्यांश के सर से पिता का साया उठ गया। परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## मां से मारपीट होने पर दी तहरीर, मामला दर्ज

पाटन उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत घर मे घुस माँ से मारपीट करने पर पुत्र द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गनेशीखेड़ा निवासी गोविन्द पुत्र कन्धई ने तहरीर देकर बताया कि उसकी माँ रामा देवी को मंगलवार रात गाँव के ही रंजीत लोध पुत्र घसिला ने मा-बहन की गंदी गंदी गालियां देकर लात घूसों, डण्डों व कुल्हाड़ी की बटी से पीटा व जान से मारने की धमकी दी। सास ही इसकी पत्नी व इसकी माता ने भी मेरी माँ से मारपीट की। माँ का इलाज जिला अस्पताल उन्नाव में चल रहा है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर व जांच के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अनुशासित सदस्य ही किसी भी संगठन की रीढ़ होते है : प्रदेश महासचिव



चौरीचौरा, गोरखपुर। किसी संगठन के सदस्य ही उसकी रीढ़ होते हैं। संगठन में सदस्यों की संख्या जितनी मजबूत होगी, संगठन उतना ही काफी मजबूत होगा। उक्त बातें पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर तहसील इकाई चौरीचौरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रदेश महासचिव उमाशंकर शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए, संख्या बल के साथ अनुशासन का भी बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि यह संगठन केवल अनुशासन के बल पर ही आज प्रदेश के तमाम जिलों में अपनी शाख कायम किया हुआ है। उन्होंने सभी साथियों से संगठित और अनुशासित रहने की अपील किया। कार्यक्रम में तमाम वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश महासचिव सहित तमाम लोगों ने केक काट कर संगठन का स्थापना दिवस की वर्षगांठ मनाया। तथा एक दूसरे को केक खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने किया।

उक्त अवसर पर विनोद कुमार जायसवाल ओमप्रकाश यादव विनोद कुमार पासवान रामसेवक पासवान कृष्णा कुमार, रजत शुक्ला वसीउलहक सिद्दीकी, केश्वर गौड़, सन्नी निषाद डाक्टर योगेंद्र यादव परमात्मा पाण्डेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सीएम योगी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों को भरपूर प्रोत्साहन : खेल मंत्री

गोरखपुर। जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश हरेक क्षेत्र में विकास की नजीर पेश कर रहा है। सीएम योगी के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों के लिए हर तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर और भरपूर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर हो या फिर खिलाड़ियों के पुरस्कार और उन्हें सरकारी नौकरी देने की बात, मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में ये कार्य सतत जारी हैं। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गोरखपुर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास हो चुका है तो यहां का रामगढ़ताल रोइंग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में जिस रामगढ़ताल की पहचान गंदगी और अपराध से जुड़ी हुई थी, जहां गोलियां चलती थीं, वहां अब सीएम योगी के विजन से रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हो रही हैं। स्वागत संबोधन रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एम. बालाजी मरडप्पा तथा यूपी रोइंग एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं विधायक रानी पक्षालिका सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ. संजय निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कुशीनगर के सांसद विजय दूबे, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, एमएलसी एवं यूपी रोइंग एसोसिएशन के संरक्षक पवन सिंह चौहान, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी आले हैदर, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, यूपी रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा, उपाध्यक्ष राणा राहुल सिंह सहित रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया व यूपी रोइंग एसोसिएशन के कई पदाधिकारी, बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी, अधिकारी व गणमान्यजन मौजूद रहे।



# नहर पुल की ढलान पर पलटी ईंटों से भरी ट्रॉली



जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर निवासी केवल सिंह गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह परिवार के भरण-पोषण के लिए हथठेले पर दुकान लगाकर राजपुर गांव के पास भोगनीपुर रांग नहर पुल पर सामान बेच रहे थे। इसी दौरान एक बड़ा हादसा हो गया।

बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित धौरेरा गांव के पास संचालित एमबी ईंट भट्ठे का ट्रैक्टर-ट्रॉली ईंटें लेकर किसी गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर नहर पुल की ढलान पर पहुंचा, तभी ईंटों से भरी ट्रॉली का पहिया अचानक निकल गया। संतुलन बिगड़ने से ट्रॉली पलट गई और पास में बैठे दुकानदार केवल सिंह ईंटों के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद ईंटों में दबे केवल सिंह को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। घटना क्षेत्र सीमा से जुड़ी होने के कारण जसवंतनगर और बलरई थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर पहुंचाया गया, जहां केंद्र अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने उपचार शुरू किया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर धरवार चैकी पर खड़ा करा दिया है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

## जीजा ने साले का सिर फोड़ा

जसवंतनगर, इटावा। बुधवार देर रात एक एक भट्टे पर काम करने वाले जीजा साले में हुई तकरार ने इतना विकराल रूप ले लिया कि जीजा ने आक्रोश में आकर अपने ही साले का कुल्हाड़ी से सिर फोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जौनई चौकी के करीब स्थित एक ईंट भट्टे पर कार्य करने वाले जिला महोबा ग्राम खरेला के निवासी प्रदीप पुत्र धन प्रसाद बुधवार शाम को ही यहां आए हाथरस में एक अन्य ईंट भट्टे पर काम करने वाले अपने जीजा अभिषेक पुत्र शिव कुमार के आवभगत में लगे हुए थे तभी जीजा साले के बीच किसी बात को लेकर हुई टकरार ने इतना विकराल रूप ले लिया कि जीजा ने आक्रोश में आकर पास में ही रखी कुल्हाड़ी से अपने साले प्रदीप के सिर पर प्रहार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। इकट्ठे हुए अन्य लोगों ने घायल प्रदीप को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया।

# डीएम ने लेखपाल परीक्षा का स्थलीय निरीक्षण किया



इटावा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा जन सहयोगी इंटर कॉलेज एवं मनभावती इण्टर कॉलेज, बसरेहर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश-निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित वितरण-संग्रहण की व्यवस्था का अवलोकन किया। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा कक्षों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदान किए गए। उन्होंने संबंधित केन्द्राधीक्षकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराया जाए तथा परीक्षा अवधि में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन से जुड़े समस्त अधिकारी-कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का भली-भांति निर्वहन सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए।

## नौकरानी ने मालिक के घर से जेवर चुराये, गिरफ्तार

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 20 मई को थाना सिविल लाइन मिशन शक्ति टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि कि संबंधित चोरी की घटना कारित करने वाली महिला, सिंचा देवी हॉस्पिटल कट हाईवे के पास मौजूद है तथा कहीं जाने की फिराक में खड़ी है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर हाईवे रोड कट के पास से अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्ता ने पूछताछ में अपना नाम रूबि पत्नी ज्वाल सिंह कठेरिया निवासी ग्राम नगला उद्दई थाना सिविल लाइन बताया। अभियुक्ता के कब्जे से 76,700 नगद, एक आधार कार्ड एवं 70,000 जमा किए जाने संबंधी लेनदेन रसीद बरामद हुई। बरामदगी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि वह मिथलेश सक्सेना पत्नी ज्ञानेन्द्र मोहन सक्सेना निवासी शिवा कॉलोनी, निकट भूप उत्सव गार्डन थाना सिविल लाइन के घर पर सहायिका के रूप मे घरेलू कार्य करती थी। माह दिसंबर में मैंने घर में रखे चार सोने के कंगन, दो गले के हार, एक मंगल सूत्र, एक सोने की चेन, एक लेडीज अंगूठी तथा एक जोड़ी चांदी की पायल को धीरे-धीरे चोरी कर लिया था तथा चोरी किए गए जेवरातों को सुनारों एवं अन्य राह चलते लोगो को बेच दिया था और बताया कि मेरी इंस्टाग्राम के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हो गई थी, जिसके प्रभाव में आकर मैंने चोरी के जेवरात बेचकर प्राप्त धनराशि को विभिन्न खातों, बारकोड के माध्यम से ट्रांसफर कर दी थी तथा शेष बची धनराशि को लेकर मै दिल्ली जाने की फिराक में थी।

## डेटा आपरेटर पर गिरी गाज, वसूली का वीडियो वायरल

ऊसराहार, इटावा। जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर वसूली का वीडियो वायरल, डेटा ऑपरेटर हिना रिजवी पर गिरी गाज। सीएचसी सरसईनावर से हटाकर जिला मुख्यालय से किया गया संबद्ध, डिप्टी सीएमओ करेंगे मामले की जांच। ताखा के सीएचसी सरसईनावर मे डाटा आपरेटर हिना रिजवी द्वारा जन्म प्रमाण पत्र देने के बदले रूपए लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है 17 मई को खबर प्रकाशित हुई थी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसईनावर में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर हो रही अवैध वसूली के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. सिंह ने प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर डेटा ऑपरेटर हिना रिजवी के खिलाफ कार्रवाई की है। पिछले कुछ दिनों से सरसईनावर सीएचसी में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आने वाले ग्रामीणों से अवैध रूप से पैसों की वसूली को लेकर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान डेटा ऑपरेटर हिना रिजवी द्वारा पीड़ित से जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर खुलेआम पैसे लेने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिख रहा था कि किस तरह सरकारी सेवाओं के नाम पर गरीब जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा था। अखबार ने इस भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए प्रमुखता से खबर छापी थी।

## सपा नेता ने लगाया प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप

इटावा। सपा नेता रेशु चैधरी ने लगाए पृथ्वीपुर प्रधान पर भ्रष्टाचार के आरोप। रेशु चैधरी ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन दिया और उन्होंने बताया कि ब्लॉक बढ़पुरा के ग्राम पंचायत पृथ्वीपुर भौनकपुर के प्रधान अनिल राजपूत से अगर कोई भी शौचालय मांगे तो 2000 रु, अगर कोई कॉलोनी मांगे तो 10000 रु मांग करते है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि-पत्र**

ई-निविदा सूचना संख्याः DYCE-CON-LJN-04-2026 की NIT में Bid Capacity का Clause अपलोड कर दिया गया है। इस सूचना का शुद्धिपत्र http://ireps.gov.in वेबसाइट पर भी लोड कर दिया गया है।

उप मुख्य इंजीनियर / निर्माण-I, मुजाहि / डब्लू-112 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०**

अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

**ई–निविदा सूचना** वि०आ०सं० 1239 दिनांक 21.05.2026

**निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1.17/SE/TECH/JZ/2026–27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के०वी० एवं एल०टी० जानकीपुरम के उपकेन्द्र, साढामऊ, आर०सी०एम०० व रैथा रोड के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 25 अदद वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 39230.00

2.18/SE/TECH/JZ/2026–27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के०वी० एवं एल०टी० जानकीपुरम के उपकेन्द्र, जी०पी०आर०ए०० व इन्टीग्रल के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 16 अदद वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 27860.00

3.19/SE/TECH/JZ/2026–27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के०वी० एवं एल०टी० जानकीपुरम के उपकेन्द्र, आर०सी०एम०, रैथा रोड व न्यू कैम्पस के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 25 अदद वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 19620.00

4.20/SE/TECH/JZ/2026–27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के०वी० एवं एल०टी० जानकीपुरम के उपकेन्द्र, आर०सी०एम०, रैथा रोड व न्यू कैम्पस के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 25 अदद वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 24710.00

5.21/SE/TECH/JZ/2026–27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में 11 के०वी० एवं एल०टी० महानगर के उपकेन्द्र, विकास नगर के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 07 अदद वितरण परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 16340.00

ई–निविदा की अन्तिम तिथिः 06 जून 2026, 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

अधीक्षण अभियन्ता-तकनीकी, गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ

**ई-निविदा सूचना** वि.आ.सं. 1435 दिनांक 15.05.2026

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 11/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों की एफ.आर.पी. फेंसिंग लगाने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 50,800.00
2. 12/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों की वायरमेस फेंसिंग लगाने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 17,000.00
3. 13/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों की प्लिंथ निर्माण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 13,500.00
4. 14/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के उपखण्ड विराज खण्ड क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों की जेम अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 16,500.00
5. 15/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के उपखण्ड विश्वास खण्ड क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों की जेम अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 28,500.00
6. 16/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों हेतु बोरिंग टाईप अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 24,500.00
7. 17/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के विश्वास खण्ड उपखण्ड (पार्ट A) क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों हेतु बोरिंग टाईप अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 45,000.00
8. 18/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के विश्वास खण्ड उपखण्ड (पार्ट B) क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों हेतु बोरिंग टाईप अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 45,000.00
9. 19/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के सुगामऊ उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक लगाने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 37,500.00
10. 20/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वितरण परिवर्तकों की जेम अर्थिंग का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 26,800.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि 06.06.2026 17.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

voiceoflucknow@gmail.com

# बिजली कटौती से परेशान, मचा हंगामा

**तिकुनिया खीरी।** रात में ओवरलोडिंग रोसस्टिंग के चलते बिजली कटौती से परेशान व्यापारी और किसानों ने तिकुनिया पावर हाउस पर पहुंचकर जमकर हंगामा काटा बिजली विभाग मुदार्बाद के नारे लगाए। इस पर बिजली विभाग कर्मचारियों तथा अधिकारियों में अफरा तफरी मच गई। व्यापारियों के गुस्से को शांत करने के लिए अवर अभियंता दिलीप पटेल ने काफी खुशामद की लेकिन व्यापारी उच्च अधिकारी को मौके पर बुलाने के लिए अड़े रहे। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव यादव से वार्ता के बाद उनके आश्वासन पर धरना तीन बजे समाप्त हो गया। गुरुवार को करीब 10 बजे तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल सहित क्षेत्रीय किसानों ने पावर हाउस पहुंचकर बिजली विभाग मुदार्बाद के नारे लगाए व्यापारियों का कहना है रात में भयंकर कटौती बिजली की होने से लोग रात भर जाग रहे हैं जिसके चलते जीवन नारकीय हो गया है जब तक व्यवस्था नहीं सुधारी जाती तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर अवरअभियंता दिलीप पटेल, एसडीओ निशांत, अधिशासी अभियंता राजेश यादव ने पावर हाउस पहुंचकर व्यापारियों को मनाने की काफी कोशिश की पर व्यापारी नहीं माने और उच्च अधिकारियों की मांग करते रहे अंततः विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव यादव से फोन पर आश्वासन के बाद व्यापारियों का धरना 3:00 बजे समाप्त हो गया व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश कुंछल ने कहा शुक्रवार तक समय मांगा गया है अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो शनिवार से आंदोलन और उग्र किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। धरना प्रदर्शन में दिनेश कुंछल, शिशिर गुप्ता, आनंद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अशोक रस्तोगी विवेक जैन, अमित कंछल, सुमित सिंघल, दीपक सिंघल, समाजसेवी बॉबी शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, काकू अग्रवाल, पदम अग्रवाल, वैभव जैन सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## अघोषित कटौती को लेकर मचा हाहाकार

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच अघोषित कटौती ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है जहां लोग रातों में जाग कर सड़क पर बैठने को मजबूर हो रहे हैं। गर्मी से पूर्व विभाग की तैयारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र में रात में महज 2 घंटा बिजली नसीब हो रही है जबकि शहरी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रहा है जिसको लेकर लोगों ने जनप्रतिन दिन से लेकर मुख्यमंत्री को समस्या से अवगत कराया है। गर्मी के बीच बड़ी विद्युत मांग पूरी करने में विभाग बेबस नजर आ रहा है। जर्जर लाइने गर्मी में धोखा दे रही हैं। जिसके चलते पूरी रात बिजली गुल रह रही हैं। वहीं गुणवत्ता हीन ट्रांसफार्मर की आपूर्ति होने के चलते रखते ही फूंक रहे हैं। सरकारी दावा फेल होते देखा जन प्रतिनिधि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अघोषित कटौती को लेकर चिंता व्यक्त की है। वहीं उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर स्थिति सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही है।

## अचानक जनरेटर फट जाने से महिला की मौत

लखीमपुर खीरी। चौकी महेवागंज क्षेत्र में बड़ा हादसा होने से एक महिला की मौत दो लोग घायल हो गए। महेवागंज क्षेत्र में एक कारखाने में चल रहा जनरेटर अचानक फट गया, जिससे उसकी व्हील दो टुकड़ों में उड़ गई। बताया जा रहा है कि व्हील का एक हिस्सा करीब 500 मीटर दूर एक घर की टीन शेड पर जा गिरा। टीन शेड फटने के बाद लोहे का हिस्सा घर में मौजूद महिला पर गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। व्हील का दूसरा हिस्सा लखीमपुर से पलिया जा रही बस पर गिरा। हादसे में बस की छत फट गई और व्हील बस के अंदर जा गिरा, जिससे एक किशोरी और एक युवक घायल हो गए। इसके अलावा कारखाने में काम कर रहा एक कर्मचारी भी घायल हुआ है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है। समाचार लिखें जाने तक महिला के शव की पहचान नहीं हो सकी है।

# बकरीद पर अधिकारियों ने बैठक कर गाइडलाइन का पाठ पढ़ाया

मोहम्मदी खीरी। सर्किल क्षेत्र के पुलिस स्टेशनों पर बकरीद के त्यौहार को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कुबार्नी और नमाज को लेकर सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करने का पाठ पढ़ाया गया है। आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम, सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक उमेश चौरसिया समेत अधिकारियों ने बकरीद के मौके पर ई ओ को साफ सफाई और पानी आपूर्ति बिजली व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं खुले में कुबार्नी और सड़क पर नमाज न पढ़ने और प्रतिबंध पशुओं को लेकर कठोर कार्रवाई करने की बात कही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## विवाहिता ने न्याय न मिलने पर बच्चों समेत आत्महत्या कर लेने की दी धमकी

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला सरैया निवासी एक विवाहिता ने मायके और ससुराल दोनों पक्षों से बेघर किए जाने के बाद अपनी तीन पुत्री को लेकर दर-दर भटक रही है जिसको लेकर उसने अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार कल्याण ट्रस्ट महिला प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मोहल्ला सरैया निवासी उजमा ने दिए शिकायती पत्र में बताया उसका निकाह कुछ वर्ष पहले कस्बा के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा निवासी सिराज के साथ हुआ था। जिससे उसने तीन पुत्रीको को जन्म दिया पुत्र की मनसा पूरी न होते देखा पति समेत ससुराल के लोगों ने मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देकर बच्चों समेत घर से निकाल दिया। जिस पर वह मायके आकर रहने लगी मायके वाले आर्थिक तंगी से जूझने पर उन्होंने पुत्री पर अपनी ससुराल जाने का दबाव बनाया बेबस महिला बच्चों को लेकर अपनी ससुराल दोबारा पहुंचने पर दरवाजा बंद कर लिया जिससे क्षुब्ध होकर महिला ने न्याय न मिलने पर बच्चों समेत मौत को गले लगा लेने की बात कही है।

# जल संरक्षण को लेकर छात्रों ने दिया जागरूकता का संदेश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस प्री कैंपेन के तहत जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में छात्रा आरुषि वर्मा ने ह्यजल ही जीवन हैह्न विषय पर भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि जल का अनावश्यक उपयोग रोकना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण को जरूरी बताया। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जल संरक्षण का अर्थ जल का सावधानीपूर्वक प्रबंधन और उपयोग करना है ताकि भविष्य में स्वच्छ जल की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल में केवल 3.5 प्रतिशत जल ही पीने योग्य है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, पानी के रिसाव को रोकने और जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने पर जोर दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय के बालिका गेट पर प्याऊ लगाकर राहगीरों को शीतल जल पिलाया और सामाजिक सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश, स्काउट गाइड प्रभारी देवेंद्र सिंह, आरती गुप्ता और मनीषा भारती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भुइयां देवी मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं का ई-रिक्शा पलटा, वृद्ध की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भुइयां देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा ई-रिक्शा गुरुवार को तूलमीलगंज गांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी, बहन और तीन वर्षीय नातिन घायल हो गईं। शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी 60 वर्षीय जगन्नाथ अपनी पत्नी सरस्वती, बहन ननुक्की और नातिन सारिका के साथ ई-रिक्शा से महेशपुर रेंज स्थित भुइयां देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में तूलमीलगंज गांव के पास ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया, जिससे सभी लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जगन्नाथ को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## बालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मढेरा में 11 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान सुरेन्द्र के पुत्र प्रियम के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार बालक की हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# चोरी की चेन के साथ महिला व पुरुष को पुलिस ने किया गिरफ्तार



लखीमपुर खीरी। सेठ घाट मंदिर पर सावित्री वट पूजा के दौरान महिलाओं की छीनी गई चैन पुलिस ने की बरामद। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 377/26 धारा चोरी की घटना का खुलाशा करते हुवे अभियुक्त रोहित भार्गव पुत्र कौशल नि0 ग्राम भगवन्तपुर थाना कमलापुर जिला सीतापुर के पास चोरी की सोने की चैन बरामद की गई हैं।मु0अ0सं0 380/26 में अभियुक्ता शैल कुमारी पत्नी कपिल उर्फ राज कुमार पासी निवासी ग्राम भगवन्तपुर थाना रामपुर कलां जनपद सीतापुर के पास एक पैंडल ( हार ) पीली धातु ( सोना ) संबंधित मु0अ0सं0 377/26 धारा 303( 2 ) बी एन एस, के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाल सदर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्ता शैल कुमारी का पहले से आपराधिक इतिहास रहा हैं। थाना हरगांव सीतापर, थाना पारा जनपद लखनऊ, महमूदाबाद, थाना शारदानगर

में चेन स्नेचिंग के मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक सन्तोष कुमार शुक्ला, धर्मेन्द्र बहादुर सिंह कोतवाली सदर, जिला खीरी का0 अंकेश कुमार कोतवाली सदर सहित आदि शामिल है।

# मेधावियों का मान, 1080 छात्र हुए सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के मोहल्ला तीर्थ स्थित नीलकंठ मैदान में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में नगर के करीब 1080 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रतिभा और युवा उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शरद बाजपेयी, पूर्व चेयरमैन एलडीवी बैंक सुर्जन लाल वर्मा और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि बच्चे ही समाज और देश का भविष्य हैं। शिक्षा वह शक्ति है जो सामान्य परिवार के बच्चों को भी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सामर्थ्य देती है। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान केवल उनका उत्साहवर्धन नहीं बल्कि पूरे समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास है। मुख्य अतिथि अरविन्द गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में अनुशासन, परिश्रम और आगे बढ़ने की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है। वहीं शरद बाजपेयी ने कहा कि शिक्षा और प्रतिभा का सम्मान किसी भी समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होता है। श्याम किशोर अवस्थी ने कार्यक्रम को नगर का अनूठा आयोजन बताते हुए कहा कि इससे अच्छे नागरिकों का निर्माण होगा। विशिष्ट अतिथि मयंक बाजपेयी ने कहा कि पालिकाध्यक्ष लगातार युवाओं और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एक भावुक क्षण तब आया जब सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावी छात्र अंश दीक्षित के आकस्मिक निधन की सूचना मिलने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर महेंद्र त्रिपाठी, विश्वनाथ सिंह, विनोद वर्मा, विनोद स्वर्णकार, संजय अवस्थी, शैलेन्द्र सक्सेना, डॉ. अभिषेक मेहरोत्रा, डॉ. निर्मल सिंह, प्रो. पंकज सिंह, डॉ. कमलेश वर्मा, गणेश शंकर गौतम, अशोक कनौजिया, डॉ. मनोज वर्मा, रामकुमार गौतम, अरुण अवस्थी, डीपी श्रीवास्तव, संजय तिवारी, डॉ. आदर्श दीक्षित, दिनेश कुमार यादव, नानक चन्द्र वर्मा, रज्जन खान, आशीष अवस्थी, सुशील कश्यप, हरिओम वर्मा, रामचंद्र राठौर, गीता विश्वकर्मा और आनंद सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मोहम्मदी खीरी

**संख्या 112 / न.पा.प.मो./अतिअल्पकालीन नि.आ.सू./रा.वि.आ./पालिका निधि/2026-27** **दिनांक 21-05-2026**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से राज्य वित्त आयोग निधि / परिषद निधि से निम्न वर्णित कार्यों के निमित्त दिनांक 01.06.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो तददिनांक को अपरान्ह 03.00 बजे पालिकाध्यक्ष के समक्ष खोली जाएगी। प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत राशि जो एफ०डी०आर० / एन०एस०सी० के रूप में अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक रूप में मान्य हो, संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.05.2026 तक कार्यालय से नकद मूल्य पर प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ 100/- मूल्य का नोटरी स्टाम्प जिसमें यह उल्लिखित हो कि उसकी फर्म काली सूची में दर्ज नहीं है और वह वर्णित कार्यों को करने की अर्हता रखता है, तथा अमुक विभाग / कार्यालय में पंजीकृत है और उसकी अनुज्ञप्ति वैध है। निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार पालिकाध्यक्ष में निहित होगा। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कार्य के निमित्त तैयार बिलों का भुगतान तकनीकी स्वीकृति के पश्चात स्वीकृत दरों पर ही किया जाएगा, जिससे नियमानुसार करों की कटौती की जायेगी। इस निमित्त शासन द्वारा निर्गत एस०ओ०पी० 139/ नौ-9-21-45ज / 21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 एवं 1124/नौ-9-2025/45ज/2021-ई-1749112 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 04 जून 2025 का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | मद/ योजना | कार्य का नाम | आगणन राशि | जमानत राशि | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क जीएसटी 18% | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SFC/BF | इस्लामाबाद पुलिया से फूलचन्द्र के खेत होते हुए श्री फरीद के खेत होते हुए सिटी पैलेस तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 169000 | 3400 | 200+200+72=472 | 7 दिवस |
| 2. | SFC/BF | जीजीआईसी से बारात घर होते हुए इस्लामाबाद एवं बरवर रोड तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 111000 | 2250 | 150+150+54=354 | 7 दिवस |
| 3 | SFC/BF | गुलौली मोड़ से कटियार चक्की तक दोनों साइड नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 93000 | 1900 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 4. | SFC/BF | आबकारी कार्यालय से मेला मैदान रोड होते हुए प्राथमिक विद्यालय तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 84900 | 900 | 50+50+18=118 | 7 दिवस |
| 5. | SFC/BF | दीक्षित मेडिकल स्टोर से एचडीएफसी बैंक होते हुए तालाब तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 185000 | 3700 | 200+200+72=472 | 7 दिवस |
| 6. | SFC/BF | दिनेश गुप्ता से बरूआ ताल तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 86000 | 1750 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 7. | SFC/BF | नीलम टाकीज के पीछे ओमप्रकाश बालमीकि के मकान से सनातन सरस्वती स्कूल के पीछे से नीलम टाकीज तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 42900 | 650 | 50+50+18=118 | 7 दिवस |
| 8. | SFC/BF | पुवायां रोड बैरियर बड़ी पुलिया से गोला रोड की ओर श्री लक्ष्मण गुप्ता की चक्की से आगे तालाब तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 183000 | 3700 | 200+200+72=472 | 7 दिवस |
| 9. | SFC/BF | साकिब मेम्बर के घर के पास सुक्कुतजमा, चीनी के मकान से फरमान के बाग होते हुए पिंदराया झबरी ताल के पास तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई | 190000 | 3800 | 200+200+72=472 | 7 दिवस |
| 10. | SFC/BF | वहीद मेम्बर के मकान से कसौड़ा मस्जिद के पीछे तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 603000 | 12100 | 650+650+234=1534 | 15 दिवस |
| 11 | SFC/BF | युगनिर्माण स्कूल के पीछे से मदरसा पुलिया तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 92000 | 1850 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 12 | SFC/BF | मो० धनेसा बालमीकि द्वार से प्रभात तिवारी के मकान के आगे पुलिया तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 21000 | 450 | 50+50+18=118 | 7 दिवस |
| 13 | SFC/BF | मो० कुम्हारन में धनेसा तालाब में तीन नालों का गिरान फौजी के मकान से मदनलाल त्रिवेदी के मकान से श्री सुन्दरलाल वर्मा के मकान से कहरौला नरमदेश्वर मन्दिर के पास नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 28000 | 600 | 50+50+18=118 | 7 दिवस |
| 14 | SFC/BF | मन्नत मैरिज लॉन के पीछे से महताब गुड़ वाले तक एवं खेतहरा लिंक रोड तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 308000 | 6200 | 350+350+126=826 | 15 दिवस |
| 15 | SFC/BF | मन्नत मैरिज लॉन से धमौला रोड तालाब तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 41000 | 850 | 50+50+18=118 | 7 दिवस |
| 16 | SFC/BF | बरवर रोड से कब्रिस्तान से गुरेला तिराहे तक ह्यूम पाइप तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 60000 | 1200 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 17 | SFC/BF | श्री सुरेन्द्र वकील के मकान से भट्ठा वाला नाला तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 73000 | 1500 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 18 | SFC/BF | श्री आत्माराम की दुकान से पहाड़ी के मकान तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 200000 | 4000 | 200+200+72=472 | 7 दिवस |
| 19 | SFC/BF | बरवर बस अड्डा से गन्ना सोसाइटी तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई | 289300 | 5250 | 300+300+108=708 | 15 दिवस |
| 20 | SFC/BF | बरवर बस अड्डा ब्रम्हदेव आश्रम के सामने से अम्बेडकर चौराहे तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 296600 | 5200 | 300+300+108=708 | 15 दिवस |
| 21 | SFC/BF | बबली गुप्ता की पुलिया से महाराणा प्रताप प्रतिमा तक नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 52000 | 1050 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 22 | SFC/BF | छोटी देवी मन्दिर से कुम्हारों की बस्ती तक तालाब सफाई कार्य | 819400 | 16500 | 850+850+306=2006 | 15 दिवस |
| 23 | SFC/BF | बरवर चौराहे से CHC तक दोनों साइड नाला सफाई एवं कचरा उठवाई कार्य | 205000 | 1250 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 24 | SFC/BF | हुसैनिया इमामबाड़ा के पास 12.50 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत | 66608 | 1350 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 25 | SFC/BF | गुरेला चौराहा पर लगी 16 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत का कार्य | 61311 | 1250 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 26 | SFC/BF | मेला मैदान तिराहा पर लगी 12.50 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत | 157270 | 3150 | 200+200+72=472 | 7 दिवस |
| 27 | SFC/BF | कोतवाली परिसर में लगी 16 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत का कार्य | 54019 | 1100 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 28 | SFC/BF | अशोक चौराहा पर लगी 16 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत का कार्य | 28495 | 600 | 50+50+18=118 | 7 दिवस |
| 29 | SFC/BF | जामा मस्जिद के पास लगी 16 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत का कार्य | 91995 | 1850 | 100+100+36=236 | 7 दिवस |
| 30 | SFC/BF | केशव गैस एजेन्सी के पास लगी 12.50 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत | 171023 | 3450 | 200+200+72=472 | 7 दिवस |
| 31 | SFC/BF | पुराना तेल डिपो के पास लगी 12.50 मीटर ऊँची हाईमास्ट की मरम्मत | 272723 | 5500 | 300+300+108=708 | 15 दिवस |

**अवर अभियन्ता** **अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

संक्षेप

## दुकान पर बैठे मोची को कार ने कुचला, इलाज के दौरान मौत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार शाम सड़क हादसे में एक बुजुर्ग मोची की जान चली गई। कुड़वार थाना क्षेत्र के इस्लामगंज चैराहे के पास अनियंत्रित नई वेन्यू कार की टक्कर से घायल बुजुर्ग ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान धम्मौर थाना क्षेत्र के कचनावा गांव निवासी 60 वर्षीय रामफेर उर्फ कल्लू पुत्र दुखी के रूप में हुई है। वह इस्लामगंज चैराहे के पास सड़क किनारे मोची की दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार शाम करीब सात बजे बिना नंबर की नई वेन्यू कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बैठे रामफेर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रात करीब नौ बजे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चालक रामप्रीत चैहान वाहन मोड़ते समय ब्रेक की जगह गलती से एक्सीलेटर दबा बैठा, जिससे हादसा हो गया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट अभिलेखागार का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित अभिलेखागार का औचक निरीक्षण कर वहां संरक्षित अभिलेखों के रख-रखाव, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संरक्षण, डिजिटलीकरण तथा रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखागार प्रशासनिक कार्यों की महत्वपूर्ण धरोहर हैं, जिनमें संरक्षित दस्तावेज शासन एवं प्रशासन के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। उन्होंने अभिलेखों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में अभिलेखों की उपलब्धता और उपयोग में सुविधा हो सके।

## अवैध कब्जे की शिकायत दुकान हटवाने की मांग

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भदिहा मजरे मऊ निवासी माता फेर ने एसडीएम महराजगंज को प्रार्थना पत्र देकर भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। प्रार्थी ने बताया कि ग्राम मऊ परगना सेमरौता स्थित गाटा संख्या 3575/0.1390 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में उसके नाम दर्ज है तथा वह वर्षों से उक्त भूमि पर कब्जा करता चला आ रहा है। आरोप है कि विपक्षी राम सुमिरन व बाबूलाल निवासी देवी भक्त का पुरवा मजरे मऊ ने भूमि पर लोहे की गुमटी रखकर जबरन कब्जा कर लिया है। प्रार्थी का कहना है कि विपक्षी भविष्य में उसी स्थान पर पक्का निर्माण कराने की तैयारी में हैं, जिससे उसकी भूमि को नुकसान पहुंचा सकता है। मामले को लेकर प्रार्थी ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध कब्जा व दुकान हटवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम महराजगंज से शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# उपेक्षा का शिकार एएनएम सेंटर खंडहर में तब्दील

## लगभग 15 वर्ष पहले लाखों की लागत से हुआ था निर्माण



**परशदेपुर, रायबरेली।** छतोह ब्लाक अंतर्गत बारा ग्राम पंचायत में आज से लगभग डेढ़ दशक (15 वर्ष) पहले बना एएनएम सेंटर आज स्वास्थ्य विभाग की घोर उपेक्षा का शिकार हो गया है। लाखों रुपए की लागत से बनी यह इमारत रखरखाव के अभाव में आज खंडहर में तब्दील हो चुकी है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है।

आज तक यहां की क्षेत्रीय जनता को इस एएनएम सेंटर में न तो किसी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं मिली और न ही इस सेंटर में वर्तमान में कोई गतिविधि संचालित है।

जबकि एएनएम सेंटर के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण, गर्भवती और धात्री महिलाओं को प्राथमिक इलाज,टीकाकरण और सुरक्षित प्रसव जैसी बुनियादी सुविधाएं देने लिए कराया गया था पर अफसोस ये भवन आज स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की उपेक्षा का शिकार हो गया है। बदहाल अवस्था में पड़े एएनएम सेंटर के कारण न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं बल्कि आपात स्थिति में ग्रामीणों को समय से चिकित्सा भी नहीं मिल पाती। खास कर धात्री महिलाएं, गर्भवती और नवजात बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को आवश्यक टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नसीराबाद व डीह जैसे 20 किमी दूर कस्बों में या फिर 35 किमी दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बारा सहित आस पास की लगभग 15 हजार की आबादी आज भी इस बदहाल व खंडहर एएनएम सेंटर की वजह से स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हो रही है।

सबसे खास बात तो यह है कि डेढ़ दशक पहले लाखों रुपए की लागत से इस एएनएम सेंटर का निर्माण लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कराया गया था लेकिन तब से लेकर आज तक इस सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू ही नहीं हो पाई वहीं इस भवन को अब खुद ही स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा जर्जर भी घोषित कर दिया गया है और इसकी मरम्मत के लिए स्वास्थ्य विभाग से बजट की मांग भी की गई है।

स्थानीय कृष्ण कुमार यादव,शरद श्रीवास्तव, छोटू पांडेय,राकेश निर्मल,ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, राकेश पांडेय,आशीष अग्रहरि,रवि मौर्य,धर्मेंद्र यादव,जलकेश कुमार, बबलू यादव, अशोक कुमार आदि ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही पर रोष जताते हुए जल्द ही एएनएम सेंटर की मरम्मत और संचालन की मांग की है।

नसीराबाद के सीएचसी अधीक्षक प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि एएनएम सेंटर की मरम्मत के लिए विभाग को बजट का प्रस्ताव भेजा गया है,जल्द ही एएनएम सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित कराई जाएगी।

# रात में लगातार 5 से 7 घंटे की अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भीषण गर्मी के बीच रात में लगातार 5 से 7 घंटे की अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों का आरोप है कि, दिन में बिजली आपूर्ति सामान्य रहती है, लेकिन रात होते ही कटौती का सिलसिला शुरू हो जाता है। उमस भरी गर्मी और मच्छरों के बीच लोग रात-रात भर जागने को मजबूर हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों का स्वास्थ्य और आम लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

क्षेत्र में बढ़ती बिजली कटौती को लेकर सोशल मीडिया पर सरकार और विद्युत विभाग के खिलाफ लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि दो-चार दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जनता सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी मध्यांचल विद्युत निगम लिमिटेड और प्रदेश सरकार की होगी। क्षेत्रीय उपभोक्ता अमरेश अवस्थी उर्फ रिंकू ने कहा कि, दिन में जब लोग अपने कामकाज में बाहर रहते हैं, तब भरपूर बिजली दी जाती है, लेकिन जैसे ही लोग थक-हारकर घर लौटते हैं, बिजली गायब हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि, रात में लगातार पांच-पांच घंटे बिजली काटी जा रही है और इसके अलावा हर आधे घंटे या एक घंटे पर बार-बार ट्रिपिंग कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि जल्द ही अघोषित कटौती पर रोक नहीं लगी तो हजारों की संख्या में लोग जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं क्षेत्रीय उपभोक्ताओं श्याम भवन सिंह, भोलू सिंह, दिनेश मिश्रा, राहुल साहू, अमरेश कुमार, उमेश कुमार, रणविजय सिंह, हरिहर सिंह, राजेश सिंह, शिवम पाण्डेय, दिलीप सिंह, रामू शुक्ल, राजकुमार शर्मा, देशराज, मुकुल सिंह, राम संजीवन, दयाराम, रितेशद्विवेदी, गुड्डूशर्मा, बाबा राम केवल, धर्मराज रावत, पप्पू मिश्रा, फूला यादव और धर्मेंद्र रावत सहित अनेक लोगों ने आरोप लगाया कि, चंदापुर पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। लोगों का कहना है कि, अधिकारी, कर्मचारी और सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं के प्रति संवेदनहीन हो चुके हैं। भीषण गर्मी में लोग बीमार पड़ रहे हैं, जबकि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। हालांकि मामले में अधिशासी अभियंता विद्युत संदीप कुमार ने बताया कि, भीषण गर्मी के कारण शहरों में बिजली की मांग अत्यधिक बढ़ गई है। इसी वजह से रात के समय अधिक कटौती करनी पड़ रही है।

# आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इफको का प्रशिक्षण कार्यक्रम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम में गुरुवार को इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के प्रभावी उपयोग एवं प्रचार-प्रसार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में आधुनिक, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 35 से अधिक नकद विक्रय केंद्र प्रभारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जे. बी. सिंह ने कहा कि नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। इससे फसल उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ मृदा और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने विक्रय केंद्र प्रभारियों से किसानों तक नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक लाभ पहुंचाने की अपील की। मृदा वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। वहीं कृषि विस्तार वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकांत त्रिपाठी ने टिकाऊ खेती के लिए नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों को आवश्यक बताया। इफको के क्षेत्र अधिकारी सानू शुक्ला ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और ड्रोन तकनीक के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।

## बीएसए-शैक्षिक महासंघ में सकारात्मक वार्ता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रभारी प्रधानाध्यापक तैनाती प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच हुई वार्ता सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। बृहस्पतिवार को महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं और आपत्तियों को रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 20 मई 2026 को जारी पत्र के तहत 21 और 22 मई को सहमति-असहमति पत्र जमा करने की समय सीमा तय की गई है, जबकि वर्तमान में ग्रीष्मावकाश चल रहा है। ऐसे में शिक्षकों को पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। इस पर बीएसए ने भरोसा दिलाया कि सभी पात्र शिक्षकों को पर्याप्त समय दिया जाएगा और किसी के हित प्रभावित नहीं होंगे। महासंघ ने अपर मुख्य सचिव के 14 अक्टूबर 2025 के आदेश का हवाला देते हुए छात्र संख्या के आधार पर तैनाती प्रक्रिया लागू करने और वरिष्ठता के आधार पर रिक्त पदों पर काउंसलिंग कराने की मांग भी उठाई। बीएसए ने इन मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में महामंत्री सतीश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्र, संतोष कुमार सिंह, रीना सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला की हत्या करने के आरोपी को जमानत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** महिला की हत्या करने के मामले में जेल में निरुद्ध लंभुआ कोतवाली के पूरे नथऊ भदैंया निवासी आरोपी जियालाल को कोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अंकुर पांडेय व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपी को जमानत दे दी है। आरोप है कि आबादी की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में आरोपियों ने आठ दिसंबर 2021 को सावित्री की लाठी, डंडा, भाला से मारकर हत्या कर दी थी। मृतका के पति अतिबल ने आरोपी अच्छेलाल, प्रेमचंद्र, शिवम, जियालाल व नितिन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

## नियम विरुद्ध समायोजन से नाराज कनिष्ठ शिक्षकों ने मंत्री दिनेश प्रताप से लगायी गुहार

**रायबरेली।** कनिष्ठ शिक्षकों के नियम विरुद्ध किए जा रहे समायोजन के खिलाफ पीड़ित शिक्षकों ने आज उद्यान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को समायोजन प्रक्रिया में की जा रही विसंगतियों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का आरोप है कि विभाग द्वारा समायोजन में वरिष्ठता नियमों की अनदेखी की जा रही है और कनिष्ठ शिक्षकों को मनमाने तरीके से दूरस्थ विद्यालयों में भेजा



जा रहा है। इससे शिक्षकों के साथ-साथ छात्र हित भी प्रभावित हो रहा है। पीड़ित शिक्षकों ने मंत्री से मांग की कि समायोजन प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमों के अनुरूप कराया जाए। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शिक्षकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और कहा कि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने तत्काल बेसिक शिक्षा अधिकारी को वार्ता के लिए बुलाकर समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रक्रिया में यदि कोई विसंगति पाई गई तो उसे दूर कराया जाएगा। आज के प्रतिनिधिमंडल में क्षमा पाण्डेय, मोनिका पाठक, नसीम, शुभम, ऋषि कुमार, आलोक यादव, अनुराग सहित लगभग 50 की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शिक्षकों ने मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन पर संतोष जताया।

# एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी ने की डीएम व एसपी से की मुलाकात



**रायबरेली।** 66 यूपी बटालियन एनसीसी रायबरेली के कमान अधिकारी कर्नल उदय भानु, एसएम ने जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार से शिष्टाचार भेंट की।

मुलाकात के दौरान नागरिक-सैन्य समन्वय को और अधिक मजबूत करने, संस्थागत सहयोग स्थापित करने तथा रायबरेली जिले में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों के प्रशिक्षण को सुगम बनाने के लिए संयुक्त पहलों की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

कर्नल उदय भानु ने एनसीसी कैडेटों के सर्वांगीण विकास के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कैडेटों के लिए बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं और संयुक्त कार्यक्रमों के आयोजन से जिले के युवाओं को लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने एनसीसी की गतिविधियों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बैठक में जिले में एनसीसी प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने, आपदा प्रबंधन, सामाजिक जागरूकता अभियान और सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में कैडेटों की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

# एनएसपीएस त्रिपुला में शिक्षक कार्यशाला का आयोजन



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों के लिए ह्न कॉम्पिटेंसी बेस्ड एजुकेशन ह्व विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षिका कुमुद निगम ने शिक्षकों को नई शिक्षा पद्धति एवं दक्षता आधारित शिक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों के समग्र विकास, व्यवहारिक ज्ञान तथा सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि विद्यार्थियों में कौशल, रचनात्मकता और समस्या समाधान क्षमता विकसित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ह्न कॉम्पिटेंसी बेस्ड एजुकेशन ह्व विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से नई शिक्षण विधियों को अपनाकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने प्रशिक्षिका एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों के ज्ञान एवं शिक्षण क्षमता को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। इस अवसर पर संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, कामरान, कफील अहमद, रामदेव, विवेक, शाहीन, शिवेंद्र, अर्पणा, पारुल, शिवम्, दिव्यांशी, शिखा, अंशिका, शीबा बानो, साहिल, निशी, पवन, सौम्या, पूजा, गरिमा, गुरमीत, अपर्णा, रुची, दीपशिखा, प्रशांत, मोहित, इंद्रजीत, शेफाली, हिमांशू, दुर्गेश, विशाखा, हेमलता, शिवानी, सरिता, विनय, अमित, दीपांशी, धीरेन्द्र, शगुफ्ता, फिजा, पिंकी, प्रदीप, माधवी, आकांक्षा, जारा, आशीष, प्रिया, विशाल, उम्मुल, रवींद्र, अंजली आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्रद्धा से मना राजीव गांधी का बलिदान दिवस



- कांग्रेसियों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर राजीव को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी का बलिदान दिवस गुरुवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इसके बाद कांग्रेसजन शहर स्थित राजीव गांधी पार्क पहुंचे, जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान राजीव गांधी अमर रहें के नारों के बीच उनके योगदान को याद किया गया। प्रतिमा स्थल पर हवन-पूजन एवं देश की एकता, अखंडता और शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम के समापन पर शांति भोज आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक, संचार क्रांति और युवा सोच की नई दिशा दी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी और पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र ने कहा कि उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गांवों तक लोकतंत्र पहुंचाने का कार्य किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, दिनेश मिश्र, राहुल त्रिपाठी, परमजीत सिंह, विजयपाल, सुब्रत सिंह सनी, बलराम तिवारी, ममनून आलम, आवेश अहमद, दिनेश तिवारी, जाकिर हसन, अवधेश गौतम, गुड्डू जायसवाल, श्याम लगन कोरी, सोहेल अहमद, उमाकांत त्रिपाठी, दीपू उपाध्याय, मनोज तिवारी, मोहित तिवारी, देवेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# शिशु मंदिर के चार आचार्यों का विदाई समारोह हुआ संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में चार आचार्यों के कार्यकाल पूर्ण होने पर सम्मान कर विदाई समारोह का आयोजन प्रबंधक कैलाश वाजपेई के नेतृत्व में किया गया। कार्यकाल पूर्ण होने वाले आचार्यों में राम नारायण सिंह, अशोक यादव, रमेश मिश्रा एवं रामशरण अग्निहोत्री शामिल रहे।



सभी आचार्यों ने अपने कार्यकाल के बीती हुए अनुभवो को सबके सामने रखा एवं विद्यालय में अपने योगदान चर्चा की। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे, कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी, प्रबंधक कैलाश बाजपेई, बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य श्रीमती ममता सिंह ने सभी अवकाश प्राप्त आचार्यों के मंगल मय जीवन की कामना की। विद्यालय के अध्यक्ष केसी गुप्ता एवं बाल कल्याण समिति के प्रबंधक सचिन रस्तोगी ने अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर आचार्यों को सम्मानित किया। आपकी मेहनत एवं तपस्या का परिणाम रहा है कि विद्यालय निरंतर विकास करता रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, राघवेंद्र सूर्यवंशी, लक्ष्मी शंकर गुप्ता, जगदेव सिंह, रमेश बाजपेई, सुरेश सोनी, दिवाकर सिंह, आयुषी दुबे, शालिनी, आर्या श्रीवास्तव, शिवांगी, शालिनी, मनीषा, शिवांस सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# एसजेएस में ऑर्थोडोंटिक्स पर व्याख्यान आयोजित


**रायबरेली।** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध ऑर्थोडोंटिक्स डॉ.श्रेया मिश्रा त्रिवेदी ने स्कूली छात्र-छात्राओं को ऑर्थोडोंटिक्स विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि टेढे-मेढ़े दांत, जबड़े और चेहरे के परेशानियों के शिकार बच्चे अक्सर किसी दूसरे लोगों से मिलने से हिचकिचाते हैं। ऐसे बच्चों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। कार्यक्रम की शुरूवात में एसजेएस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने मुख्य अतिथि डॉ.श्रेया मिश्रा त्रिवेदी का बुके देकर स्वागत किया। डॉ.श्रेया मिश्रा त्रिवेदी ने बच्चों को सम्बोधित करते



हुए कहा कि ऑर्थोडॉन्टिक्स में टेढेमेढ़े अनियमित दांत, जबड़े और चेहरा को ठीक करने की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि टेढे.मेढ़े, अनियमित दांत व जबड़े का मुख्य कारण अनुवांशिकी होता है। इसके साथ ही अगूंठा चूसने, कुपोषण, जीभ के बनावट, गलत ढंग से भोजन करना भी इसकी वजह है। उन्होंने बच्चों की दाँतो से जुड़ी हुई शंकाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने डॉ.श्रेया मिश्रा त्रिवेदी को धन्यवाद देते हुए उन्हें स्कूल की तरफ से एक मोमेंटो भी प्रदान किया। यह जानकारी एसजेएस पब्लिक स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने दी।

# गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने का संकल्प लें सनातन धर्मी

**नसीराबाद, रायबरेली।** गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने और सनातन धर्म के संरक्षण संवर्धन हेतु ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने गुरुवार को विकास खण्ड छतोह क्षेत्र का दौरा किया। ह्यह्यगाविष्ठी (गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्राह्यह्य को लेकर वे गुरुवार को नगर पंचायत नसीराबाद के शिव नगर स्थित शिव मंदिर परिसर में पहुंचे और भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना की। जहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित सनातनधर्म के अनुयायियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में गौ-भक्तों को जागृत होकर गौ-रक्षा हेतु ठोस कदम उठाना होगा। गौमाता को राष्ट्रमाता की प्रतिष्ठा सुनिश्चित कराना, प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक गौधाम की स्थापना तथा हिंदुओं को ह्यगौ मतदाताह्य बनने के लिए प्रेरित करना, प्रत्येक ग्राम और मोहल्ले में पांच गौ वीरों की नियुक्ति कर सुरक्षा तंत्र मजबूत करना, विधानसभा स्तर पर मौजूद गौशालाओं और बूचड़खानों



की वर्तमान स्थिति का सटीक आकलन करना इस यात्रा के मुख्य उद्देश्य हैं। इस मौके पर मौजूद लोगों ने उनका फूलमालाओं और हर हर महादेव के उद्घोष से स्वागत पूजन अभिनंदन किया। सदाशिव पांडेय, कृष्णकांत तिवारी, छवि नाथ यादव, हर प्रसाद तिवारी, करुणा शंकर मोदनवाल, रामशंकर तिवारी, फूल चन्द, लालता प्रसाद शुक्ला, हरनारायण मिश्र, मंगरु पासी आदि लोगों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। इस दौरान स्थानीय प्रशासन पूरी तरह एलर्ट मोड पर रहा। श्रद्धालु सनातनियों को आशीर्वाद देने के उपरांत जगद्गुरु महाराज अगले पड़ाव परशदेपुर के लिए प्रस्थान कर गए। जहां से वे सलोन नगर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## सनातन की रक्षा के लिए युवा आगे आयें : मौनी महाराज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** रामलीला मैदान में आयोजित भजन संध्या एवं विशाल भंडारे में सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज ने युवाओं से सनातन धर्म, पर्यावरण, नदियों और गांवों की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही देश की सबसे बड़ी ताकत है और सभी हिंदुओं को एकजुट होकर समाज सेवा में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी द्वारा किया गया। भजन संध्या में लखनऊ के सूफी कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

**उत्तर प्रदेश पीएसी मुख्यालय, लखनऊ**

महानगर, लखनऊ-226006
फोनः 0522-2337455
फैक्सः 0522-2337453
सीयूजी : 9454400409
Email: pachqcr@uppac.net

पत्र संख्याः पीएसी- चार-स्टोर (कन्डम)/2026
दिनांकः मई 20, 2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2026 को समय प्रातः 10 बजे पीएसी मुख्यालय, महानगर लखनऊ के प्रागंण में निष्प्रयोज्य घोषित राजकीय सामान मशीनरी इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर एवं फर्नीचर आदि की सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया की शर्तें निम्नवत हैंः-

1. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/कबाड़ी को रू. 40,000.00 अग्रिम जमानत के रूप में जमा करने के उपरान्त ही पंजीकृत किया जायेगा।
2. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना नाम पंजीकृत कराते समय निर्धारित जमानत धनराशि के साथ पैन कार्ड/आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
3. बोली में सम्मिलित होने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित जमानत धनराशि अग्रिम जमा करेगें, जो सार्वजनिक नीलामी के दिन समय 10 बजे से 12 बजे दोपहर तक ही जमा किया जायेगा। इसके पश्चात बोली की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।
4. उच्चतम बोली करने वाले के पक्ष में बोली की धनराशि में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. अतिरिक्त नगद जमा करने के उपरान्त निष्प्रयोज्य सामग्री को अवमुक्त करा दिया जायेगा।
5. उच्चतम बोलीदाता के द्वारा उसी दिन बोली की धनराशि जमा करनी होगी अन्यथा जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
6. सामग्री जिस दशा में जिस स्थान पर उपलब्ध है, नीलामी उसी दशा में की जायेगी।
7. नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित कोई एक बोली या सभी बोली समिति को निरस्त करने का अधिकार होगा, जिसके विरूद्ध कोई अपील या वाद मान्य नहीं होगा।
8. उच्चतम बोली करने वाले को निष्प्रयोज्य सामग्री उसी दिन उठवाना अनिवार्य होगा।
9. उपरोक्तांकित शर्तो के अधीन जो व्यक्ति बोली बोलने का इच्छुक हो केवल वही व्यक्ति सम्मिलित होगा।

(सुनीता सिंह)
पुलिस उपमहानिरीक्षक,
पीएसी मुख्यालय, उ.प्र.,
लखनऊ

UPID-251515 Date: 21.05.2026 Website : www.upgov.nic.in

# सीएम आज देंगे 655.45 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

जिला संवाददाता



**देवरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ आज जनपद देवरिया के दौरे पर आ रहे हैं । मुख्यमंत्री जनपद में कुल 655.45

● 19 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास, जनपद के विकास को मिलेगी नयी गति

करोड़ रुपये लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से जनपद के आधारभूत ढांचे, सड़क संपर्क एवं अन्य विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा 116.54 करोड़ रुपये लागत की 8 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 538.91 करोड़ रुपये लागत की 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में देवरिया-कसया मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लागत 292.07 करोड़ रुपये) तथा देवरिया-हाटा मार्ग के चैनेज 2.00 से 22.00 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लागत 74.47 करोड़ रुपये) का भूमिपूजन एवं शिलान्यास शामिल है।पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र में 25.86 करोड़ रुपये लागत की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 449.24 करोड़ रुपये लागत की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इस प्रकार विधानसभा क्षेत्र में कुल 475.10 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र में 66.55 करोड़ रुपये लागत की दो परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 16.39 करोड़ रुपये लागत की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। देवरिया विधानसभा क्षेत्र में 24.13 करोड़ रुपये लागत की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 73.28 करोड़ रुपये लागत की चार परियोजनाओं का शिलान्यास प्रस्तावित है। इस प्रकार विधानसभा क्षेत्र में कुल 97.41 करोड़ रुपये की सात विकास परियोजनाएं शामिल हैं।

## लोकार्पण की प्रमुख परियोजनाएं

मुख्यमंत्री द्वारा नवीन पुलिस थाना महुआडीह के प्रशासनिक भवन (लागत 8.73 करोड़ रुपये), देसही देवरिया ब्लॉक स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक एवं छात्रावास भवन (लागत 4.53 करोड़ रुपये) तथा डिघवा पौटवा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (लागत 12.60 करोड़ रुपये) का लोकार्पण किया जाएगा इसके अलावा खुखुंदू-नूनखार-भटनी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लागत 24.93 करोड़ रुपये), भटनी-बलुआ अफगान मार्ग चौड़ीकरण कार्य (लागत 41.62 करोड़ रुपये), खरोह-मठिया बाबा-रैयश्री-रुद्रपुर मार्ग (लागत 10.98 करोड़ रुपये), पिपरा चंद्रभान से सहजौली बाया हाटा खास मार्ग (लागत 4.59 करोड़ रुपये) तथा पशु चिकित्सालय देवरिया सदर में मॉडर्न वेटेनरी क्लीनिक (लागत 8.56 करोड़ रुपये) का भी लोकार्पण किया जाएगा।

## शिलान्यास की प्रमुख परियोजनाएं

मुख्यमंत्री सोन्हुआ रामनगर-देसही देवरिया मार्ग (लागत 34.96 करोड़ रुपये), हेतिमपुर संपर्क मार्ग पर नवीन सेतु निर्माण (लागत 23.78 करोड़ रुपये), बघौचघाट-पकहां मार्ग स्थित खनुआ नाला पर समानांतर सेतु निर्माण (लागत 23.96 करोड़ रुपये) सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।इसके अतिरिक्त देवरिया-कसया मार्ग (लागत 292.07 करोड़ रुपये), देवरिया-हाटा मार्ग (लागत 74.47 करोड़ रुपये), पिपरपाती-पडरी मल्ल-राउतपार-बैकुंठपुर-मधवापुर मार्ग सुदृढ़ीकरण कार्य (लागत 9.61 करोड़ रुपये), बैकुंठपुर-नूनखार मार्ग (लागत 6.78 करोड़ रुपये), हाटा-गौरी बाजार मार्ग से देवतहां कुटी संपर्क मार्ग (लागत 13.60 करोड़ रुपये), गौरी बाजार-हाटा मार्ग से कमरमहा मार्ग (लागत 11.91 करोड़ रुपये), भिखमपुर-देवरिया-करहकोल मार्ग चौड़ीकरण कार्य (लागत 36.56 करोड़ रुपये) तथा राजकीय पॉलिटेक्निक देवरिया में आवासीय एवं अनावासीय भवनों के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लागत 11.22 करोड़ रुपये) का भी शिलान्यास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं तथा चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके साथ ही पेयजल, यातायात, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### कल करेंगे विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

देवरिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार, 22 मई 2026 को जनपद देवरिया के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री जनपद में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। प्रोटोकॉल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पूर्वाह्न 10:05 बजे गोरखपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 10:25 बजे कार्यक्रम स्थल भीमपुर गौरा स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे।इसके उपरांत मुख्यमंत्री सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर आयोजित समारोह में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात मुख्यमंत्री लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## स्वीकृत सड़क के निर्माण को लेकर सीएम को ज्ञापन देंगे ग्रामीण

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम रानीघाट -बंगलापार की सडक लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृति का विधायक सभाकुँवर द्वारा सडक निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कर सडक निर्माण का शिलान्यास भीकर दिया गया ।लेकिन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं ठेकेदार द्वारा बिना स्वीकृत दुसरी सडक का निर्माण करवाया जा रहा है ।

इस सम्बन्ध में गाँव के ही अभय कुमार यादव द्वारा मुख्यमंत्री के ओएसडी से मिलकर एक शिकायती पत्र दिया ।शिकायत के क्रम में ओएसडी द्वारा लोक निर्माण विभाग देवरिया के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि स्वीकृत सडक पर ही निर्माण कार्य करायें ।लेकिन ठेकेदार व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के मिलीभगत से स्वीकृत सडक का निर्माण नही कराया जा रहा है ।पिछले वर्ष 400मीटर के करीब इंटरलॉकिंग हुई सडक पर ही सडक का निर्माण कर किया जा रहा है ।निर्माण कार्य न रुकने से आक्रोशित ग्रामीण 22मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महरराज के आगमन पर देवरिया पहुंच कर एक पत्रक देकर न्याय की गुहार लगायेंगे ।

## चीनी मिल लगाने व जन समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा भाकियू का प्रतिनिधिमंडल

**देवरिया ।** सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कल दिनांक 22 मई को भीमपुर पोखरभिंडा गांव में मुख्यमंत्री जी के आगमन पर भारतीय किसान यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने अपने संबोधन में कहा कि 2014 के लोक सभा चुनाव के समय से चीनी मिल लगाने का वायदा भारत के प्रधानमंत्री जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा रहा हैं। मगर आज तक यह वायदा पूरा नहीं हो पाया। बरहज से सोनुघाट का रोड, बरहज में निमार्णाधीन मोहन सेतु, जिला अस्पताल, नया बस स्टेशन का निर्माण आखिर कब होगा। लोगों को बहुत ही परेशानी हो रही हैं। आवारा पशुओं, घड़रोज, नीलगाय, जंगली जानवर से किसान बहुत ही परेशान हैं। भाकियू जिला महासचिव धनंजय सिंह ने सभी सक्रिय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से कहा कि समय 10 बजे के पहले कार्यक्रम स्थल भीमपुर पोखरभिंडा गांव में पहुंचे। बैठक में जिला संयोजक सदानंद यादव सत्याग्रह सरोज वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयकरण शाह जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह लल्लन कुशवाहा नियाज अहमद दुखी प्रसाद विजय चौरसिया उमाशंकर सिंह शेषनाथ सिंह इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लेखपाल भर्ती में परीक्षा पंजीकृत 2634 ने परीक्षा दी जबकि 352 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** गुरुवार को आयोजित लेखपाल भर्ती परीक्षा भले ही प्रशासनिक दावों के मुताबिक शांतिपूर्ण और नकलविहीन रही हो, लेकिन परीक्षा केंद्रों पर फैली अव्यवस्थाओं ने अभ्यर्थियों को बेहाल कर दिया। भीषण गर्मी, खराब व्यवस्थाएं और कड़ी चेकिंग को लेकर परीक्षार्थियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। जिले के सात केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 2986 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2634 ने परीक्षा दी जबकि 352 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि गणित और सामान्य ज्ञान के सवाल अपेक्षाकृत आसान रहे, लेकिन कंप्यूटर सेक्शन ने काफी उलझाया। कई सवाल तकनीकी और अवधारणात्मक थे, जिनका जवाब देने में अधिक समय लग गया। हालांकि परीक्षा से ज्यादा चर्चा केंद्रों की बदहाल व्यवस्थाओं की रही। अभ्यर्थियों का आरोप था कि सुरक्षा जांच के नाम पर उन्हें जरूरत से ज्यादा परेशान किया गया। कई परीक्षार्थियों को पानी की बोतलें तक बाहर रखवानी पड़ीं, जबकि महिलाओं से जेवरात उतरवाने पर भी नाराजगी दिखी। महिला अभ्यर्थियों ने जांच प्रक्रिया को असहज और अपमानजनक बताया। उधर तेज धूप और उमस के बीच कई केंद्रों पर पंखे पर्याप्त संख्या में नहीं चले। ठंडे पानी की व्यवस्था भी नाकाफी रही।

बिजली कटौती और खराब वेंटिलेशन के कारण परीक्षार्थियों को गर्मी में पसीना बहाते हुए परीक्षा देनी पड़ी। अभ्यर्थियों का कहना था कि भर्ती परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में बुनियादी सुविधाओं का अभाव प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोलता है। प्रशासन की ओर से केंद्रों पर पुलिस बल और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे, लेकिन व्यवस्थाओं को लेकर उठे सवाल परीक्षा खत्म होने के बाद भी चर्चा का विषय बने रहे।

### डीएम ने किया केंद्रों का निरीक्षण, सुरक्षा व व्यवस्थाएं परखी

सीतापुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा के दौरान गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शहर के राजा रघुबर दयाल इंटर कॉलेज एवं उजागर लाल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा चलने के दौरान डीएम ने कक्षों का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था, शुद्ध पेयजल और शौचालयों की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई बनाए रखने और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा पूरी शुचिता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वार्षिक पुरस्कार वितरण और समर कैम्प का हुआ आयोजन

**भटनी(देवरिया)।** के के पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भटनी के सभागार मे.वार्षिक पुरस्कार वितरण व समर कैम्प का भव्य आयोजन किया गया ।जिसमें कालेज के दो मेधावी छात्रो को मोमेंटो प्रमाण पत्र मेडल व देकदेकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्रबन्धक बी के श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा अरुण

● कालेज के मेधावी छात्रों को मोमेंटो प्रमाण पत्र मेडल व चेक देकर किया सम्मानित

कुमार तिवारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

मुख्य कार्यक्रम मे.प्ले -वे से कक्षा 12वी तक छात्र छात्राओं को खेलकूद ,सांस्कृतिक कार्यक्रम ,विज्ञान प्रदर्शनी व शैक्षिक क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल प्रमाण पत्र मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया । सी बी एस सी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रो विशेष रुप से कक्षा10वीकी छात्रा पिंकी ने 90.4%व कक्षा12वी के छात्र आयुष विश्वकर्मा ने 93.6%अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । छात्रो के अलावे उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया ।

समर कैम्प बच्चों को स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गयी थी ।जिसका आनन्द बच्चों ने लिया ।कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के अलावे उनके अभिभावकों व शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे ।इसी बीच विद्यालय प्रबन्धन ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की ।

अन्त में प्रबन्धक बी के श्रीवास्तव एवं कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ शुभकामना दी ।

## सफाई योद्धाओं को नपा प्रतिनिधि ने वितरित किए कीट

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के सभागार में आयोजित नीट एंड क्लिन कुशीनगर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने अपने सफाई योद्धाओं को कार्य में सुविधा और सुरक्षा को लेकर स्वच्छता कीट देकर सम्मानित किया ।नगर के स्वच्छता योद्धाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कड़ी धूप को देखते हुए बुधवार को श्री जायसवाल ने सभी कर्मियों को बैग, मास्क, सेफ्टी हेलमेट, जूते तथा अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशीनगर राकेश जायसवाल ने कहा कि सफाई योद्धा शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के असली सिपाही हैं। इनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। बेहतर उपकरणों से सुसज्जित होकर आप बिना किसी दिक्कत के कर सकेंगे।

## पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनायी गयी



**देवरिया ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्न ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पकार थे। उन्होंने देश को सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं कंप्यूटर क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज देश जिस डिजिटल एवं तकनीकी विकास की ओर अग्रसर है, उसकी मजबूत नींव राजीव गांधी जी ने ही रखी थी।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी युवाओं की सोच और देश के भविष्य को लेकर हमेशा गंभीर रहते थे। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गांवों तक लोकतंत्र को सशक्त बनाने का कार्य उन्होंने किया। शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान को देश सदैव याद रखेगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राजीव गांधी जी का सपना एक मजबूत, आधुनिक, समावेशी एवं विकासशील भारत का था। कांग्रेस पार्टी उनके आदर्शों एवं विचारों पर चलकर देशहित एवं जनहित के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने एवं संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, नागेंद्र शुक्ला, ऋषिकेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, सुनील कुमार तिवारी, जयप्रकाश धनगर, जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्रा, आलोक त्रिपाठी राजन, शहनाज जफर मनोज मणि, शिव शंकर सिंह, रीता देवी, सुनील कुमार यादव, रजनीश प्रसाद जिला सचिव विनोद दुबे, पन्नालाल पाठक, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, विनोद त्रिपाठी, इजहार, दीपक पटवा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लाखों का सामान जलकर राख



**सीतापुर।** तंबौर कस्बे की मुख्य बाजार में पुराने थाने के सामने स्थित एक गारमेंट्स की दुकान में बीती रात अचानक आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। घटना से बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के विजय गुप्ता की मुख्य बाजार में रेडीमेड एवं जनरल सामान की बड़ी दुकान है। रोज की तरह बुधवार रात करीब दस बजे वह दुकान बंद कर ऊपर बने मकान में परिवार के साथ सोने चले गए। देर रात दुकान से उठता धुआं मकान की छत तक पहुंचा तो परिजनों की नींद खुली। परिजन तत्काल नीचे पहुंचे और दुकान के अंदर से धुआं निकलता देख किसी तरह शटर उठाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दुकान में रखा रेडीमेड कपड़ा, जनरल सामान और फर्नीचर आग की चपेट में आ चुका था। इसके बाद बिजली सप्लाई बंद कर आसपास के लोगों की मदद से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार आग से करीब दस लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना के बाद व्यापारियों में चिंता का माहौल बना हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## मारपीट की धमकी से भड़के सफाईकर्मी

**सीतापुर।** नगर क्षेत्र के कमाल सराय वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने सभासद प्रतिनिधि पर जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित कर्मचारियों ने मामले की शिकायत अधिकारियों से कर कार्रवाई की मांग की है। सफाईकर्मियों संतोष, सुनील, संलेश और कुलदीप कुमार का आरोप है कि वार्ड में एक शादी समारोह के बाद सफाई कार्य को लेकर विवाद हुआ। कर्मचारियों के मुताबिक दावत के बाद सफाई के लिए बुलाए जाने पर सभासद प्रतिनिधि जहीर अहमद ने उनके साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ितों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कई बार उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा चुका है। सफाईकर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। मामले को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ

## वार्षिक परीक्षा के मेधावी छात्र और छात्राओं को मेडल देकर किया गया सम्मानित



**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर स्थित बुद्ध समाज कल्याण प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अनिरुद्धवा में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होने के अवसर पर वार्षिक परीक्षा में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए मेधावी छात्र और छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक प्रभुनाथ सिंह, वरिष्ठ पत्रकार बृजबिहारी त्रिपाठी, सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, सभासद गुड्डू कुशवाहा, पूर्व महा मंत्री छात्र संघ/प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य कसया दक्षिणी अशोक कुमार सिंह ने संध्या सिंह, आशुतोष सिंह, कल्पना सिंह, स्नेहा खरवार, काजल गौतम, प्रिंस सिंह, निधि सिंह सहित टापर बच्चों को सम्मानित किया। प्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि विद्यालय नैतिकता और संस्कार की पाठशाला है। जहां बच्चे शिक्षा के साथ भविष्य में सफल नागरिक बनने के गुर सीखते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि शिक्षा से ही उन्नति और विकास होगा। उन्होंने गर्मी की छुट्टी में बच्चो को पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या के टिप्स दिए। इस दौरान शिक्षक हरीओम प्रकाश सिंह, गणपति शर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, सुरेश कुशवाहा, श्वेता सिन्हा, सबिता सिंह, पल्लवी कुशवाहा, हर्षिता गुप्ता, स्वाति सिंह सहित बच्चे मौजूद रहे।

## गन्ना सर्वेक्षण कार्य का डीसीओ ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** गन्ना पेराई सत्र 2026-27 के लिए कुशीनगर जनपद में किसान द्वारा बोये गये गन्ना क्षेत्र का सही आकलन के लिए इस समय गन्ना फसल सर्वेक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस समय गन्ना सर्वेक्षण सटीक हो और समय से हो, और पारदर्शी बनाने के लिए जिला गन्ना अधिकारी

● गन्ना फसल से हुआ बकनहां गांव का स्वर्णिम विकासः ओमप्रकाश गुप्ता

कुशीनगर हुदा सिद्दीकी ने ग्राम बकनहां में गन्ना फसल सर्वेक्षण के दौरान किसान राजेन्द्र प्रसाद के गन्ना फसल का निरीक्षण किया। गन्ना फसल में कण्डुआ रोग से प्रभावित पौधा दिखाई दिया। श्री सिद्दीकी ने सर्वे कर्मी तथा रामकोला चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना को निर्देश दिया कि कण्डूआ रोग से प्रभावित सभी पौधो को सावधानी पूर्वक उखाड़कर निकाल दिया जाय, क्योकि यह गन्ना नही बनेगा, इसके फफूंद स्वस्थ गन्ने को प्रभावित करेंगे, सर्वे कर्मी को निर्देश कि सर्वे के समय गन्ना प्रजातिया, पौधा, फसल की दशा, सहफसल, पौधशाला आदि अंकित किया जाय, तथा किसान को तुरन्त गन्ना फसल सर्वेक्षण से सम्बंधित पर्ची अवश्य उपलब्ध कराये, इस पर विशेष ध्यान दे। सर्वे की सूचना गांव में पहले दिया जाय। डीसीओ ने उपस्थित कृषको को सलाह दिया अधिक उपज के लिए ट्रेन्च विधि से गन्ने की बुआई करें। खेतो में खरपतवार-घास अधिक है। जुताई-गुड़ाई कर नियंत्रित करें। आय बढ़ाने के लिए सहफसली खेती करें। गन्ना विकास से ही किसानों का विकास होगा। जिला गन्ना अधिकारी ने पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता से खास बातचीत किया। पूर्व सहायक निदेशक ने बताया कि गन्ना फसल ने बकनहां गांव का तस्वीर बदल दिया। हमने इस गांव के 50 से अधिक गन्ना कृषको को गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति कृषको को जागरूक करने के लिए, गन्ना, कृषि, पशुपालन, बागवानी दलहन-तिलहन, मछली पालन मुर्गी पालन आदि के विषय में प्रशिक्षण-जानकारी देने के लिए हमने कृषक अध्ययन यात्रा में सम्पूर्ण उप्र, महाराष्ट्र, गुजरात आंध्र प्रदेश, हरियाणा तथा तमिलनाडु भेजकर प्रशिक्षण दिलाया जिसका सकारात्मक परिणाम मिला, आज गांव में किसान के लड़के इंजीनियर, दरोगा, वैज्ञानिक, अध्यापक समीक्षा अधिकारी तथा स्टाफ नर्स बने है तथा इस गाँव के तीन बच्चों का नीट परीक्षा में चयन हुआ हैं गन्ना फसल आप देख रहे है, गांव में सबसे पहले श्री वादमली गुप्ता ने स्कार्ट ट्रैक्टर खरीदा, आज गन्ना फसल की देन है, लगभग 40 ट्रैक्टर है इस गाँव में, भीषण गर्मी में जिला गन्ना अधिकारी ने खेत के चारो भुजाओ का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक गन्ना इन्द्रशर्मा, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक अनिल सिंह, चीनी मिल के गन्ना पर्यवेक्षक विनोद कुमार राव, गन्ना विकास परिषद के गन्ना पर्यवेक्षक अखलानंद तिवारी तथा प्रमुख कृषक जगदीश कुशवाहा, दशरथ कुशवाहा, बृज नारायण यादव, राजेन्द्र प्रसाद, राजेश्वर, सुनील कुशवाहा धनश्याम कुशवाहा, नरेन्द्र कुशवाहा, अमरनाथ यादव, जितेंद्र शर्मा, आत्मा गुप्ता आदि अपने-अपने खेत पर उपस्थित थे।

## कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, 6 महीने से वेतन न मिलने पर धरना



**सीतापुर।** हरगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुरुवार को उस समय प्रदर्शन स्थल में बदल गया, जब आशा कार्यकताओं, संगिनी और संविदा डॉक्टरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि महीनों से वेतन न मिलने के कारण उनका परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। आशा वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष रामदेवी, पुष्पा देवी और आशा कुमारी ने कहा कि आशा बहुओं को पिछले छह माह से भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि दो हजार रुपये ह्यदेय में परिवार चलाना मुश्किल है। उन्होंने मान बढ़ाकर 21 हजार रुपये करने और रात में ड्यूटी के दौरान ठहरने की सुरक्षित व्यवस्था की मांग उठाई। धरने में एनआरएचएम के तहत कार्यरत संविदा डॉक्टर भी शामिल हुए। डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. नौशाद अली, डॉ. बुशरा, डॉ. ममता और डॉ. अनुभूति वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला, जबकि एक वर्ष का एरियर भी लंबित है। उन्होंने सेवा स्थायी करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। बाद में सभी ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय गौड़ को मांग पत्र सौंपा। अधीक्षक ने ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## रालोद संतकबीर नगर के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के नामों की हुई घोषणा

कुशीनगर। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशन में राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी और प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के अनुमोदनपरांत रालोद संतकबीर नगर के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई ।क्षेत्रीय अध्यक्ष संतकबीर नगर क्षेत्र विवेक चौधरी ने पार्टी द्वारा मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें देवरिया से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा, कुशीनगर से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मुरारी लाल यादव, क्षेत्रीय महासचिव कुशीनगर वीरेंद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय महासचिव कुशीनगर से श्रीजेश यादव, क्षेत्रीय सचिव विशिष्ट कुमार गौतम, क्षेत्रीय सचिव सिराजुद्दीन निजामी, क्षेत्रीय सचिव अजय मद्धेशिया सहित 31 क्षेत्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गई। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर संगठनात्मक मजबूती को लेकर उठाया गया कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सभी नवागत पदाधिकारियों के मनोनयन पर खुशी व्यक्त करते हुए प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय और जिलाध्यक्ष कुशीनगर विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि पार्टी मजबूती के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाग लेगी और आगामी वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए रालोद को बूथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा। नवागत पदाधिकारियों को सुरेश शाही, सीताराम मौर्य, हरी कसेरा, विंदेश्वरी निगम, सुनील कुशवाहा सहित पार्टी जनों ने खुशी व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

## परम्परागत कृषि विधियों को अपनाकर किसान बढ़ाएं उत्पादन और घटायें लागतः जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**कुशीनगर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 मेनका ने जनपद के कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि फसलों में प्रति वर्ष कीट, रोग एवं खरपतवारों से होने वाली क्षति तथा कृषि रक्षा रसायनों के अविवेकपूर्ण प्रयोग से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए परम्परागत एवं वैज्ञानिक कृषि विधियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। मेडों की साफ-सफाई, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, भूमि शोधन एवं बीज शोधन जैसी विधियों को अपनाकर फसलों को सुरक्षित रखते हुए उत्पादन में वृद्धि तथा लागत में कमी लाई जा सकती है। इससे कृषकों की आय बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है ।जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि खेतों की मेडों पर उगे खरपतवारों को नष्ट करने से हानिकारक कीट एवं सूक्ष्म जीवों के आश्रय समाप्त हो जाते हैं, जिससे अगली फसल में कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है। साथ ही खेत में सिंचाई का जल संरक्षित रखने में भी सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करने से मृदा की संरचना में सुधार होता है तथा उसकी जलधारण क्षमता बढ़ती है, जो फसलों की बेहतर वृद्धि के लिए उपयोगी होती है। इससे मिट्टी में छिपे दीमक, सफेद गिडार, कटुआ, बीटल एवं मैगट जैसे हानिकारक कीटों के अंडे, लार्वा एवं प्यूपा नष्ट हो जाते हैं। साथ ही पथरचट्टा, जंगली चौलाई, दुध्दी, पान पत्ता, रसभरी एवं साँवा-मंकरा जैसे खरपतवारों के बीज तेज धूप के संपर्क में आकर नष्ट हो जाते हैं। भूमि में वायु संचार बढ़ने से लाभकारी सूक्ष्म जीवों की वृद्धि भी होती है।

भूमि शोधन के संबंध में उन्होंने बताया कि जैविक फफूंदनाशक ट्राइकोडर्मा 2.5 किलोग्राम मात्रा को 65 से 75 किलोग्राम गोबर की खाद में मिलाकर हल्का पानी छिड़कते हुए 8 से 10 दिन तक छाया में रखने के उपरांत अंतिम जुताई के समय खेत में मिला देने से जड़ गलन, तना सड़न, उकठा एवं झुलसा जैसे फफूंदजनित रोगों का प्रभाव कम होता है।

## झूठे मुकदमे और जमीन कब्जे के आरोप में पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

सीतापुर। रामपुर मथुरा पुलिस पर झूठा मुकदमा दर्ज कर प्रताड़ित किए जाने और सहन की जमीन छीनने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक के टंकी पर चढ़ते ही इलाके में हड़कंप मच गया और प्रशासनिक अधिकारियों में अफरा-तफरी फैल गई। करीब दो घंटे की मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा जा सका। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के शहरी गांव निवासी मेराज पुत्र सिकंदर दोपहर करीब पौने 12 बजे सीओ और एसडीएम आवास के पास यूनाइटेड अवध मांटेसरी स्कूल के सामने बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया।

## रुपये का अवमूल्यन

देश की करेंसी अर्थव्यवस्था की मजबूती का भी पैमाना होती है। ऐसे में अगर रुपये का लगातार अवमूल्यन हो रहा है, तो यह इस बात का संकेत है कि अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है। एक डॉलर की कीमत 96.35 रुपये तक पहुंच चुकी है। यह घट-बढ़ भी सकती है, लेकिन व्यापक परिवर्तन संभव नहीं हैं। यह भारतीय मुद्रा का सबसे निचले स्तर का अवमूल्यन है। रुपये और डॉलर के इस समीकरण के बाद विश्व में सबसे कमजोर मुद्रा रुपये बन गया है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की एक बड़ी अर्थव्यवस्था है। नतीजा यह है कि हमने मार्च, 2026 में जो कच्चा तेल 1.17 लाख करोड़ रुपये में खरीदा था, वही अप्रैल में 1.79 लाख करोड़ रुपये में खरीदना पड़ा है। कच्चे तेल के अलावा, गैस, खाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, खाद्य तेल, दालें, सोना और अन्य आयातित वस्तुएं, सेवाएं हमें महंगी खरीदनी पड़ेंगी। अंततः महंगाई बढ़ती जाएगी और आम आदमी कराहता रहेगा। सिर्फ एक ही बुनियादी कारण है- रुपये का अवमूल्यन। यह स्थिति लगातार बिगड़ रही है। 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये के कृत्रिम नियंत्रण की कोशिश की थी, लेकिन आज अवमूल्यन का यथार्थ सामने है। लिहाजा मूडीज की ताजा रिपोर्ट भी चर्चा में है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी ने निष्कर्ष दिया है



कि भारत के जीडीपी की विकास दर 0.8 फीसदी कम हो गई है। वित्त वर्ष के अंत में विकास दर करीब 6 फीसदी ही रहने वाली है। सरकार 7-7.5 फीसदी की विकास दर का दावा करती रही है। रिजर्व बैंक ने भी 6.5 फीसदी तक का आकलन देना शुरू कर दिया है। एक आर्थिक वज्रपात यह भी हुआ है कि 2026 के पहले पांच महीनों में ही विदेशी निवेशकों ने 2.2 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं और भारतीय बाजार को अलविदा कह दिया है। हालांकि कुछ नई और छोटी कंपनियों में विदेशियों के निवेश अब भी मौजूद हैं, लेकिन वे अर्थव्यवस्था को अपेक्षित प्रभावित नहीं करते। ऐसे निवेशकों ने जापान, दक्षिण कोरिया और अमरीका की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की कंपनियों में निवेश करना बेहतर समझा है। अप्रैल में 60,900 करोड़ रुपए और मई में अभी तक 1.22 लाख करोड़ रुपये विदेशी निवेशक हमारे बाजार से निकाल चुके हैं। नतीजतन भारत को विदेशी मुद्रा का भी नुकसान झेलना पड़ेगा। जो आर्थिक उथल-पुथल हम देख रहे हैं, वह पूर्णतः ईरान युद्ध के नतीजतन नहीं है। युद्ध ने तेल, गैस, खाद समेत विश्व की बुनियादी सप्लाई चेन को तोड़ कर रख दिया है। इसी दौरान भारत-संयुक्त अरब अमीरात में समझौता हुआ है कि यह अरब देश हमारे यहां 5 अरब डॉलर का निवेश करेगा और 3 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडारण तैयार करेगा, जिसका इस्तेमाल भारत भी आपातस्थिति में कर सकेगा। इसमें समय लगेगा, क्योंकि अभी खुद अरब देश ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमले झेलने को विवश है। बहरहाल भारत के संदर्भ में रुपये का अवमूल्यन गंभीर चिंता का विषय है। भारत 145 करोड़ से अधिक की आबादी और घोर आर्थिक, सामाजिक असमानताओं का देश है, लिहाजा यह तेल-गैस का ही नहीं, बल्कि आम भारतीय की आजीविका का भी आपातकाल है। भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू खाते का घाटा वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 2.3 फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि बीते 2025-26 में यह 0.9 फीसदी बताया जा रहा है। यह संकट प्रधानमंत्री मोदी की अपील, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के मेट्रो में सफर करने या ई-रिक्शा, विद्युत बस में दफ्तर जाने अथवा पैदल चलने और अंततः बचत करने से ही दूर नहीं होगा। यदि रुपये के अवमूल्यन से भारत चौथी अर्थव्यवस्था से फिसल कर छठी अर्थव्यवस्था पर आ सकता है, तो 7-8वां स्थान बहुत दूर नहीं है। फ्रांस जैसे विकसित देश की चुनौती सामने है। अर्थशास्त्रियों का सवाल है कि हम डॉलर में तेल क्यों खरीद रहे हैं? दरअसल देश को विदेशी मुद्रा कमाने, बचाने पर अधिक जोर देना चाहिए और विभिन्न देशों से करेंसी स्वैपिंग जैसे उपायों से रुपये में व्यापार करना चाहिए। डालर अमरीका को फायदा पहुंचाता है और हमारी अर्थव्यवस्था की क्षमता और संभावना को सीमित करता है।

### विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तु के लिए श्रम नहीं करेगा, तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भाव से रहता है, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

# देश की अर्थव्यवस्था पर मंडराता दोहरा खतरा



वीना सुखीजा

> भारत के लिए यह चेतावनी दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले इसलिए भी ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि यहां मानसून केवल मौसम नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था की भी धुरी है। देश की लगभग 54 फीसदी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आज भी कृषि पर ही निर्भर है। ऐसे में 2026 के मानसून को जिस तरह 'बिलो नॉर्मल' बताया है, वह बहुत डरावना है।

भारत इस समय गंभीर संकटों से घिर गया है। एक तरफ होर्मुज संकट असर दिखाने लगा है जिस कारण सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भले वो अभी भी 10 फीसदी से नीचे हो, लेकिन व्यवहारिक धरातल पर जब से होर्मुज संकट खड़ा हुआ, तब से अब तक महंगाई 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गई है, जो देश के निम्न वर्ग को तो छोड़िये मध्यवर्ग के भी छक्के छुड़ा रही है। लेकिन अब उससे भी बड़े संकट के रूप में अल नीनो का खतरा मंडराता दिख रहा है। प्रशांत महासागर में तेजी से विकसित होता अल नीनो भारतीय मानसून को जबर्दस्त ढंग से प्रभावित कर सकता है। इसलिए मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल भारत के बहुत बड़े हिस्से में जबर्दस्त सूखा पड़ सकता है। कहने का मतलब यह कि मानसून आने के पहले ही एक बेहद बुरी खबर आ गई है और अगर यह आशंका पूरी तरह से सच साबित हुई, तो गुजरे 75 सालों में यह सबसे बड़ी मुसीबत होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि माना जा रहा है अल नीनो का जो कहर पिछले 75 सालों में नहीं देखा गया, वो इस साल देखने को मिल सकता है। अगर ऐसा हुआ तो दुनिया में एक दर्जन से ज्यादा देशों में तबाही मच सकती है और इनमें से ही एक भारत भी होगा।

अमरीकी मीडिया और जलवायु एजेंसियों के मुताबिक कुछ क्लाइमेट मॉडल संकेत दे रहे हैं कि 1950 के बाद से दर्ज सबसे शक्तिशाली घटनाओं में से एक इस साल अल नीनो का असर बन सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक इससे मौसम, खेती, पानी और अर्थव्यवस्था पर अनुमान से भी ज्यादा खतरनाक संकट देखा जा सकता है। दरअसल अल नीनो जिसका मतलब स्पेनिश भाषा में 'छोटा बच्चा' होता है, यह प्रशांत महासागर में समुद्र के तापमान और हवाओं के पैटर्न में बदलाव से पैदा होने वाली प्राकृतिक जलवायु घटना है। आमतौर पर भूमध्य रेखा के आसपास चलने वाली 'ट्रेड विंड्स' पूर्व से पश्चिम की दिशा में बहती हैं, लेकिन जब ये हवाएं कमजोर पड़ जाती हैं, तो फिर उल्टी दिशा में बहने लगती हैं, तब मध्य और पूर्वी प्रशांत में गर्म पानी जमा होने लगता है। यह बदलाव पूरी दुनिया के मौसम तंत्र को बुरी तरह से प्रभावित करता है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार यह असर इसलिए भी बहुत ज्यादा खतरनाक हो सकता है, क्योंकि धरती पहले से ही




ग्लोबल वार्मिंग के कारण भयानक रूप से गर्म हो चुकी है। ऐसे में वैज्ञानिकों के मुताबिक अल नीनो के कारण बढ़े हुए तापमान से कहीं ज्यादा खतरनाक स्थितियां पैदा हो सकती हैं। इससे कहीं बाढ़, कहीं चक्रवात और कहीं लंबी-लंबी दूरी तक सूखे देखने को मिलेंगे। साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी इस समय अब तक के मुकाबले सबसे ज्यादा देखने को मिल सकती हैं। कई अमरीकी टीवी रिपोर्ट्स के मुताबिक विभिन्न तरह के मौसम मॉडल संकेत दे रहे हैं कि इस बार आने वाला अल नीनो 1982-83, 1997-98 और 2015-16 में आये अल नीनो के प्रभाव से कहीं ज्यादा भयानक होगा। वैसे अब तक में 1997-98 के अल नीनो प्रभाव को सुपर अल नीनो कहते हैं। लेकिन वैज्ञानिकों को आशंका है कि इस बार का अल नीनो, सुपर अल नीनो को भी पीछे छोड़ देगा। इसे अभी से ही दुनिया के इतिहास की सबसे विनाशकारी जलवायु घटनाओं में से एक गिना जा रहा है। 1997-98 के अल नीनो प्रभाव के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में 5.7 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक क्षति पहुंची थी। अगर इस बार उससे ज्यादा भयानक असर होता है, तो किस हद तक यह विनाशकारी होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है।

### होर्मुज के साथ ही अलनीनो का संकट

भारत के लिए यह चेतावनी दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले इसलिए भी ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि भारतीय मानसून केवल मौसम नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था की भी धुरी है। देश की लगभग 54 फीसदी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आज भी कृषि पर ही निर्भर है। ऐसे में 2026 के मानसून को जिस तरह 'बिलो नॉर्मल' बताया है, वह बहुत डरावना है। कुछ मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक इस साल औसत से केवल 92 से 94 प्रतिशत तक ही बारिश हो सकती है। जबकि आमतौर पर जब मानसून 104 से 115 प्रतिशत तक होता है, तब वह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सुकूनदायक समझा जाता है।

सवाल ये है कि अगर वाकई बारिश कम हुई तो इसका असर खेती कि किन फसलों पर पड़ेगा? अगर सीधे तौर पर देखें तो लगता है इससे धान, दालें, तिलहन, कपास और सोयाबीन जैसी ही फसलें प्रभावित होंगी। लेकिन खरीफ की फसलों से ज्यादा इसका असर रबी की फसलों यानी गेहूं और रबी फसल के तिलहनों पर पड़ सकता है। क्योंकि अगर बारिश कम होगी, तो गेहूं बोने के लिए मिट्टी में जरूरी नमी का अभाव होगा। साथ ही जलाशयों और बांधों में सिंचाई के लिए जरूरी पानी भी नहीं होगा।

ऐसे में जहां खाद्यान्न उत्पादन पर संकट के कारण देश में बड़े पैमाने पर खाद्य संकट पैदा हो सकता है, वहीं मानसून से जुड़ी हमारी अर्थव्यवस्था पर भी इसका जबर्दस्त नुकसान देखने को मिल सकता है। 2023 में जब मानसून में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई थी, तो खाद्य मुद्रास्फीति 11 प्रतिशत तक ऊपर चली गई थी। लेकिन अब यदि इस बार अल नीनो इफेक्ट सामने आया तो खाद्य संकट तो होगा ही होगा, उससे अलावा मौसमी सब्जियों पर भी इसका असर बहुत होगा। टमाटर, प्याज जैसी पूरे भारत में स्थायी महत्व रखने वाली सब्जियां महंगी होंगी। साथ ही दालें और खाद्य तेलों में भी कमर तोड़ देने वाली महंगाई देखने को मिलेगी। इसलिए होर्मुज स्ट्रेट संकट के बीच अल नीनो इफेक्ट का संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कोढ़ में खाज जैसा साबित हो सकता है। यह स्थिति इसलिए भी और गंभीर बनती लग रही है, क्योंकि खाड़ी संकट के कारण उर्वरक आपूर्ति भी जबर्दस्त तरीके से बाधित हुई है। यूरिया और अमोनिया की कीमतों में इसलिए भारी वृद्धि हो गई है। यदि किसान को एक साथ ये कई परेशानियां झेलनी पड़ेंगी तो भारत की अर्थव्यवस्था में इस तरह के 'स्टैगफ्लेशन' की स्थितियां पैदा हो सकती हैं, इसको लेकर करीब-करीब सभी अर्थशास्त्री चिंतित हैं। स्टैगफ्लेशन का मतलब अर्थव्यवस्था बेहद धीमी हो जाती है और महंगाई लगातार बढ़ती रहती है। विभिन्न रेटिंग एजेंसियों ने आशंका जतायी है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंका के बादल स्थायी रूप से नहीं छटें, तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की विकास संबंधी रेटिंग्स को कम कर दिया जायेगा। क्योंकि एक साथ तीन-तीन तनाव भारत क्या दुनिया की कोई भी अर्थव्यवस्था नहीं झेल सकती। क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा गांवों की खपत पर चलता है और इधर के कुछ सालों से भारत की अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार ग्रामीण परचेजिंग पावर भी रही है।

विशेषकर ट्रैक्टर, दुपहिया वाहन, कपड़े, सीमेंट, मोबाइल फोन और दैनिक उपभोग की वस्तुएं। लेकिन अगर होर्मुज संकट के साथ-साथ आसन्न सामने खड़ा दिख रहा अल नीनो संकट भी हकीकत बन गया, तो भारत में ग्रामीण परचेजिंग पावर की कमर टूट जायेगी। क्योंकि ग्रामीण परचेजिंग का एक बड़ा हिस्सा लगभग 45 से 50 फीसदी तक कृषि से और इतना ही ग्रामीण लोगों के शहरों से भेजे गये धन से होता है। लेकिन जिस तरह का बेरोजगारी संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है, उससे लगता है गांवों पर दोहरी मार पड़ने वाली है। एक तो मौसम और जलवायु के चलते पैदा हुए अल नीनो इफेक्ट के कारण और दूसरी बात होर्मुज संकट के कारण, देश में अघोषित रूप से लागू हो गई एनर्जी इमरजेंसी के कारण। अगर होर्मुज के साथ-साथ अल नीनो भी हकीकत बनता है तो वर्तमान बेरोजगारी में भयानक विस्फोट हो सकता है। रुपया पहले से ही एक डॉलर के मुकाबले लगभग 100 का पायदान छूने वाला है। इस सबके चलते अल नीनो बहुत ही खतरनाक हो सकता है।

### सोशल मीडिया



पंजाब के कोने कोने में हमारी सरकार के कामों की चर्चा हो रही है। 4 साल के बाद भी सरकार के प्रति एंटी इनकंबेंसी नहीं, बल्कि राज्य में प्रो-इनकंबेंसी है। अरविन्द केजरीवाल.



राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि। केशव प्र. मौर्य.



प्रदेश में दिनलहाड़े लुटते सुनारों की सुरक्षा की समस्या अभी सुलझी नहीं थी कि तब तक सोना बंदी का व्यापार चौपट करने वाला अह्वान आ गया और फिर ड्यूटी का फरमान। अखिलेश यादव.

## जीवन प्रवाह

### अंतर्दृष्टि

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा।

यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा।

श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

## अपनी छवि अपने पास रखो

### व्यंग्यलोक

झूठ बोलने के मामले में पड़ोस के वर्मा जी की कला भी बहुत विशेष है। उनका बच्चा पांच वर्ष से मैट्रिक को लांघ नहीं पा रहा तथा प्रतिवर्ष अनुत्तीर्ण होने का गौरव प्राप्त करता है। परन्तु वर्मा जी उसे एम. ए. तक ले गये हैं। प्राइवेट परीक्षा दे रहा है। वे इससे बच्चे पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चिंता नहीं करते। उन्हें अपने सम्मान तथा बच्चे की शादी में मिलने वाले दहेज की चिंता है। एक दिन मैंने उनसे मजाक में कहा-अमां, वर्मा जी, बच्चू को किसी ट्यूशन पर लगाओ। यह पंचवर्षीय योजना में भी कामयाब नहीं हो सका है। वर्मा जी ने हथियार डाल दिये-मैं बहुत शर्मिंदा हूँ। सच, इसने मुझे बहुत जलील किया है। आपसे क्या छिपाना? पढ़ाई में इसका तनिक भी ध्यान नहीं है। सिनेमा देखता है। बहुत ही अयोग्य व नालायक है। परन्तु करूं क्या? मैं सोचता हूँ, जमाना बैरी है। बंधु-बांधव एक-दूसरे की टांग खींचते हैं। शादी-विवाह नहीं होने देते। इसलिए झूठ का पाप करना पड़ता है। मैं बोला- झूठ क्यों बोलते हैं? कोई काम-धंधा शुरू करा दीजिए। काम करने लगेगा, तो पढ़ाई नहीं कर पाने का अभिशाप अपने आप धुल जायेगा। वे बोले- हां, अब यही सोच रहा हूँ। लेकिन कई बार परिस्थितियां झूठ बुलवाती हैं। वैसे झूठ बोलने वालों के श्रेणियों की कोई कमी नहीं है। एक झूठ बोलने वाले वे हैं, जो झूठ को पेशे के रूप में अपनाये हुए हैं। किसी भी कोर्ट-कचहरी का मामला हो, उन्हें किस्सा समझा दो। जो आप चाहेंगे वे वही बोलने लगेंगे। आंखों से देखा नहीं, कानों से सुना नहीं, और गीता, कुरान बाइबिल को हाथ लगाकर सारे झूठ को सत्य बना देंगे।



पूरन सरमा

चाहे किसी निर्दोष को जेल-जुर्माना या सजा ही क्यों न हो जाये। पन्नालाल जी का इस मामले में मुकाबला नहीं। एक बार मैंने उनसे कहा-पन्नालाल जी, छोड़िए भी अब! पान-बीड़ी-सिगरेट, चाय-नाश्ते में आप अपना ईमान बेच आते हैं। वे बोले- तो क्या करूं लाला, इस फटीचर ईमान का? खर्च निकल जाता है। पाप-पुण्य तो मैं जानता नहीं, परन्तु यह जरूर है कि झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ हैं, ताके हृदय आप, वाली बात चरितार्थ हो रही है। लेकिन आपकी छवि बड़ी धूमिल हो रही है इससे। आदमी को, अपने को कुछ बनाना भी चाहिए। मैंने कहा। पन्नालाल जी यह कह कर चले गये- अपनी छवि रखो अपने पास अच्छी नौकरी करते हो, दो नम्बर की कमाई आती है, इसलिए सत्यवादी हरिश्चन्द्र बनते हो। हमें सब पता है आप कितने पुण्य कर रहे हैं। दूसरे की रोजी-रोटी पर लात मारते आपको शर्म नहीं आती?

## राष्ट्रीय टीम की तरफ वैभव सूर्यवंशी के बढ़ते कदम



खेल जगत

सारिम अन्ना

15 साल के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में अब तक दो सेंचुरी लगा चुके हैं। अंडर-19 वर्ल्ड कप में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रह चुके हैं। इसी साल जनवरी में सम्पन्न इस टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने 175 रनों की पूरी दुनिया का ध्यान खींचने वाली पारी खेली थी। इसके साथ ही वह एशिया कप राइजिंग स्टार्स में भी खेल चुके हैं और लगभग हर टूर्नामेंट में वैभव ने अपनी चर्चा ही बढ़ायी है। यही कारण है कि पिछले एक साल से न केवल आम क्रिकेटप्रेमी बल्कि कई क्रिकेट के जानकार (हालांकि इस मामले में जानकारों की राय बंटी हुई है) भी कहना शुरू कर चुके हैं कि सचिन तेंदुलकर की तरह वैभव सूर्यवंशी को भी कम उम्र में राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बना लेना चाहिए क्योंकि वह विशेष प्रतिभा हैं। पिछले दिनों बीसीसीआई के पदाधिकारियों से भी कई बार सार्वजनिक तौरपर इस संबंध में सवाल पूछे गये हैं। उसी सबको देखते हुए वैभव ने अब धीरे-धीरे राष्ट्रीय टीम की ओर कदम बढ़ा दिए हैं।

आईपीएल के तुरंत बाद जून 2026 में श्रीलंका में होने वाली ए टीमों की ट्राई सीरीज में वैभव इंडिया ए टीम का हिस्सा होंगे। भारत के अलावा इस ट्राई सीरीज में श्रीलंका और अफगानिस्तान की ए टीमें हिस्सा ले रही हैं। वैभव सूर्यवंशी पिछले दो बार से आईपीएल खेल रहे हैं। उन्होंने पहले सीजन में एक सेंचुरी लगायी थी और इस सीजन में भी अब तब एक सेंचुरी लगा चुके हैं। पहले सीजन में वैभव ने गुजरात के खिलाफ 36 बॉलों में और इस सीजन में हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों में सेंचुरी लगा चुके हैं। जबकि कई दिग्गज बल्लेबाज सालों से खेलते होने के बावजूद अभी तक आईपीएल में सेंचुरी नहीं मार पाये। साल 2026 यानी मौजूदा सीजन में वैभव ने अभी तक आईपीएल में 11 मैचों में 237 की स्ट्राइक से 440 रन बनाये हैं। इसी दौरान उन्होंने जयपुर में हैदराबाद के खिलाफ 37 बॉलों में जो सेंचुरी लगायी, उसमें 12 छक्के, 5 चौके थे। कहने का मतलब यह है कि पिछले दो सालों से वैभव सूर्यवंशी दुनियाभर के क्रिकेटप्रेमियों को चैन से बैठने नहीं दे रहे। लगातार उन्हें अपने खेल से दीवाना बनाये हुए हैं। वैसे वैभव का 12 साल की उम्र में रणजी में डेब्यू हो गया था। साल 2024 में उन्होंने मुंबई और छत्तीसगढ़ के खिलाफ दो फर्स्ट क्लास मैचों में 31 रन बनाये थे। इस तरह उन्होंने सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह दोनो का फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। क्योंकि तेंदुलकर ने पहली बार 15 साल की उम्र में और युवराज ने 18 साल की उम्र घरेलू फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। जबकि वैभव ने 13 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर-19 यूथ टेस्ट सीरीज में सिर्फ 58 गेंदों पर शतक जड़कर तहलका मचा दिया था। यह अंडर-19 टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज शतक था। इस तरह वैभव के साथ 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात...' वाली जो कहावत जुड़ी हुई है, उसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी बल्कि लगातार और तेज होती जा रही है। वैभव ने लिस्ट ए के 50 ओवर वाले अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसमें 44.12 की औसत और 164.95 के स्ट्राइक से 353 रन बनाये हैं। उनका बेस्ट स्कोर 190 रन रहा है। सूर्यवंशी ने इस फॉर्मेट में भी एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ चुके हैं। इस तरह देखें तो सूर्यवंशी मैच दर मैच और मैदान दर मैदान तथा प्रतियोगिता दर प्रतियोगिता अपनी चमक बढ़ाते जा रहे हैं। साल 2025 में एशिया कप राइजिंग स्टार्स टी-20 के चार मैचों में 59.75 की औसत से 243.87 के स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाये थे और इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 144 रहा था। इसलिए न सिर्फ दर्शकों की तरफ से बल्कि क्रिकेट के अनेक जानकारों का भी लगातार कहना था कि हमारे पास जो एक विशेष प्रतिभा है, उसका राष्ट्रीय टीम में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। अगले महीने जून में श्रीलंका में शुरू होने वाली ट्राई सीरीज में इंडिया ए में उनका चयन वास्तव में राष्ट्रीय टीम में चुने जाने के पहले की औपचारिकता जैसा है। अगर अब तक वह हर टूर्नामेंट में जिस तरह प्रदर्शन करते रहे हैं, अगर वैसा ही प्रदर्शन श्रीलंका में भी कर दिया, जिसकी बहुत ज्यादा उम्मीद है, तो लगभग तय हो जायेगा कि वह तेंदुलकर से भी पहले राष्ट्रीय टीम में चुने जाकर एक विशेष रिकॉर्ड बनाएंगे। तिलक वर्मा की कप्तानी में श्रीलंका जा रही इंडिया ए टीम में उनके अलावा प्रियांश आर्य, रियान पराग, आयुष बडोनी, प्रभसिमरन सिंह, यश ठाकुर, अंशुल कंबोज और अरशद खान भी होंगे।

## आपकी बात

### प्रतियोगी परीक्षाओं पर संकट

प्रतियोगी परीक्षाओं के पर्चे लीक होना, डमी कैंडीडेट का परीक्षा देना, परीक्षाओं की अन्य व्यवस्था पर सवाल उठना पहले भी होता रहा है। नीट परीक्षा का एक बार फिर पेपर आउट होना प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त धांधली का ही एक नमूना है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। पुलिस, आरओ-एआरओ भर्ती पर भी विवाद हुआ। अब बिहार में ऐसा ही विवाद चल रहा है। इस तरह के विवादों से पूरी परीक्षा और भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो जाते हैं। सरकार को इस तरह के विवादों को पूरी तरह से खत्म करने के एि भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए ताकि योग्य युवाओं के साथ अन्याय न होने पाये।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### चीन से व्यापार में नुकसान

द्विपक्षीय व्यापार हमेशा समृद्धि का कारण होता है लेकिन चीन के साथ बढ़ता व्यापार गंभीर चिंता का विषय है इसलिए देशवासियों को सस्ते के चक्कर में पड़ने के बजाय चीन से सतर्क रहना चाहिए और अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए चाहे भले ही अधिक कीमत चुकानी पड़े। चीन भारत का परम्परागत दुश्मन देश है और उसे दुश्मन मानकर हमेशा सतर्क रहना चाहिए। चीन बार-बार भारत को धोखा देता है इसलिए उससे व्यापार बढ़ाने के बजाय देश को अपनी सैन्य शक्ति मजबूत करनी चाहिए। चीन बलपूर्वक एलएसी को बदलने की मंशा पाले है लेकिन भारत हमेशा सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहता है। चीन इसे भारत की कमजोरी समझता है और वह सीमा विवाद को निपटाने के बजाय लटकाता रहता है। बार-बार सीमा पर सैनिकों का जमावड़ा कर एलएसी की भौगोलिक स्थिति को बदलने की कोशिश करता है। हालांकि चीन की इन हरकतों के बावजूद सीमा पर भारत द्वारा संयम बरतने के कारण तनाव के बावजूद शांति रही, लेकिन हाल के वर्षों में चीन बार-बार उकसाने वाली कार्रवाई करता है। लद्दाख के गलवान घाटी में चीन ने ही तनाव बढ़ाया और हमले भी पहले उसी ने किया है। ऐसे में चीन से सतर्क रहने की जरूरत है।

**दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.**

संक्षेप

## सरकारी बंजर भूमि पर अवैध निर्माण, केस दर्ज

**ललितपुर**। जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना बार क्षेत्र के ग्राम चुनगी में सरकारी बंजर भूमि पर अवैध निर्माण कराने के आरोप में एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय लेखपाल मानसी राजपूत की लिखित तहरीर पर की गई। ग्राम चुनगी परगना एवं तहसील तालबेहट स्थित आराजी संख्या 498/1, रकबा 0.3930 हेक्टेयर भूमि सरकारी अभिलेखों में श्रेणी 5.35 अंतर्गत बंजर भूमि दर्ज है। आरोप है कि गांव निवासी गुलाब सिंह पुत्र अमर सिंह, उनकी पत्नी गुडडीबाई एवं पुत्र रोहित यादव द्वारा उक्त सरकारी भूमि पर जबरन अवैध निर्माण कराया जा रहा था। लेखपाल मानसी राजपूत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 मई 2026 को राजस्व विभाग एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया था तथा आरोपियों को दोबारा निर्माण न करने की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने प्रशासनिक निर्देशों की अनदेखी करते हुए पुनरू निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बार पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2 एवं 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी बार ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सिपाही लाल को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा प्रकरण की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दुष्कर्मी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**महोबा**। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप विशेष पाक्सो कोर्ट महोबा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त बब्लू यादव उर्फ जय हिन्द पुत्र गया प्रसाद निवासी ग्राम सूपा थाना चरखारी जनपद महोबा को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 40 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक अनूप कुमार पाण्डेय द्वारा की गई। माननीय न्यायालय में लोक अभियोजक अमन सिंह व पुष्पेन्द्र सिंह की प्रभावी पैरवी एवं पैरोकार हेड कांस्टेबल बलजीत सिंह के समन्वित प्रयासों से अभियुक्त को दोषसिद्ध कराकर दण्डित कराया गया।

## फांसी लगाकर युवती ने दी जान

**बांदा**। मर्का गांव के खड़गताला में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मर्का थाना के गांव खड़गताला निवासी 20 वर्षीय युवती पायल देवी पुत्री शिवऔतार ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो फांसी के फंदे से निकालकर निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे। डाक्टर ने देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## बाड़े से तीन भैंसें समेत पांच मवेशी चोरी

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में किसान के खेत पर बने बाड़े से लाखों रुपये कीमत के मवेशी चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राम दौलतपुर निवासी राजनसिंह पुत्र शिवराज सिंह यादव ने तहरीर में बताया कि 17 मई 2026 की रात उनके खेत पर बने बाड़े से चोर तीन भैंसें, एक पड़वा और एक पीड़िता चोरी कर ले गए।

घटना के समय सभी मवेशी बाड़े में बंधे हुए थे। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित द्वारा की गई खोजबीन में यह बात सामने आई कि उत्तमधाना निवासी रामजी कुशवाहा निवासी फूलबाग एवं अरबाज अपने अन्य साथियों के साथ दिन में गांवों में घूमकर किसानों के बाड़ों की रेकी करते हैं और रात के समय गाड़ी में मवेशियों को लादकर चोरी कर ले जाते हैं।

आरोप लगाया गया है कि चोरी किए गए पशुओं को ललितपुर कोतवाली क्षेत्र के मैलवाराकलां

# लेखपाल परीक्षा में सख्त निगरानी अधिकारियों ने लिया जायजा



**फतेहपुर**। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स तथा पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने परीक्षा की शुचिता, सुचारु संचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में दोनों अधिकारियों ने राजकीय बालिका इंटर कालेज तथा महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा कक्षों का दौरा करते हुए सेंटर व्यवस्थाओं, अभ्यर्थियों की पहचान एवं जांच प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था तथा प्रश्नपत्रों की सुरक्षा का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि केन्द्रों पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की पहचान-पत्र और प्रवेश पत्र का कड़ाई से सत्यापन किया जा रहा है तथा मोबाइल फोन घड़ी-समान और किसी भी प्रकार के निषिद्ध उपकरणों के प्रबंधन हेतु विशेष निगरानी रखी जा रही है जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को आयोग के जारी निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा कक्षों में अनाधिकृत वस्तुओं के प्रतिबंध, समय पर सम्यक सूचना प्रवाह, शांतिपूर्ण वातावरण और परीक्षा सामग्री की सुरक्षा के लिए सभी संभव इंतजाम किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता व निष्पक्षता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उल्लंघन पाये जाने पर प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मियों और परीक्षा गार्ड को सतर्कता बरतने तथा अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

## लेखपाल भर्ती परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

बांदा। जनपद में आयोजित लेखपाल भर्ती परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने शहर के जे.एन. पी.जी. कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा की पारदर्शिता, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं अभ्यर्थियों की सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आज बांदा बाईपास का निरीक्षण किया गया, बांदा बाईपास में सड़क सुरक्षा की दृष्टिगत टेबल टॉप एवं स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिए एवं बबेरू रोड चैराहे व बिसंडा रोड चैराहे के पास खड़ी झाड़ियां की काटन कराए जाने एवं चैराहे को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद जिलाधिकारी जिला अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां शीतल पेयजल, कूलर एवं वाटर कूलर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

## मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

जिला संवाददाता

ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पैथोलॉजी विभाग की महिला विभागाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी देने और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है।

मेडिकल कॉलेज की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा.श्रुति सिंह की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एक पूर्व आउटसोर्सिंग कर्मचारी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पर आरोप है कि नौकरी से निकाले जाने के बाद वह महिला डॉक्टर पर नौकरी बहाल कराने का दबाव बना रहा था और मना करने पर झूठे आरोपों में फंसाने व हत्या की धमकी दे रहा था। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा. श्रुति सिंह (49 वर्ष) पुत्री नत्थू सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी ग्राम बैरवारा निवासी शैलेन्द्र यादव पीओसीटी कंपनी के माध्यम से आउटसोर्सिंग कर्मचारी के रूप में पैथोलॉजी विभाग में तैनात था।

ड्यूटी के दौरान उसके खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि वह ड्यूटी पर नशा करता था, जिसके चलते कंपनी ने उसकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं। महिला विभागाध्यक्ष के अनुसार नौकरी जाने के बाद आरोपी बौखला गया और उसने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपी लगातार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर दबाव बना रहा है कि उसकी दोबारा नौकरी लगवाई जाए। आरोपी कथित तौर पर धमकी दे रहा है कि यदि नौकरी वापस नहीं मिली तो वह डा. श्रुति सिंह को मेडिकल कॉलेज में नौकरी नहीं करने देगा और उन पर रुपये लेने जैसे झूठे आरोप लगाकर शिकायत करेगा।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। इतना ही नहीं, मेडिकल कॉलेज के अन्य कर्मचारियों से भी वह कह रहा है कि अगर उसकी नौकरी बहाल नहीं हुई तो वह कॉलेज के एक-दो लोगों को मार देगा। आरोपी की इन धमकियों से मेडिकल कॉलेज स्टाफ में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डा.श्रुति सिंह ने इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य, सीएमएस तथा महिला आयोग को भी भेजी है।

कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## ट्रांसफार्मर सही करते समय संविदाकर्मी झुलसा, भर्ती

**बांदा**। अतर्रा नगर के बदौसा रोड स्थित श्रीराम पैलेस के सामने लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को सुधारते समय एक संविदा विद्युत कर्मी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। संविदा कर्मी लाइनमैन अपने साथियों के साथ बदौसा रोड स्थित श्रीराम पैलेस के सामने लगे ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक करने पहुंचा था। कार्य शुरू करने से पहले कर्मियों ने जंपर काटकर लाइन बंद की और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। इसी दौरान ट्रांसफार्मर में आई खराबी को बनाते समय अचानक 11 हजार पावर लाइन का तार टच हो जाने से संविदा कर्मी विजयकांत त्रिपाठी पुत्र कौशल किशोर निवासी महुटा करंट की चपेट में आ गया और उसके शरीर में आग लग गई। मौके पर मौजूद साथियों ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए उसे विद्युत संपर्क से अलग किया, लेकिन तब तक उसका चेहरा, पेट और हाथ बुरी तरह झुलस चुके थे। घटना के बाद साथी कर्मियों ने घायल को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर क्षेत्रीय अवर अभियंता अजय कनौजिया एवं साथियों के सहयोग से घायल को चित्रकूट स्थित बेड़ी पुलिया के पास श्री राम कृपा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों में चिंता का माहौल बना हुआ है। घायल कर्मी के उपचार में अवर अभियंता अजय कनौजिया, लवकुश पटेल, हरिओम सहित सहयोगी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## गुम बच्चे को बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द




**बांदा**। थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने गुम हुए ढाई वर्षीय बच्चे को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। जनपद चित्रकूट के रहने वाले रोहित पुत्र शिवअवतार अपने पुत्र का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज बांदा आये थे। इसी दौरान फोन पर बातचीत करते हुए व्यस्त हो गए। इसी दौरान बच्चा कहीं गुम हो गया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज चैकी पर सूचना दी। चैकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने टीम गठित करते हुए मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर आस-पास के लोगों से पूछताछ कर बच्चे को सकुशल कॉलेज परिसर से ही बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने बच्चे को उसके पिता को सुपुर्द कर दिया।

# आगे बढ़ने को व्यावहारिक पक्ष की मजबूती आवश्यकः अविनाश चौहान



**बांदा**। भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित वर्ग प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन वक्ताओं ने वैचारिक अधिष्ठान, बूथ प्रबंधन, व्यावहारिक सत्र, सोशल मीडिया, सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं व क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी अविनाश सिंह चैहान एमएलसी ने व्यावहारिक विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा का व्यावहारिक पक्ष बहुत ही सुदृण है। समय की कीमत और व्यवहार ही जीवन में परिलक्षित होता है।

राजनीति में आगे बढ़ने के लिए व्यावहारिक पक्ष मजबूत होना चाहिए। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे व क्षेत्रीय सह अयोजक सोशल मीडिया हर्ष द्विवेदी ने कहा कि प्रशिक्षण में मीडिया व सोशल मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रशिक्षित कार्यकत्रा ही अनुशासित कार्यकत्रा बनते हैं। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी हैं जिसने अपने संकल्प को पूरा किया हैं। प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, क्षेत्रीय महामंत्री संत बिलास शिवहरे ने विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। जिला संयोजक अखिलेशनाथ दीक्षित, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, संतोष गुप्ता, संजय सिंह, निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, उत्तम सक्सेना, राकेश कुमार गुप्ता लल्ला, अमित सेठ भोलू आदि मौजूद रहे।

# किरायेदार बनकर आया शातिर ठग और नौकरी का सपना दिखाकर ठग लिये 8 लाख से अधिक

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। शहर के मोहल्ला आजादपुरा तुवन टीला में किरायेदार बनकर रह रहे एक युवक द्वारा वृद्ध महिला से लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले फर्जी पहचान बताकर मकान में कमरा किराये पर लिया, फिर खुद को मेडिकल कॉलेज का कर्मचारी बताकर महिला के बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा दिया और धीरे-धीरे करीब 8 लाख 23 हजार की रकम हड़प ली।

**● फर्जी नाम-पते से लिया कमरा, आधार कार्ड और बैंक खातों का दुरुपयोग कर उड़ाई रकम**

पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा तुवन टीला निवासी 60 वर्षीय भगवती चैरसिया पत्नी रामसेवक चैरसिया ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब पांच माह पूर्व एक युवक उनके घर किरायेदार बनकर रहने आया था। उसने अपना नाम इटावा निवासी सौरभ राजपूत पुत्र राजेश कुमार राजपूत बताया था। आरोपी ने विश्वास जीतने के बाद परिवार से नजदीकी बढ़ा ली। पीड़िता के अनुसार एक दिन उन्होंने आरोपी से अपना आधार कार्ड अपडेट कराने की बात कही, जिस पर उसने मदद करने के बहाने आधार कार्ड अपने पास रख लिया।

इसी दौरान आरोपी ने खुद को अमरपुर मेडिकल कॉलेज में कार्यरत लैब टेक्नीशियन बताते हुए उनके बेटे की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया।

नौकरी के नाम पर उसने महिला से विभिन्न किश्तों में रुपये मांगे। झांसे में आई वृद्ध महिला ने आरोपी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करीब 3 लाख 30 हजार के पांच अलग-अलग चेक सौंप दिए। इसके बाद आरोपी ने बैंक खातों की जानकारी और दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए महिला के स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक खातों से करीब 4 लाख 93 हजार की अतिरिक्त रकम भी निकाल ली। पीड़िता ने बताया कि यह पूरी रकम उन्होंने अपनी बेटी निधि चैरसिया की शादी के लिए वर्षों से जमा कर रखी थी। जब लंबे समय तक नौकरी नहीं लगी और आरोपी टालमटोल करने लगा तो परिवार को शक हुआ। जांच-पड़ताल के दौरान आरोपी के पास मिले आधार कार्ड से उसके असली नाम का खुलासा हुआ।

पता चला कि आरोपी का वास्तविक नाम इटावा के थाना बसरेहर अंतर्गत ग्राम असानन्दपुर निवासी चन्दकीराम पुत्र अचम्भेलाल है। आरोपी ने मकान मालिक और पुलिस को गुमराह करने के लिए फर्जी नाम सौरभ राजपूत का इस्तेमाल किया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक आलोक कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शादी अनुदान योजना बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**फतेहपुर**। समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति, सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब परिवारों की पुत्रियों के लिए चलायी जा रही शादी अनुदान योजना से संबंधित जनपद स्तरीय समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में योजना के ऑनलाइन आवेदन पत्रों की स्वीकृति, लक्ष्य आवंटन और लाभार्थियों के चयन एवं वितरण तंत्र पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने शासनादेशानुसार योजना की पात्रता एवं शर्तों की पुनः पुष्टि करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति, सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदनकर्ता की वार्षिक आय निर्धारित गरीबी रेखा से अधिक नहीं होनी चाहिए? शहरी क्षेत्र मे पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अलग नियमों के तहत शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवेदक की आय प्रति वर्ष से अधिक नहीं होने पर लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला या दिव्यांग आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी तथा एक परिवार से अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह के लिए ही अनुदान मान्य होगा।जिलाधिकारी ने बताया कि विवाह के संबंध में ऑनलाइन आवेदनकर्ता को शादी की तिथि के 90 दिन पूर्व अथवा उसके 90 दिन पश्चात आवेदन करना अनिवार्य है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आवेदन वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पहले होने चाहिए।

## एचटी लाइन टूटी टेलर की जली दुकान, लाखों का नुकसान



**बांदा**। हाईटेंशन की जर्जर लाइन टूटकर उपभोक्ता के कनेक्शन वाली तार में गिर पड़ी, जिससे दुकान में आग लग गई। न्यू स्टार ट्रेलर्स के कपड़े, मशीन, फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। अग्निकांड से लगभग 15 लाख कीमत की सामाग्री जलकर नष्ट होना बताई जा रही है।बबेरू कस्बे के संजय गांधी मार्ग अतर्रा रोड निवासी इस्माइल खान पुत्र जमील अहमद ने बताया कि कालेज मार्केट पर स्थिति अतर्रा रोड की न्यू स्टार ट्रेलर्स की दुकान किये है। बुधवार रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। रात में हाईटेंशन की जर्जर तार टूट कर गिर पड़ी। जिससे उसके दुकान में आग लग गई। सुबह टहलने को निकले लोगों ने दुकान के अंदर से धुंआ और लपटे देखा तो वहां पर रहने वालों को आवाज लगाई। लोगो ने स्टार ट्रेलर्स के मालिक को फोन से जानकारी दी।घर से आकर दुकान का ताला खोला और अग्निशमन सहित पुलिस को सूचना दिया। दुकान के सामने हाईटेंशन के टूटी पड़ी तार से चिंगारी निकल रही थी। बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली की सप्लाई बंद करायी। दुकान में रखे कपड़े, मशीन, फर्नीचर सब जल गया। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने दमकल कर्मियों की मदद से आग बुझाया। लोगों का कहना है कि बगल की दुकान में आग पहुंच जाती तो संभालना मुश्किल हो जाता। दुकान मालिक ने बाया कि अग्निकांड में लगभग 15 लाख रुपयों से अधिक का नुकसान हो गया है। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस व हल्का लेखपाल ने मौका मुआयना किया है।

# हीट वेव से बचाव की डीएम ने की समीक्षा



**बांदा**। भीषण गर्मी एवं हीट वेव से आमजन एवं पशुओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

बैठक में जनपद में संचालित राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में आवश्यकतानुसार कूलिंग सेंटर स्थापित किए जाएं। पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में पानी के टैंकरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह भी निर्देश दिए कि खराब पड़े हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल ठीक कराया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न न होने पाए। बैठक में जिलाधिकारी ने गौशालाओं की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल, छायादार व्यवस्था एवं हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कहा कि पानी के अभाव में किसी भी पशु की मृत्यु न होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

**● तिंदवारा व महोखर गांव का किया निरीक्षण**

नगर निकायों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ एवं वाटर कूलर स्थापित कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को भीषण गर्मी में राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबों की सूची दूरी सहित शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि जल संरक्षण एवं आपातकालीन उपयोग की दृष्टि से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हीट वेव से बचाव को शासन से जारी दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने हीट वेव के दृष्टिगत ग्राम पंचायत तिंदवा ?ा, महोखर का निरीक्षण कर पंचायत भवनों में कूलर एवं शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## लाल मौरम का अवैध खनन पकड़ा गया, जेसीबी-डंपर सीज

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। जिले में अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आधी रात संयुक्त छापेमारी में लाल मौरम और साधारण मिट्टी के बड़े अवैध खनन का भंडाफोड़ किया है। खनिज विभाग, राजस्व, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैगांयकलां में छापा मारकर बिना अनुमति चल रहे खनन कार्य को पकड़ा। मौके से एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन और एक डम्फर को जब्त कर सीज कर दिया गया है। खान अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ चोरी और अवैध खनन की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले में पिछले कई दिनों से ग्राम बुढ़वार और नैगांय कलां क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगातार प्रशासन तक पहुंच रही थीं।

**● माफिया कुंआतला ग्राम प्रधान विजय राजपूत पर मुकदमा दर्ज**
**नैगांयकलां में चल रहा था करोड़ों के अवैध खनन का खेल**
**● 4200 घन मीटर लाल मौरम और 1050 घन मीटर मिट्टी का अवैध उत्खनन उजागर**

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खान अधिकारी अमितोष वर्मा के नेतृत्व में 18 मई 2026 की देर रात खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम जब ग्राम नैगांय कलां स्थित गाटा संख्या 761 पर पहुंची तो वहां बड़े पैमाने पर चोरी-छिपे लाल मौरम और साधारण मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन होता मिला। प्रशासनिक टीम को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने मौके की पैमाइश कराई, जिसमें खुलासा हुआ कि खनन माफियाओं द्वारा करीब 4200 घन मीटर लाल मौरम और 1050 घन मीटर साधारण मिट्टी का अवैध खनन कर उसे ठिकाने लगाया जा चुका था। इससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व और रायल्टी का नुकसान पहुंचाया गया। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने मौके से एक बिना नंबर की जेसीबी मशीन (चेचिस नंबर एचएआर 3डीएक्सएस 4पी03302307) और डम्फर संख्या यू.पी.93 ए.टी.0156 को कब्जे में ले लिया। दोनों वाहनों को तत्काल प्रभाव से पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द कर सीज कर दिया गया। पूछताछ में चालकों ने बताया कि पूरा अवैध खनन कार्य कुआंतला के वर्तमान ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत पुत्र प्रताप सिंह द्वारा कराया जा रहा था। मौके पर खनन संबंधी कोई वैध परमिट, पट्टा या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

खनन विभाग की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने आरोपी कुआंतला ग्राम प्रधान विजय सिंह राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम 3(1), 58 एवं 72(1) के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अंकित कौशिक को सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि जनपद में अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले खनन माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी और पकड़े जाने पर वाहन सीज करने के साथ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जिला बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता



**ललितपुर**। लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्रता एवं मारपीट की घटना को लेकर जिला बार एसोसिएशन ने नाराजगी जताते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 17 मई 2026 को जनपद लखनऊ में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुई घटना में अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा उनके चेंबरों को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस घटना को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता के विरोध में एकजुट हुएअधिवक्ता**

ज्ञापन में कहा गया कि अधिवक्ता समाज न्याय दिलाने के लिए निरंतर कार्य करता है, ऐसे में उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। बार एसोसिएशन ने घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, अधिवक्ताओं के क्षतिग्रस्त चेंबरों का पुनर्निर्माण कराने तथा अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग शामिल की। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिराम राजपूत, महामंत्री संतोष सिंह यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर नागरिकों ने जिलाधिकारी से की शिकायत



**ललितपुर**। शहर में पेयजल आपूर्ति में आ रहे दूषित एवं बदबूदार पानी को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ समय से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी नलों और पाइपलाइनों के माध्यम से गंदा एवं मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। शिकायत पत्र में बताया गया कि कई मोहल्लों में पानी अत्यधिक दूषित, मटमैला और बदबूदार आ रहा है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि इस दूषित पानी के सेवन से बच्चों और बुजुर्गों में टाइफाइड, पीलिया, डायरिया तथा पेट संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

इसके साथ ही घरेलू उपयोग में भी लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि मुख्य पेयजल पाइप लाइन में कहीं लीकेज या सीवर/नालियों का गंदा पानी मिल जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जल आपूर्ति लाइनों की तत्काल जांच कराकर दोष दूर कराया जाए। शिकायतकताओं ने मांग की कि जल शुद्धिकरण संयंत्रों में क्लोरीनेशन एवं सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा जब तक पाइपलाइन पूरी तरह ठीक न हो जाए, तब तक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह समस्या जनस्वास्थ्य से जुड़ी हुई है, इसलिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके और बीमारियों की आशंका समाप्त हो।

## संक्षेप

### लावा का कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू

नई दिल्ली। लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने आज अपने नोएडा प्लांट में नई कंपोनेंट और चार्जर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन किया, जो स्थानीयकरण और गुणवत्ता की निगरानी की दिशा में एक निर्णायक कदम है। लावा मोबाइल्स ने अपनी 17 वर्षों की यात्रा में हमेशा वैश्विक दर्शकों के लिए भारत में रचे-बसे एक घरेलू प्रौद्योगिकी ब्रांड के निर्माण को प्राथमिकता दी है। हमने उत्पाद की गुणवत्ता, विनिर्माण क्षमताओं, डिजाइन की स्वायत्तता और सबसे महत्वपूर्ण बात, उपयोगकताओं के लिए एक साफ-सुथरे एवं स्पष्ट उत्पाद अनुभव को महत्व दिया है।

### वी जॉन का शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर लॉन्च

नईदिल्ली। वी-जॉन ने वी-जॉन शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नया किफायती शेविंग समाधान भारतीय मास मार्केट के लिए स्मूद, आरामदायक और भरोसेमंद शेविंग अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। मात्र 20 रुपये की कीमत वाले इस रेजर का लक्ष्य कम कीमत वाले डिस्पोजेबल रेजर और प्रीमियम मल्टी-ब्लेड सिस्टम के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि उपभोक्ताओं को किफायती दाम में बेहतर प्रदर्शन मिल सके। वी-जॉन में हमारा हमेशा से मानना रहा है कि गुणवत्तापूर्ण ग्रूमिंग केवल प्रीमियम उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

### एयरबीएनबी पर मिलेंगी और भी सुविधाएं

नई दिल्ली। अब एयरबीएनबी केवल ठहरने की जगह बुक करने वाला मंच नहीं रह गया है। कंपनी ने एयरबीएनबी एक्सपीरियंस और एयरबीएनबी सर्विसेज की शुरूआत की थी, जिससे लोगों को घर बुकिंग के साथ कई नई सुविधाएं भी मिलने लगीं। इसके जरिए लोग एक ही जगह पर ठहरने की बुकिंग करने, स्थानीय लोगों के साथ शहर घूमने और निजी शेफ से खाना बनवाने जैसी सुविधाओं का फायदा उठा सकते थे। तब से दुनिया भर में लाखों लोग इन सेवाओं का इस्तेमाल कर चुके हैं। यात्रा केवल आसान नहीं बल्कि यादगार भी होनी चाहिए।

### जियोहॉटस्टार और कलर्स लेकर आये भोजपुरी बवाल

मुंबई। जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने और कलर्स टीवी पर प्रसारित होनेवाली यह सीरीज दर्शकों को मंच, पर्दे और शोहरत की दुनिया से आगे ले जाकर भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सितारों पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव के निजी और पेशेवर जीवन की अनदेखी झलक दिखाएगी। भोजपुरी बवाल इन सभी रंगों को पूरी सच्चाई और भावनाओं के साथ दर्शकों तक पहुँचाने का वादा करता है। पारंपरिक रियलिटी शोज से अलग, यह सीरीज पहली बार एक अनोखे फॉलो रियलिटी फॉर्मेट को पेश कर रही है, जिसमें न कोई टास्क होगा, न एलिमिनेशन और न ही किसी तरह का बनावटी ड्रामा।

### कोक स्टुडियो भारत लेकर आया है कचौड़ी गली

नयी दिल्ली। कोक स्टुडियो भारत अपने सीजन 4 का तीसरा गीत लेकर वापस आया है। इस बार यह बनारस की गलियों का रुख करता है और 'कचौड़ी गली' लेकर आया है, जो प्रथम एंग्लो-बर्मा युद्ध की भुला दी गई मानवीय पीड़ा से प्रेरित एक लोकगीत है। गीत बनारस की कचौड़ी गली से शुरू होता है, जहां एक महिला अपने पति को ब्रिटिश सेना द्वारा जबरन ले जाते देखती है। उस आदमी को मिजार्पुर से रंगून (यांगून, म्यांमार) भेजा जा रहा था, एक ऐसे युद्ध के लिए जिसे उसने कभी चुना ही नहीं। उसकी पत्नी की आवाज में दर्द है, गुस्सा है और अचानक खाली हो गए घर का बोझ है, जो उतना ही करीबी, उतना ही स्थानीय और जगह में उतना ही रचा-बसा है जितना सिर्फ लोक संगीत हो सकता है। वह जो महसूस करती है, वही हजारों आम परिवारों ने कभी महसूस किया था।

### माजा के 50 स्वर्णिम साल मना जश्न

नयी दिल्ली। कोका-कोला इंडिया ने भारत को आम का असली स्वाद देने वाले माजा के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया। 1976 में अपनी शुरूआत के बाद से, माजा शानदार स्वाद, बचपन की यादों और खास भारतीय पलों की अपनी मजबूत विरासत के दम पर, आम के प्रति भारतीयों के प्यार के साथ गहराई से जुड़ गया है। पांच दशकों से माजा गर्मियों की दोपहरों और पारिवारिक समारोहों से लेकर रोजमर्रा के छोटे-छोटे जश्न तक, हर पीढ़ी के साथ एक जाना-पहचाना नाम बना हुआ है। समय के साथ यह ब्रांड सिर्फ एक पेय से कहीं आगे बढ़कर, घर में पैदा होने वाले आम के उस मजे का पर्याय बन चुका है जो आज भी सुकून देने वाला और यादगार महसूस होता है।

# सेंसेक्स में 135 अंकों की गिरावट



मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को शुरुआती तेजी जाती रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 135 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में चार अंक की मामूली गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 135.03 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 75,183.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह उंचे में 75,945.79 अंक तक गया और नीचे में 74,996.78 अंक तक आया। यानी इसमें 949.01 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। भारतीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच वृहद आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता तथा उच्चस्तर पर मजबूत प्रतिरोध के कारण मानक सूचकांकों ने अपनी मजबूत शुरुआती बढ़त खो दी। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.48 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप सेलेक्ट लगभग अपरिवर्तित रहा। बृहस्पतिवार को भी बाजार अस्थिर रहे और लगभग स्थिर बंद हुए। वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों के बीच समेकन का दौर जारी है। वैश्विक बाजारों में स्थिरता के चलते निफ्टी मजबूती से खुला। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख शेयरों में बिकवाली के दबाव ने तेजी को सीमित कर दिया और कारोबार आगे बढ़ने के साथ ही सूचकांक धीरे-धीरे नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी, वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और ईंधन की उंची कीमतों से उत्पन्न मुद्रास्फीति के दबाव को लेकर चिंताओं के कारण बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 104.3 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को I,597.35 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 117.54 अंक चढ़कर 75,318.39 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 41 अंक बढ़कर 23,659 अंक पर रहा था।


# रुपया सार्वकालिक निचले स्तर से उबरा 49 पैसे चढ़कर 96.37 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भू-राजनीतिक तनाव में कमी के संकेतों और केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से रुपया बृहस्पतिवार को सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा और अंत में 49 पैसे मजबूत होकर 96.37 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालिया भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद रुपये में मजबूती आई है। हालांकि, निवेशक अब भी भू-राजनीतिक जोखिम और तेल की कीमतों को लेकर सतर्क हैं। उन्होंने बताया कि एक साल के फॉरवर्ड बाजार में रुपये की दर बुधवार को महत्वपूर्ण 100 प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंच गई थी। यह संकेत देता है कि बाजार पहले से ही अगले 12 महीनों में डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर रहने का अनुमान जता रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले 96.25 पर खुला। इसके बाद कारोबार के दौरान 96.05 के उच्च और 96.60 के निचले स्तर तक गया। अंत में यह 96.37 प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 49 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 96.86 पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान एक समय यह 96.95 प्रति डॉलर तक भी टूट गया था। भू-राजनीतिक तनाव में कमी के शुरुआती संकेतों और केंद्रीय बैंक के सक्रिय हस्तक्षेप से रुपया संभला है। भविष्य में निवेशकों का ध्यान भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और केंद्रीय बैंक की आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा पर रहेगा। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.74 से 96.50 के बीच रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.30 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 अंक पर रहा। वहीं निफ्टी 23,654.70 अंक पर लगभग स्थिर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.23 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया।

## वायदा बाजार में कच्चे तेल का भाव 106 रुपये बढ़कर 9569 रुपये प्रति बैरल




नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के बीच कारोबारियों के अपने सौदे बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बृहस्पतिवार को 106 रुपये चढ़कर 9,569 रुपये प्रति बैरल हो गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों की कीमत 106 रुपये की बढ़त के साथ 9,569 रुपये प्रति बैरल हो गई। इसमें 4,282 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि प्रतिभागियों के दांव बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहीं। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल की कीमत 0.82 प्रतिशत की तेजी के साथ 107.77 डॉलर प्रति बैरल हो गई जबकि ब्रेंट कच्चा तेल का भाव 0.51 प्रतिशत बढ़कर 105.56 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## सोने में 600 व चांदी में पांच हजार रुपये की उछाल



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं और चांदी भी 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। भू-राजनीतिक तनाव के बीच कारोबारी कीमती धातुओं को लेकर सतर्क रूप से आशावादी बने रहे।

स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, लगातार तीसरे सत्र में बढ़त जारी रखते हुए, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 600 रुपये बढ़कर 165,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो बुधवार के बंद भाव 164,900 रुपये से अधिक है। इस कीमती धातु की कीमतों में पिछले तीन सत्रों में कुल 2,700 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताओं ने अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में मजबूती के बावजूद, इस धातु की खरीद को समर्थन दिया। बाजार के जानकारों के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी सुधार देखने को मिला, और इसकी कीमत 5,000 रुपये उछलकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसे सस्ते भाव पर खरीदारी और औद्योगिक मांग में सुधार के रुख से मदद मिली। अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी बाधाओं को लेकर चिंताओं ने कीमती धातुओं की मांग को लगातार बनाए रखा और रुपये में कमजोरी ने भी स्थानीय कीमतों को समर्थन दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गिरावट के बावजूद घरेलू सर्राफा कीमतें मजबूत बनी रहीं। हाजिर सोने का भाव मामूली रूप से गिरकर 4,534.54 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी लगभग एक प्रतिशत फिसलकर 75.39 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## पेंशन नियामक ने की दीर्घकालिक बेहतर रिटर्न के लिए नयी परिसंपत्ति श्रेणियों पर समिति गठित

नयी दिल्ली। पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने पेंशनधारकों के लिए बेहतर प्रतिफल (रिटर्न) सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न परिसंपत्ति श्रेणियों को शामिल करने के लिए एक समिति का गठन किया है।

पीएफआरडीए के चेयरमैन एस. रमण ने कहा कि हमें ऐसी नई परिसंपत्तियों पर विचार करना होगा जो लंबे समय तक बिना अधिक उतार-चढ़ाव के निरंतर एवं स्थिर वृद्धि दे सकें... हम यह नहीं कर सकते कि एक वर्ष में बहुत अधिक प्रतिफल दिखे और अगले वर्ष वह गिर जाए। उस अस्थिरता से बचना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत अंशधारकों की संख्या इस वर्ष 22 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के अंत में एनपीएस में कुल अंशधारकों की संख्या 2.17 करोड़ रही, जबकि कुल कोष 15.95 लाख करोड़ रुपये था। हमने एक समिति बनाई है जो विभिन्न परिसंपत्ति श्रेणियों को दीर्घकालिक रूप से शामिल करने पर काम कर रही है। हम दुनिया के पेंशन कोषों के अनुभव से सीख रहे हैं। भरोसा जताया कि इससे एक ऐसा संतुलित ढांचा तैयार होगा जिससे एनपीएस धारकों को स्थिर और लगातार बढ़ता हुआ रिटर्न मिल सकेगा।

## बलरामपुर फाउन्डेशन ने पेश किया बिल्डिंग स्किल्स-ट्रांसफोर्मिंग फ्यूचर्स

नयी दिल्ली। बलरामपुर फाउन्डेशन ने बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की शाखा बलरामपुर बायोयुग और आईटीआई मोहम्मदी के सहयोग से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खेड़ी में महिलाओं पर केन्द्रित कौशल विकास प्रोग्राम-बिल्डिंग स्किल्स, ट्रांसफोर्मिंग फ्यूचर्स-बलरामपुर बायोयुग बायोप्लास्टिक 3 डी प्रिंटिंग प्रोजेक्ट का लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम को 3 प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के जरिए युवतियों को आधुनिक मैनुफैक्चरिंग कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। वीएपी 3डी इस पहल के लिए नॉलेज एवं टेक्निकल पार्टनर हैं। इस पहल की अवधारणा बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की एक्जक्टिव डायरेक्टर मिस अवंतिका सराओगी द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य महिला आईटीआई छात्रों के लिए नेक्स्ट जनरेशन मैनुफैक्चरिंग तकनीकों जैसे 3 डी प्रिंटिंग को सुलभ बनाना है।

## ओरल सेमाग्लूटाइड बायोसिमिलर टैबलेट ओबेडा लॉन्च

नई दिल्ली। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड ने आज टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस के इलाज के लिए अपने ओरल सेमाग्लूटाइड बायोसिमिलर को लॉन्च करने की घोषणा की है। डॉ. रेड्डीज का यह ओरल सेमाग्लूटाइड भारत में ओबेडा ब्रांड नाम के तहत टैबलेट के रूप में उपलब्ध है। यह लॉन्च भारत और कनाडा में डॉ. रेड्डीज द्वारा हाल ही में जेनेरिक सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की पेशकश के बाद हुआ है, जो जीएलपी-1 थेरेपी के क्षेत्र में कंपनी की स्थिति को एक फुल-स्टैक प्लेयर के रूप में और मजबूत करता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए हमारे ओरल सेमाग्लूटाइड का लॉन्च उन्नत डायबिटीज केयर तक पहुंच को व्यापक बनाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आईटेल ने लॉन्च किया ए100 प्रो स्मार्टफोन सिर्फ 8999 रुपये में

नयी दिल्ली। आईटेल ने हाल ही में धमाकेदार ए100 प्रो स्मार्टफोन लॉन्च किया है। अपने शानदार डिजाइन से हर जगह चर्चा में आया यह फोन मजबूती, स्टाइल और किफायती कीमत का बेहतरीन मेल है। ए100 प्रो स्मार्टफोन को मिलिट्री ग्रेड सर्टिफिकेशन मिला है, जो यूजर्स को बेजोड़ मजबूती और मन की शांति देता है। अल्ट्रालिंक से लैस यह फोन वहां भी कनेक्टिविटी देगा जहां नेटवर्क नहीं होता। ए100 प्रो स्मार्टफोन 3+5 जीबी रैम और 64 जीबी रोम के साथ आता है। 15 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों का विशाल भरोसा, 1.3 लाख से अधिक रिटेल आउटलेट्स पर वैश्विक मेमोरी कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद यह सिर्फ 8999 रुपये में उपलब्ध है।

## एस्सेल ग्रुप ने पूरे किये 100 शानदार वर्ष

नयी दिल्ली। एस्सेल ग्रुप ने अपनी वैश्विक यात्रा के 100 स्वर्णिम वर्ष पूरे कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 1926 में आदमपुर जैसे छोटे से शहर से शुरू हुई यह यात्रा आज दुनिया भर में विविध कारोबारों में अपनी मजबूत पहचान रखने वाले विशाल समूह के रूप में स्थापित हो चुकी है। बीती एक सदी में एस्सेल ग्रुप ने अपने नवाचार, दूरदृष्टि और उद्यमशीलता की भावना से वैश्विक स्तर पर एक स्थायी छाप छोड़ी है। एस्सेल ग्रुप की यात्रा दृढ़ संकल्प, संघर्ष, नवाचार और विकास की कहानी रही है। हमारा हमेशा यह विश्वास रहा कि प्रगति वही है, जो समाज और राष्ट्र दोनों के लिए मूल्य पैदा करे। इसी सोच ने समूह को हर कारोबारी क्षेत्र में अग्रणी कदम उठाने की प्रेरणा दी।

## तेल आपूर्ति की चिंताओं के बीच जापान का व्यापार मजबूत

तोक्यो। ईरान में युद्ध के कारण तेल और गैस आपूर्ति को लेकर चिंताओं के बावजूद जापान का व्यापार अप्रैल में मजबूत बना रहा।

वित्त मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में निर्यात सालाना आधार पर 14.8 प्रतिशत बढ़ा। निर्यात उम्मीद से अधिक मजबूत रहा और लगातार आठवें महीने इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई। सेमीकंडक्टर क्षेत्र का इसमें अहम योगदान रहा जिसका निर्यात करीब 42 प्रतिशत बढ़ा। आयात में भी पिछले वर्ष की तुलना में 9.7 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। व्यापार संतुलन पिछले वर्ष के इसी महीने के घाटे से 301.9 अरब येन (1.9 अरब अमेरिकी डॉलर) के अधिशेष में तब्दील हो गया। अप्रैल में चिकित्सकीय उत्पादों, कागज उत्पादों और विद्युत मशीनरी के अधिक निर्यात ने भी बेहतर प्रदर्शन में योगदान दिया। आंकड़ों के अनुसार, चीन को निर्यात 15.5 प्रतिशत और अमेरिका को 9.5 प्रतिशत बढ़ा। वहीं, चीन से आयात 15 प्रतिशत और अमेरिका से आयात 23 प्रतिशत बढ़ा। कुल आयात बढ़ा, हालांकि मूल्य के लिहाज से जापान का तेल आयात करीब 50 प्रतिशत घटा है। तरलीकृत प्राकृतिक गैस का आयात 20 प्रतिशत कम हुआ। ईरान में युद्ध के कारण फारस की खाड़ी से निर्यात का मुख्य मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरुद्ध से आपूर्ति प्रभावित हुई है। जापान ने कम आपूर्ति की भरपाई के लिए राष्ट्रीय तेल भंडार का कुछ हिस्सा जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## वी-गार्ड ने जीता प्रतिष्ठित आईएमसी रामकृष्ण बजाज नेशनल क्वॉलिटी अवार्ड 2025

नयी दिल्ली। वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आईएमसी रामकृष्ण बजाज नेशनल क्वॉलिटी अवार्ड (आईएमसी आरबीएनक्यूए) 2025 में प्रतिष्ठित 'परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। कंपनी के लिए यह एक अहम मील के पत्थर के रूप में है क्योंकि वी-गार्ड ने भागीदारी के पहले ही साल में यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान हासिल किया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि यह सम्मान किसी एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को नहीं, बल्कि वी-गार्ड को एक कॉर्पोरेट मैन्युफैक्चरिंग इकाई के रूप में दिया गया है, जिसमें चावड़ी, काशीपुर, पेरुंदुरई, सिक्किम यूनिट-2 और रुड़की स्थित पांच मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का सामूहिक प्रतिनिधित्व है।

## पेज एक का शेष

### भारत-अफ्रीका

के साथ अपनी एकजुटता दोहराई और स्वास्थ्य संबंधी बदलती स्थिति से निपटने के उद्देश्य से अफ्रीका सीडीसी के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों में योगदान देने की अपनी तत्परता व्यक्त की। बयान में कहा गया, अफ्रीकी नेताओं और हितधारकों की पूर्ण भागीदारी और सहभागिता सुनिश्चित करने के महत्व को पहचानते हुए, और महाद्वीप पर उभरती सार्वजनिक स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए शिखर सम्मेलन और संबंधित गतिविधियों के आयोजन के संबंध में भारत सरकार, अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष और अफ्रीकी संघ आयोग के बीच विचार-विमर्श किया गया। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, इन चर्चा के बाद दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि चौथे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन को बाद में आयोजित करना उचित होगा। भारत ने 2018 से अफ्रीका में 17 नए मिशन खोलकर अपनी राजनयिक उपस्थिति का विस्तार किया है, जिससे महाद्वीप में भारत के कुल मिशन की संख्या 46 हो गई है।

### यूपी, एमपी

विभाग ने अगले तीन दिन रेड अलर्ट जारी किया है। यानी भीषण तपिश और रात की गर्मी से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं हैं। गुरुवार को प्रदेश के 26 शहरों में बेतहाशा तपिश से लोग परेशान रहे। राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेलिसयस नजीबाबाद में दर्ज किया गया। बांदा का तापमान पांचवे दिन भी सबसे ज्यादा 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए यूपी के 43 जिलों में भीषण गर्मी, हीट वेव की स्थिति का अलर्ट जारी किया है। इनमें 10 जिलों के लिए रेड और 33 के लिए ऑरेन्ज अलर्ट है। मध्य भारत के ऊपर बने एंटी-साइक्लोन और शुष्क पछुआ हवाओं के चलते समूचा प्रदेश तप रहा है। इसके कारण राज्य के 26 प्रमुख शहरों में पारा 40 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज किया गया। बांदा के बाद प्रयागराज में पारा 46.6 डिग्री तापमान रहा। प्रदेश के 15 शहरों में तापमान 43 डिग्री या इससे अधिक रहा।

### सीएम ने

बरती जाए। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को अस्पतालों, पेयजल व्यवस्था और बिजली आपूर्ति की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस दौर में आमजन को सबसे अधिक परेशानी बिजली कटौती और पानी की कमी से होती है, इसलिए इन दोनों व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में नियमित समीक्षा करें और जहां भी समस्या हो, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों में आवश्यक दवाएं, बेड, आईवी फ्लूइड और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं को भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके। सीएम योगी ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि ये वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि दोपहर के समय बच्चों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने दें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाते रहें। उन्होंने बुजुर्गों को भी तेज धूप से बचाने और उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने लोगों से ढीले सूती कपड़े पहनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हल्के रंग के सूती वस्त्र शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं और गर्मी से राहत देते हैं। इसके साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, ओआरएस और नींबू पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने तथा धूप में निकलते समय सिर को ढकने जैसे उपाय अवश्य अपनाए जाएं। सीएम योगी ने आग लगने की घटनाओं को लेकर भी लोगों और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### राज्य कर्मियों

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) में जमा कराई जाएगी या फिर नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी यदि किसी राशि के बराबर एनएससी उपलब्ध नहीं हो सकेगा तो उस हिस्से का भुगतान नकद किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार शासनादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से आच्छादित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अलग व्यवस्था की गई है. शासनादेश के अनुसार 1 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक के महंगाई भत्ते के बकाये में से 10 प्रतिशत राशि कर्मचारियों के टियर-1 पेंशन खाते में जमा की जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार या नियोक्ता की ओर से उस अवशेष राशि का 14 प्रतिशत अंशदान भी टियर-1 खाते में जमा कराया जाएगा।

### वाटर स्पोर्ट्स

लिए सरकार हर कदम तत्परता से खड़ी है। सीएम योगी ने कहा कि रामगढ़ताल वाटर स्पोर्ट्स के हब के रूप में अपनी एक नई पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व मानचित्र पर कड़ी रोइंग शक्ति के रूप में उभरा है। स्पोर्ट्स साइंस, डेटा एनालिटिक्स एवं आधुनिक प्रशिक्षण और फिटनेस, वर्ल्ड चैम्पियनशिप की आवश्यकता है। यह सभी कुछ देश में होने वाली प्रतियोगिताओं के माध्यम से उपलब्ध हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आने वाले समय में रामगढ़ताल में रोइंग, कैनोइंग एवं अन्य जल क्रीडा से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

### जीबीसी 5.0

के समक्ष जीबीसी के दौरान पूरे आयोजन का विस्तार से ब्योरा प्रस्तुत किया गया। इसमें स्टेज डिजाइन से लेकर पाथवे, एग्जीबिशन लेआउट को भी प्रस्तुत किया गया। एग्जीबिशन को 8 जोन में विभाजित किया गया है। पहला जोन-व्हाई यूपी है, जिसमें उत्तर प्रदेश के बदले परिदृश्य को विस्तार से दिखाया जाएगा। जोन 2 में इंफ्रास्ट्रक्चरल ट्रांसफॉर्मेशन, जोन 3 में डिफेंस व एयरोस्पेस, जोन 4 में ईवी एवं ग्रीन एनर्जी सस्टेनिबिलिटी, जोन-5 में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफेक्चरिंग, जोन-6 में टेक्सटाइल्स, जोन-7 में टूरिज्म तथा जोन-8 में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में यूपी में आए सार्थक बदलाव को विस्तार से प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर में भूमि की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके सापेक्ष हमें भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर देना होगा। इसके अलावा उन प्रोजेक्ट्स में, जहां वर्षों पूर्व भूमि आवंटित की गई, लेकिन अब तक निवेश नहीं हुआ है। ऐसे प्रोजेक्ट्स के बारे में भी अद्यतन जानकारी हासिल की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण विषय एफडीआई को आमंत्रित करना है। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही पब्लिक से जुड़े मुद्दे हमारी प्राथमिकता में होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमओयू करते समय संस्थानों की पूरी पड़ताल/जानकारी अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। निवेशकों से जितना अच्छा व्यवहार होगा, समय से उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे तो वह प्रदेश के लिए ब्रांड अंबेस्डर की तरह कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने लैंडबैंक बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब पारंपरिक औद्योगिक राज्य की छवि से आगे बढ़कर रक्षा निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और हाई-टेक मैन्युफेक्चरिंग का उभरता हुआ राष्ट्रीय हब बन रहा है। मुख्यमंत्री के समक्ष उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत होने वाले उत्तर प्रदेश रक्षा व एफडीआई कॉन्क्लेव 2026 का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। बताया गया कि उत्तर प्रदेश रक्षा और एफडीआई कॉन्क्लेव 2026 प्रदेश की नई औद्योगिक रणनीति का बड़ा मंच साबित होगा, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) में रक्षा एवं एयरोस्पेस उद्योगों को आकर्षित करना, वैश्विक निवेशकों को जोड़ना और उद्योग, सरकार तथा रक्षा संस्थानों के बीच समन्वित इकोसिस्टम विकसित करना है। कॉन्क्लेव लखनऊ में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है, जिसमें रक्षा मंत्रालय, डीपीएसयू, वैश्विक ओईएमएस, रक्षा विशेषज्ञ, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को एक मंच पर लाया जाएगा। एजेंडा में उत्तर प्रदेश की रक्षा विनिर्माण क्षमता, एयरोस्पेस निवेश, रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और डीपीएसयू की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत पैनल चचाएं प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री जी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के संबोधन के साथ बी2जी और बी 2बी इंटरैक्शन भी आयोजित किए जाने की योजना है। कॉन्क्लेव के अपेक्षित परिणामों में निवेश समझौते (एमओयू), कॉरिडोर विस्तार का रोडमैप, टेस्टिंग एवं सर्टिफिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, उद्योग-सरकार साझेदारी और निवेशकों को स्पष्ट पॉलिसी सपोर्ट शामिल हैं। सरकार का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं बल्कि यूपी में एक दीर्घकालिक डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तैयार करना है।

### बंगाल के

संस्थानों में प्रार्थना सभा की प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने कहा, यह आदेश सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद जारी किया गया है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है।

यह अधिसूचना सभी जिलाधिकारियों, जिला स्कूल निरीक्षकों, पश्चिम बंगाल मदरसा शिक्षा बोर्ड तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक कार्वाई के लिए भेजी गई है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह राज्य सरकार ने सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में भी सुबह की प्रार्थना सभा में वंदे मातरम् का गायन अनिवार्य करने का निर्देश दिया था।

इस कदम को लेकर निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक छात्र को विद्यालय में दिन की शुरुआत में राष्ट्रगीत के गायन में भाग लेना होगा और संस्थान प्रमुखों को इसका सख्ती से पालन कराने को कहा गया है।

### विकास

कराई गई है। सरकार ने आगामी कुंभ मेला 2027 की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा प्रस्तावित 10 अस्थायी मरम्मत कार्यों के लिए 3.21 करोड़ रुपये की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की है।

### फूलों की

अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। केंद्र के निर्माण और संचालन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिलेगा। फूल कटाई, पैकेजिंग, परिवहन और विपणन से जुड़े कार्यों में स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। योगी सरकार के विजन के अनुरूप यह परियोजना आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी। उद्यान विभाग इस पूरे प्रोजेक्ट को तैयार कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि केंद्र में आधुनिक ग्रीनहाउस, ड्रिप इरिगेशन, सोलर पावर और टिश्यू कल्चर लैब जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

### नैनीताल : गहरी

अनुज कुमार मिश्रा (34) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, वह कैंचीधाम के लिए प्रस्तावित बाइपास है और वहां निर्माण कार्य अभी भी चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि मार्ग पर कई स्थानों पर सुरक्षा इंतजाम अपर्याप्त है।




# गुजरात ने चेन्नई को दिया 230 रन का लक्ष्य

## आईपीएल। सुदर्शन ने 84 रन बनाये, गिल-बटलर के अर्धशतक, चेन्नई के तीन गेंदबाजों को 1-1 विकेट

एजेंसी

अहमदाबाद। आईपीएल में गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 230 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 229 रन बनाए। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। कप्तान शुभमन गिल ने भी 37 गेंदों में 64 रन बनाए और दोनों ने पहले विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी की। आखिरी ओवरों में जोस बटलर ने 27 गेंदों में नाबाद 57 रन ठोके। वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने 3 गेंदों में 7 रन बनाए। चेन्नई की ओर से मुकेश कुमार, स्पेंसर जॉनसन और अंशुल कंबोज को 1-1 विकेट मिला। 19वें ओवर में कंबोज के ओवर में 15 रन आए, लेकिन चेन्नई ने दो अहम विकेट भी झटके। ओवर की पहली गेंद पर सुदर्शन ने शानदार छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में लॉन्ग-ऑफ पर शॉर्ट को कैच थमा बैठे।

सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इसके बाद तेवतिया बिना खाता खोले रन आउट हो गए। गायकवाड ने मिड-ऑफ से शानदार डायरेक्ट हिट लगाकर उन्हें पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद बटलर ने लगातार दो चौके जड़कर दबाव कम किया और सिर्फ 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बटलर ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन किया। ओवर खत्म होने तक गुजरात का स्कोर 19 ओवर में 216/3 पहुंच गया। 14वें ओवर में 22 रन आए। बटलर ने नूर के खिलाफ आते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और दो शानदार छक्के जड़े। ओवर की आखिरी गेंद पर बटलर ने फुल लेंथ गेंद को काउ कॉर्नर के ऊपर स्टैंड में पहुंचा दिया। 12.2 ओवर में ने जॉनसन ने गिल को आउट कर चेन्नई को बड़ी सफलता दिलाई। गिल ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद हवा में चली गई। शिवम दुबे ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। इस सीजन कैचिंग में संघर्ष कर रहे दुबे के लिए यह आसान मौका नहीं था। गिल 37 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। 11.1 ओवर में नूर की गेंद पर एक रन लेकर सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया।




यह उनका लगातार पांचवां कढछ पचासा है। सुदर्शन ने डगआउट की ओर अंगूठा दिखाकर जश्न मनाया। उन्होंने शुरूआत धीमी की थी, लेकिन बाद में शानदार लय पकड़ते हुए तेजी से रन बनाए। नूर की गुगली गेंद को उन्होंने स्क्वायर लेग के पीछे खेलकर एक रन लिया और अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने टी-20 क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। गिल ने यह उपलब्धि 185 पारियों में हासिल की। इस लिस्ट में टॉप पर क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 162 पारियों में 6000 रन पूरे किए थे। 6.6 ओवर में नूर अहमद की गेंद पर गिल ने शानदार छक्का जड़ते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन किया और तालियों का आनंद लिया। उन्होंने 23 बॉल पर फिफ्टी लगाई। पावरप्ले में गुजरात ने 62 रन बनाए। शुरूआत में मुकेश ने गेंद को अच्छी स्विंग कराई, लेकिन शुभमन गिल ने स्पेंसर जॉनसन का स्वागत चौके से किया।

इसी दौरान विकेटकीपर संजू सैमसन गेंद पकड़ते समय उंगली चोटिल कर बैठे और मैदान से बाहर चले गए। जॉनसन के दूसरे ओवर में गुजरात के बल्लेबाजों ने 15 रन बटोरे। गुरजपनीत ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए अपने ओवर में सिर्फ 3 रन दिए। वहीं, अंशुल कंबोज के ओवर में गिल ने मैच का पहला छक्का लगाया। 1.3 ओवर में स्पेंसर जॉनसन की गेंद पर 5 वाइड मिले। लेग साइड के काफी बाहर गई गेंद बल्लेबाज साई सुदर्शन के बल्ले से दूर निकल गई, लेकिन गेंद अचानक अंदर की ओर मुड़ी, जिससे विकेटकीपर संजू सैमसन के लिए उसे पकड़ना मुश्किल हो गया। डाइव लगाने के बावजूद संजू सिर्फ उंगलियां लगा सके। इसके बाद फिजियो मैदान पर आया और संजू इलाज के लिए बाहर चले गए। फिलहाल उर्विल पटेल विकेटकीपिंग संभाल रहे हैं।

गुजरात के कप्तान गिल ने कहा, वे भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे, हालांकि उनके मुताबिक इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता क्योंकि यहां ओस का असर कम रहता है। गायकवाड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने कहा कि पिच पर अच्छी गति और उछाल है, जिसका फायदा टीम शुरूआत में उठाना चाहती है। टीम में दो बदलाव किए गए हैं, जिसमें अकील हुसैन की जगह गुरजपनीत सिंह और प्रशांत वीर की जगह मैट शॉर्ट को शामिल किया गया है। एमएस धोनी चेन्नई के आखिरी लीग मैच से पहले रांची लौट गए हैं। धोनी को अंगूठे में चोट लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर चेन्नई प्लेऑफ में पहुंचती है, तो फिर वह टीम को ज्वाइन करेंगे। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक कांटे की टक्कर देखने को मिली है। गुजरात और चेन्नई के बीच अब तक कुल 9 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें गुजरात ने 5 मैच जीते, जबकि चेन्नई को 4 मैचों में जीत मिली है। इस सीजन दोनों टीमों के बीच 26 अप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहली भिड़ंत हुई थी। उस मैच में गुजरात ने चेन्नई को 8 विकेट से हरा दिया। गुजरात के लिए इस सीजन में साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक खेले 13 मैचों में 554 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 157.83 का रहा है। वहीं गेंदबाजी में कगिसो रबाडा ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

# आरसीबी की निगाहें शीर्ष स्थान पर, हैदराबाद की कोशिश पहले क्वालीफायर में जगह बनाने पर

हैदराबाद। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब शुक्रवार को यहां अपने आखिरी आईपीएल लीग मैच में आमने-सामने होंगी तो दोनों की कोशिश शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। आरसीबी अभी अंक तालिका में 18 अंक लेकर शीर्ष पर है और 10 टीम में उसका नेट रन रेट 1.065 सबसे अच्छा है। शुक्रवार को जीत उसे पहला स्थान और फाइनल में पहुंचने के दो मौके दिला देगी। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 13 मैच में 16 अंक से तीसरे स्थान पर है और गुजरात टाइटन्स के बराबर है, लेकिन नेट रन रेट के मामले में पीछे है। सनराइजर्स हैदराबाद का नेट रन रेट 0.350 है जबकि गुजरात टाइटन्स का 0.400 है। शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए उसे आरसीबी को बड़े अंतर से हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम गुजरात टाइटन्स को हरा दे। कप्तान रजत पाटीदार की अगुवाई में आरसीबी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है।

करिश्माई खिलाड़ी विराट कोहली ने शीर्ष क्रम में अपनी निरंतरता को नए सिरे से परिभाषित करना जारी रखा है और 13 मैच में 542 रन बनाए हैं। वहीं, देवदत्त पडिक्कल का सत्र भी अच्छा रहा है। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने भी आरसीबी की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। भुवनेश्वर इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक रहे हैं और नयी गेंद से लगातार कमाल दिखाते रहे हैं। वहीं, हेज़लवुड ने अहम मौकों पर असरदार स्पैल डाले हैं। कृणाल पंड्या ने भी अपने हरफनमौला प्रदर्शन से प्रभावित किया है और विविधता भरी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान किया है। लेग-स्पिनर सुयश शर्मा और ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड ने भी योगदान दिया है। आरसीबी की टीम इस सत्र में उतार-चढ़ाव देखने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी। जब सनराइजर्स हैदराबाद ने लगातार पांच मैच जीते तो ऐसा लग रहा था कि उसने लय वापस हासिल कर ली है लेकिन पिछले चार में से दो मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। सनराइजर्स हैदराबाद के पास इस टूर्नामेंट में सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप में से एक है। अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं। हालांकि बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी ने अहम मौकों पर उन्हें नुकसान पहुंचाया है। टीम की हाल की हार की वजह बल्लेबाजी में रही कमियां थीं और टीम उम्मीद करेगी कि नॉक-आउट चरण में जाने से पहले वह इन कमियों को दूर कर लें। सकारात्मम पहलू यह है कि सनराइजर्स हैदराबाद को अपने कप्तान पैट कमिंस के



नेतृत्व और कुछ युवा तेज गेंदबाजों के अच्छा करने से काफी मनोबल मिला है। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा इस सत्र के चमकदार खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने दबाव में भी लगातार विकेट लिए हैं और किफायती गेंदबाजी की है। चोट से वापसी करने के बाद से कमिंस ने खुद गेंदबाजी इकाई में और भी ज्यादा जोश और नियंत्रण ला दिया है जिससे सनराइजर्स हैदराबाद को गेंदबाजी की रणनीति में भी ज्यादा स्पष्टता और धार मिली है।

सनराइजर्स हैदराबादः पैट कमिंस (कप्तान), सलिल अरोड़ा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), रविचंद्रन स्मरण, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, आर एस अंबरीश, हर्ष दुबे, क्रेंस फुलेत्रा, लियाम लिविंगस्टोन, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, शिवांग कुमार, अमित कुमार, गेराल्ड कोएत्जी, प्रफुल हिंगे, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), टिम डेविड, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, फिलिप सॉल्ट, जितेश शर्मा, जैकब बेथेल, कृणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, अभिनंदन सिंह, जोश हेजलवुड, रसिक सलाम डार, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, वेंकटेश अय्यर, जैकब डफी, मंगेश यादव, जॉर्डन कॉक्स, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा, कनिष्क चौहान, सात्विक देसवाल।

## संक्षेप

### अष्मिता मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

कुआलालंपुर। अष्मिता चालिहा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि भारत के बाकी खिलाड़ी हारकर बाहर हो गए। अष्मिता ने मलेशिश की गोह जिन वेइ को 21-13, 21-16 से हराया। अब उनका सामना आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन होजमार्क जाएर्सफेल्ट से होगा जिन्होंने भारत की मालविका बंसोड़ को करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-16, 8-21, 15-21 से हराया। महिला एकल वर्ग के एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड मास्टर्स चैम्पियन देविका सिहाग को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन युफेइ ने 21.16, 21.13 से हराया। मिश्रित युगल में भाग के सात्विक कनापुरम और राधिका शर्मा भी अमेरिका के प्रेसले स्मिथ और जेनी गेइ से 12-21, 25-27 से हार गए। पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और एम आर अर्जुन को चीन के हू कि युआन और लिन शियांग ने 21-14, 21-15 से हराया। लक्ष्य सेन और एच एस प्रणय कल ही हारकर बाहर हो गए थे।

### दर्द के बावजूद खेल रहे वरुण : वॉटसन

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच शेन वॉटसन ने भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की तारीफ की जो अपने बाएं पैर में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार खेल रहे हैं। वॉटसन ने कहा कि चक्रवर्ती आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए केकेआर की मुहिम योगदान देने के लिए बेताब हैं। चक्रवर्ती को आठ मई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ केकेआर के मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी। इस कारण वह 13 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अगला मैच नहीं खेल पाए थे जिसके बाद मुख्य कोच अभिषेक नायर ने उनके फ्रैक्चर की पुष्टि की थी। लेकिन आरसीबी से हार के बाद केकेआर को बाकी मैच जीतने की जरूरत थी इसलिए चक्रवर्ती पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ लगातार मैचों में खेलने के लिए वापस आ गए।

# प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, अलीरजा हटे

बुकारेस्ट (रोमानिया)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को रोमानिया के खिलाड़ी डियाक बोगदान डेनियल ने ड्रॉ पर रोक दिया जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरौजा ने छठे दौर में आखिरकार ग्रैंड शतरंज टूर के सुपर शतरंज क्लासिक से हटने का फैसला किया। टखने की चोट के बावजूद दो गेम खेलने वाले अलीरजा ने फैसला किया कि उनके लिए आगे खेलना संभव नहीं है और दस खिलाड़ियों वाले नौ दौर के इस टूर्नामेंट के आराम के दिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। फिरोजा के हटने से जर्मनी के विंसेंट कीमर को फायदा हुआ क्योंकि इस दौर में वॉक ओवर मिलने के बाद उन्होंने अपनी बढ़त को पूरे एक अंक तक बढ़ा लिया। जबकि बाकी सभी गेम ड्रॉ रहे, कीमर 4.5 अंक के साथ अकेले शीर्ष पर बरकरार हैं। वह हॉलैंड के जोर्डन वैन फॉरेस्ट और अनीश गिरी, शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के फैबियानो कारुआना और प्रज्ञानानंदा से पूरे एक अंक आगे हैं।

**सुपर शतरंज क्लासिक**

## एआई कोचिंग प्लेटफॉर्म काबुनी से जुड़े डिविलियर्स

नयी दिल्ली। एआई संचालित खेल तकनीक प्लेटफॉर्म काबुनी ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेट कप्तान एबी डिविलियर्स को बृहस्पतिवार को सुपर कोच नियुक्त किया। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटस्न पहले ही इसके सुपर कोच बनाये जा चुके हैं। काबुनी ने एक बयान में कहा यह सहयोग काबुनी की अत्याधुनिक तकनीक और एबी डिविलियर्स की क्रिकेट की गहरी समझ को एक साथ लाता है, जिससे उभरते हुए क्रिकेटरों के लिए डेटा-आधारित जानकारियों और वास्तविक दुनिया के अनुभव का एक मजबूत मेल तैयार होता है।

# फेड कप में जीत के लिए उतरेंगे एथलीट

एजेंसी



रांची। देश के शीर्ष ट्रैक और फील्ड सितारे यहां शुक्रवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय सीनियर फेडरेशन कप के जरिये 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में जगह पाने के लिये राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। यह टूर्नामेंट इसलिये भी अहम है क्योंकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर एसआरवाय जीन टेस्ट (जैविक लिंग परीक्षण) करायेगा ताकि जैविक रूप से महिला प्रतियोगी ही महिला वर्ग में उतर सकें। यह स्वैब या रक्त की जांच के जरिये कराया जायेगा। एएफआई भारतीय खिलाड़ियों के डीएनए टेस्ट भी शुरू करेगा ताकि ये आंकड़े बाद में अनुसंधान और विकास के काम आ सके। एसआरवाय टेस्ट और डीएनए टेस्ट के नतीजे और रिकॉर्ड गोपनीय रखे जायेंगे। ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का अंतिम चयन टूर्नामेंट होने के अलावा यह चीन में नौ से 12 जुलाई तक होने वाली पहली एशियाई अंडर 23 चैम्पियनशिप का ट्रायल भी होगा। इसमें ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले भाग नहीं लेंगे। चोपड़ा ने पिछले पांच साल में एक ही बार राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला है। वह डायमंड लीग और विश्व चैम्पियनशिप जैसे बड़े टूर्नामेंटों में भाग लेते हैं। उन्होंने आखिरी बार 2024 में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में भाग लिया था।

## हॉकी में भारत के कप्तान होंगे केतन कुशवाहा

भोपाल। हॉकी इंडिया ने जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरूष अंडर 18 एशिया कप के लिये 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की है जिसके कप्तान केतन कुशवाहा होंगे। टीम का चयन कोच सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा की देखरेख में हुए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया। भारतीय टीम ने तैयारियों के लिये यहां आस्ट्रेलिया अंडर 18 टीम के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेली जिसमें दो मैच ड्रॉ रहे, एक जीता और एक गंवाया। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत को पूल ए में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपै और कजाखस्तान के साथ रखा गया है।

# तिलक की कप्तानी में भारतीय ए टीम तैयार




एजेंसी

नयी दिल्ली। हरफनमौला अनुकूल रॉय को बृहस्पतिवार को श्रीलंका में होने वाली आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिये भारत ए टीम में चुना गया जो सीनियर टेस्ट और वनडे टीम में चुने गए हर्ष दुबे की जगह लेंगे। बायें हाथ के बल्लेबाज और स्पिन गेंदबाज रॉय घरेलू क्रिकेट में झारखंड के लिये खेलते हैं और आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, पुरूष चयन समिति ने आगामी त्रिकोणीय श्रृंखला के लिये भारत ए टीम में अनुकूल रॉय को चुना है। वह हर्ष दुबे की जगह लेंगे जो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे मैचों के लिये भारतीय टीम में चुने गए हैं। रॉय अंडर 19 विश्व कप 2018 में खिताब जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और उन्होंने 14 विकेट लिये थे। आगामी श्रृंखला में भारत ए, श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए भाग लेंगे जो नौ से 21 जून तक दाम्बुला में खेली जायेगी। तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, सूर्याश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, कुमार कुशाग्र, विपराज निगम, यश ठाकुर, युधवीर सिंह, अंशुल कम्बोज, अर्शद खान, अनुकूल रॉय। वहीं दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान क्रिकेट के सामान का गलत इस्तेमाल करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुधवार को हुए इस मैच के दौरान पंड्या ने निराशा में विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं।

**श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला**

उन्हें आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करते हुए पाया गया। ईडन गार्डन्स में हुए इस मैच में मुंबई इंडियंस चार विकेट से हार गई थी। पंड्या ने अपने रन-अप पर वापस जाते समय विकेट की गिल्लियां जोर से गिरा दी थीं। आईपीएल ने एक बयान में कहा, हार्दिक पंड्या को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के सामान और फिटिंग्स का गलत इस्तेमाल करने से संबंधित है।

इसमें कहा गया, यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप पर वापस जाते समय विकेट की गिल्लियां गिरा दी थीं। आईपीएल में चार से सात डिमेरिट अंक जमा होने पर एक मैच का निलंबन लगता है। पंड्या ने उल्लघंन और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा लगाई गई सजा को स्वीकार कर लिया। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इस साल आईपीएल प्ले-ऑफ में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। टीम का यह सत्र बहुत खराब रहा है और उसने अब तक सिर्फ चार मैच जीते हैं। अब टीम सत्र का अपना आखिरी मैच रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी।




## पिकलबॉल विश्व कप के लिए भारतीय जूनियर टीम चुनेगा आईपीए

अहमदाबाद। भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) वियतनाम में होने वाले आगामी पिकलबॉल विश्व कप के लिये यहां अगले महीने भारतीय टीम के चयन ट्रायल का आयोजन करेंगे। भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने कहा, भारतीय पिकलबॉल की जूनियर टीम काफी अहम है क्योंकि इससे आने वाले कई साल तक वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी तय होते हैं।

# राष्ट्रमंडल खेल दिवस 24 को मनाया जायेगा

नयी दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेल दिवस 24 मई को देश के 8000 से अधिक स्थानों पर मनाया जायेगा और मुख्य आयोजन 2030 खेलों के मेजबान अहमदाबाद में होगा जिसमें खेलमंत्री मनसुख मांडविया और गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी हिस्सा लेंगे।

अहमदाबाद में होने वाले कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी गुरजीत कौर, बैडमिंटन स्टार तृप्ति मुरगुंडे और निशानेबाज अंजुम मोदि्गल सहित कई नामचीन खिलाड़ी नजर आयेंगे। खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि फिट इंडिया संडे आन साइकिल का आयोजन 24 मई को अहमदाबाद में रिवरफ्रंट पर होगा जिसकी थीम राष्ट्रमंडल खेल होगी। मंत्रालय ने कहा, इस बार के आयोजन की थीम अ न्यू आइकन फोर अ फिटर इंडिया पैडलिंग टू 2020 होगी जो फिटनेस, एकजुटता और खेल भावना के जरिये भारत की

**2030 के मेजबान अहमदाबाद में मुख्य आयोजन**

2030 राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी के विजन की भी बानगी होगी। इसके तहत राष्ट्रमंडल थीम पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें पिछले 12 साल में खेलों में भारत की उपलब्धियों की झलक के साथ खेलो इंडिया मिशन और खेल सामान निर्माण में की गई पहल भी शामिल होंगी। अहमदाबाद में होने वाले कार्यक्रम में हॉकी खिलाड़ी रजनी ई, गुरजीत कौर, सोनिका टी, निशानेबाज अंजुम मोदि्गल, अंकुर मित्तल, बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुरगुंडे और अभिनेता आयुष्मान खुराना भाग लेंगे।

मंत्रालय ने कहा, केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, सांसद और जन प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों में इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे जिससे खेलों में जन भागीदारी और मजबूत होगी। राष्ट्रमंडल खेल दिवस समारोह से पहले देशव्यापी क्विज प्रतियोगिता, रील बनाने की स्पर्धा और टॉर्च डिजाइन स्पर्धा का भी आयोजन माय भारत प्लेटफार्म पर किया गया।

# एस्टन विला ने यूरोपा लीग जीती

एजेंसी



इस्तांबुल। एस्टन विला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां फ्रीबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग खिताब जीत लिया और 30 साल से चले आ रहे ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। विला के समर्थक प्रिंस विलियम ने मैच खत्म होने की सीटी बजते ही जीत का जोर शोर से जश्न मनाया। 1996 के इंग्लिश लीग कप के बाद यह पहला मौका था जब एस्टन विला ने कोई बड़ा खिताब जीता है। इंग्लैंड के भावी किंग के सामने एस्टन विला के मैनेजर उनाई एमरी ने यूरोपा लीग के राजा के तौर पर अपना दर्जा फिर से साबित कर दिया। एमरी का यह रिकॉर्ड पांचवां खिताब है। एस्टन विला की पिछली बड़ी ट्रॉफी 1996 में इंग्लिश लीग कप थी। क्लब ने 1982 में यूरोपीय कप और फिर सुपर कप जीता था। इस तरह पहली बार यूरोपीय कप जीतने के बाद यह ट्रॉफी 44 साल बाद मिली। पहले हाफ में यूरी टिलेमैन्स और एमी बुएंडिया के शानदार गोल ने एस्टन विला को मैच में दबदबा बनाने में मदद की। जिसके बाद मॉर्गन रोजर्स के गोल ने टीम को दूसरा मेजर यूरोपीय खिताब दिला दिया। 1982 की उस टीम के नौ सदस्य स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने उनाई एमरी को अपना पांचवां यूरोपा लीग खिताब जीतते हुए देखा। एमरी ने नवंबर 2022 में स्टीवन जेरार्ड की जगह ली थी, उस समय विला रेलिगेशन जोन से सिर्फ तीन अंक ऊपर था। स्पेनिश कोच एमरी ने टीम को बदलकर शीर्ष पांच दावेदारों में शामिल कर दिया और अब, उसे एक यूरोपीय चैंपियन बना दिया है। एमरी ने 2014-16 तक सेविल्ला के साथ लगातार तीन साल और फिर 2021 में विलारियाल के साथ यह खिताब जीता।

**टीम का 30 साल का ट्रॉफी का सूखा खत्म हुआ**

## तुलसी रेड्डी ने फतह किया माउंट एवरेस्ट

हैदराबाद। कई लोगों के लिए माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना सबसे बड़ा रोमांच होता है लेकिन भारतीय पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी के लिए यह दृढ़ता, अनुशासन, बदलाव और लगन की एक ऐसी यात्रा बन गई जिसने लोगों को प्रेरित किया। हैदराबाद के पास बोवरमपेट गांव के रहने वाले तुलसी ने वर्षों के अनुशासन, प्रशिक्षण और लगातार तैयारी के बाद सफलतापूर्वक माउंट एवरेस्ट की चोटी फतह की। तुलसी की कहानी को जो बात प्रेरित करने वाली बनाती है वह यह है कि इसकी शुरुआत कितने साधारण तरीके से हुई थी। कभी खाने-पीने के शौकीन रहे तुलसी बस फिट होना चाहते थे। धीरे-धीरे जिम में वर्कआउट और स्वस्थ जीवनशैली एंड्यूरेंस खेल और पर्वतारोहण के प्रति जुनून में बदल गई। समय के साथ उन्होंने कई स्थानीय दौड़, कठिन आयरनमैन चुनौती और दुनिया भर में कई ऊंची चोटियों पर चढ़ाई के अभियान पूरे किए।

# सरकार की बढ़ते चालू खाते के घाटे पर नजर

## अमेरिकी कंपनियों ने छह माह में 60 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी : गोयल

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी कंपनियों की ओर से भारत में 60 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धताएं जताई गई हैं। गोयल ने बताया कि इसमें अमेजन और गूगल जैसी दिग्गज कंपनियों द्वारा डेटा सेंटर क्षेत्र में किए जाने वाले बड़े निवेश भी शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार मौजूदा स्थिति पर नजर रखे हुए है और बढ़ते चालू खाते के घाटे (कैड) को नियंत्रित करने के लिए कई उपायों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों के लिए एक भरोसेमंद ढांचा प्रदान करता है।



साथ ही यह बड़े पैमाने, प्रतिभा और बाजार के अवसरों का एक ऐसा संयोजन पेश करता है जिसकी वैश्विक स्तर पर कोई तुलना नहीं है। गोयल ने यहां अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स की एनुअल लीडरशिप समिट में कहा, पिछले छह महीनों में अमेरिकी उद्योग की ओर से मिले निवेश के आश्वासन 60 अरब डॉलर से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें अमेजन और गूगल जैसी कंपनियों द्वारा डेटा सेंटर में किए जाने वाले प्रमुख निवेश शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिका एक भरोसेमंद साझेदार की तलाश में है और भारत ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के सम्मान के साथ समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की क्षमता लगातार प्रदर्शित की है। उन्होंने कहा कि भारत के पास कुशल प्रतिभाओं का बड़ा समूह है और 1.4 अरब आकांक्षी भारतीयों, बढ़ती आय तथा विस्तार करते मध्यम वर्ग की मांग के कारण अमेरिकी नवाचार को बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में गोयल ने कहा, अमेरिका ने पिछले कुछ महीनों में भारत में करीब छह लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इनमें डेटा सेंटर, नए कारखाने, सेमीकंडक्टर संयंत्र और कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं। गोयल ने कहा कि दोनों देश कृत्रिम मेधा (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और मशीन लर्निंग जैसी नई प्रौद्योगिकियों पर मिलकर काम कर रहे हैं। हमने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के अंतरिम पहले चरण को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत भारत को करीब 30 लाख करोड़ डॉलर के अमेरिकी बाजार में अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में तरजीही पहुंच मिलेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अक्सर अपना बहुत करीबी मित्र बताते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए मेरा मानना है कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा बेहद महत्वपूर्ण समय पर हो रही है और यह भारत-अमेरिका साझेदारी के मजबूत होते संबंधों को दर्शाती है, जिससे युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों, स्टार्टअप, कारोबार और उद्योगों के लिए नये तथा बड़े अवसर पैदा होंगे। रुबियो 23 मई से भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आएंगे। उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। यात्रा के दौरान व्यापार, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होने की संभावना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाते का घाटा अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 13.2 अरब अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) हो गया, जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 11.3 अरब डॉलर था। इसका मुख्य वजह अमेरिका को निर्यात में गिरावट से बढ़ा व्यापार घाटा है। अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान कैड घटकर 30.1 अरब डॉलर (जीडीपी का एक प्रतिशत) रह गया जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 36.6 अरब डॉलर (1.3 प्रतिशत) था।

# स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के लिए मजबूत विनियमन जरूरी : नड्डा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपार अवसर प्रदान करती है, लेकिन इसे सुदृढ़ विनियमन, नैतिक निगरानी और समानता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।



नड्डा ने जिनेवा में 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में स्वास्थ्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता: कानून, नैतिक निगरानी, अनुसंधान और समानता विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। मंत्री नड्डा ने कहा कि भारत ने एक दशक पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2015 में डिजिटल इंडिया पहल की शुरुआत कर एक मजबूत डिजिटल नींव रखी थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य भारत को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलना है, जो देश को एआई सहित भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करेगी। नड्डा ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने एक एकीकृत, अंतर-संचालनीय, समावेशी और बड़े पैमाने पर काम करने वाले डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना की थी। उन्होंने बताया कि इसी नीति के परिणामस्वरूप 2021 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और सहमति-आधारित डिजिटल स्वास्थ्य ढांचे की शुरुआत की गई। मंत्री नड्डा ने जोर देकर कहा कि बेहतर स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने के लिए केवल डिजिटलीकरण और डेटा ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि एआई के सुरक्षित और जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग के लिए क्षेत्र-विशिष्ट शासन ढांचे का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने फरवरी 2026 में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में एआई के लिए रणनीति की शुरुआत पर भी बात की। इस पहल को ग्लोबल साउथ से उभरने वाली पहली व्यापक रणनीति बताते हुए कहा कि यह नैतिक, पारदर्शी और जन-केंद्रित तरीके से भारत की स्वास्थ्य सेवा यात्रा का मार्गदर्शन करेगी।

## संक्षेप

### बिजली की मांग ने चौथे दिन बनाया रिकॉर्ड

नयी दिल्ली। देश में पारा चढ़ने के साथ बृहस्पतिवार को बिजली की अधिकतम मांग लगातार चौथे दिन रिकॉर्ड स्तर 270.82 गीगावाट तक पहुंच गई। विद्युत मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 265.44 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर रही थी। इससे पहले विद्युत मंत्रालय ने इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान जताया था। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज (बृहस्पतिवार) लगातार चौथे दिन बिजली की अधिकतम मांग अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। दोपहर 3.45 बजे बिजली की अधिकतम मांग 270.82 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही। इस मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मंत्रालय ने यह भी कहा कि देशभर में मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए घर और दफ्तर को ठंडा रखने के लिए कूलर, एसी के बढ़ते उपयोग से मांग में वृद्धि हुई है। बृहस्पतिवार की अधिकतम मांग को पूरा करने में तापीय ऊर्जा का योगदान सबसे अधिक 62.8 प्रतिशत रहा। इसके अलावा सौर ऊर्जा का योगदान 22.0 प्रतिशत, पवन ऊर्जा का 5.0 प्रतिशत, जल विद्युत का 5.8 प्रतिशत रहा।

# नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर बेंगलुरु में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

बेंगलुरु। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में कथित अनियमितताओं को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को यहां प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार से इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की।

फ्रीडम पार्क में हुए प्रदर्शन में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला के अलावा कई मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान सिद्धरमैया, सुरजेवाला और अन्य नेता एक टी-शर्ट लिए हुए थे, जिस पर प्रधानमंत्री झुक गए हैं लिखा था। वहीं, कुछ नेता अपने हाथों में आई एम कॉकरोच (मैं कॉकरोच हूं) लिखी टी-शर्ट पकड़े नज़र आए। प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मंजूनाथ गौड़ा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने प्रश्न पत्र लीक मामले में जवाबदेही तय करने की मांग संबंधी तख्तियां ले रखी थीं और वे केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

# गडकरी ने की अमेरिकी कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम की वकालत

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को भारतीय कंपनियों से नई प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के लिए अमेरिकी कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने की वकालत की। एएमसीएचएएम के वार्षिक नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सड़क परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआरे) तैयार करने में अमेरिकी परामर्श कंपनियों की मदद लेने की संभावनाएं तलाश रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है... अमेरिकी कंपनियां कई नई प्रौद्योगिकी विकसित करती हैं, इसलिए भारतीय कंपनियों के लिए उनके साथ संयुक्त उपक्रम करना बेहद महत्वपूर्ण है। लॉजिस्टिक्स में आपूर्ति श्रृंखलाओं को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के तेज विस्तार से भारत की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर एकल अंक में आ गई है। उन्होंने कहा कि छह महीने पहले आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बेंगलुरु



की रिपोर्ट में बताया गया कि एक्सप्रेसवे तथा आर्थिक गलियारों के निर्माण से भारत की लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। अब भारत की लॉजिस्टिक्स लागत एकल अंक में आ गई है। उन्होंने बताया कि अमेरिका और यूरोप में लॉजिस्टिक्स लागत 12 प्रतिशत है जबकि चीन में यह 8-10 प्रतिशत के बीच है। अगले पांच वर्ष में हमारा लक्ष्य भारत के मोटर वाहन उद्योग को दुनिया में पहले स्थान पर लाना है। जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। गडकरी ने बताया कि मोटर वाहन क्षेत्र चार लाख युवाओं को रोजगार देता है। यह केंद्र व राज्यों को सबसे अधिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रदान करता है। वर्तमान में अमेरिका का मोटर वाहन उद्योग 78 लाख करोड़ रुपये का है। इसके बाद चीन (47 लाख करोड़ रुपये) और भारत (22 लाख करोड़ रुपये) का स्थान है। मंत्री ने कहा कि जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता आर्थिक बोझ है क्योंकि हर साल 22 लाख करोड़ रुपये ईंधन आयात पर खर्च होते हैं और यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वाहन प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से सरकार ने देश के विभिन्न हिस्सों में 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है जहां हरित हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रक चलाए जाएंगे। तिरुवनंतपुरम-कोच्चि और जामनगर-अहमदाबाद सहित अन्य शामिल हैं।

# थोक खरीदारी के कारण बढ़ी ईंधन की मांग

नयी दिल्ली। थोक उपभोक्ताओं के खुदरा पेट्रोल पंपों की ओर रुख करने से देश के कुछ स्थानों पर ईंधन की मांग में भारी वृद्धि हुई है। इसका कारण थोक आपूर्ति केंद्रों और पेट्रोल पंप पर डीजल की कीमतों में 40 से 42 रुपये प्रति लीटर का भारी अंतर होना है। हालांकि, सरकार का कहना है कि आपूर्ति पर्याप्त और स्थिर बनी हुई है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि कुछ पेट्रोल पंप पर मांग 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इसका मुख्य कारण कारण कृषि मौसम और थोक उपभोक्ताओं की खुदरा पेट्रोल पंप से खरीदारी है। मुख्य रूप से इसी वजह से कुछ क्षेत्रों में पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि थोक बिक्री के लिए डीजल और पेट्रोल पंप पर उपलब्ध डीजल की कीमत में 40 से 42 रुपये प्रति लीटर का अंतर है। पेट्रोल पंप कारों और दोपहिया वाहनों को ईंधन उपलब्ध कराते हैं, जबकि राज्य सड़क परिवहन बसों और बिजली उत्पादन के लिए डीजल का उपयोग करने वाले दूरसंचार टावर जैसे थोक खरीदारों को ईंधन थोक आपूर्ति केंद्रों से खरीदना होता है। पेट्रोल पंप पर ईंधन लागत से कम दरों पर बेचा जा रहा है, जबकि थोक आपूर्ति आमतौर पर बाजार मूल्य पर होती है। शर्मा ने कहा कि निजी खुदरा विक्रेताओं की तुलना में सरकारी पेट्रोल पंप पर कम कीमतों के कारण भी मांग अधिक देखी जा रही है। पेट्रोल पंप में आमतौर पर दो से तीन दिन का स्टॉक होता है और अगर मांग में 20 से 30 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो उन्हें अस्थायी रूप से कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है...। आखिरकार, अंतिम छोर तक ईंधन पहुंचाने में लॉजिस्टिक संबंधी समस्याएं तो होती ही हैं। सरकार असामान्य रूप से अधिक मांग वाले पेट्रोल पंप पर आपूर्ति की बारीकी से निगरानी कर रही है और जहां भी आवश्यक है, राज्य प्रशासन और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर रही है।

# दिल्ली में तीन दिवसीय परिवहन हड़ताल शुरू

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार की ओर से वाणिज्यिक वाहनों पर पर्यावरण मुआवजा उपकर लगाए जाने और सीएनजी की कीमतों में वृद्धि के विरोध में ट्रांसपोर्ट और टैक्सी संगठनों ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-एनसीआर में तीन दिवसीय हड़ताल की शुरुआत की जिसकी वजह से कई इलाकों में यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

ट्रांसपोर्ट और टैक्सी संगठनों के मुताबिक उनकी हड़ताल 23 मई तक जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ सबसे व्यस्त स्थानों, जिनमें नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन, आनंद विहार, मंडी हाउस मेट्रो और अन्य स्थान शामिल हैं, पर यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हड़ताल के तहत संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में ट्रक खड़े रहे। एक यात्री ने बताया, हमने घर जाने के लिए टैक्सी बुक करने की कोशिश की, लेकिन प्रतीक्षा समय सामान्य से अधिक था, और स्टेशन पर ऑटो-रिक्शा



भी बहुत कम उपलब्ध थे। टैक्सी बुक करने का शुल्क भी अधिक था। ट्रक चालकों, निजी बसों, टैक्सी और मैक्सी कैब संचालकों की सर्वोच्च संस्था ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने इस हड़ताल का आह्वान किया है। एआईएमटीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने पीटीआई वीडियो से कहा कि हम प्रदूषण कम करने के प्रयासों का समर्थन करते हैं, लेकिन पिछले 10-12 वर्षों में पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर के माध्यम से लगभग 1,500 करोड़ रुपये एकत्र करने के बावजूद, सरकार ने परिवहन कल्याण, पार्किंग, सड़कों या प्रदूषण नियंत्रण उपायों के लिए इस धन का उचित उपयोग नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यूरो-6 वाहनों को प्रदूषण-मुक्त बताकर बेचा गया, इसके बावजूद उन पर प्रदूषण कर लगाया जा रहा है, जो विरोधाभासी है। उन्होंने कहा कि सरकार को सारा बोझ ट्रांसपोर्टर पर नहीं डालना चाहिए और व्यावहारिक समाधान भी सुझाने चाहिए। दिल्ली में वाणिज्यिक वाहन चालकों के संघों ने भी हड़ताल को अपना समर्थन दिया है और ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर टैक्सी और ऑटो किराए में वृद्धि की मांग की है। परिवहन संघ ने एक बयान में कहा कि यह हड़ताल वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), अदालतों और दिल्ली सरकार द्वारा परिवहन क्षेत्र पर थोपी गई अन्यायपूर्ण और अनुचित नीतियों के विरोध में है।

## इंटरटेनमेंट...

# जूनियर एनटीआर की 'ड्रैगन' का टीजर रिलीज

मुंबई। साउथ सिनेमा एक्टर जूनियर एनटीआर आज यानी 20 मई को अपना 43वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उनकी आने वाली फिल्म 'ड्रैगन' का पहला ग्लिम्स (टीजर) रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में एनटीआर एक खतरनाक हत्यारे (असेसिन) के रोल में नजर आ रहे हैं। वहीं, हैदराबाद में एक्टर के घर के बाहर तड़के सुबह से ही

**खतरनाक किलर के लुक में दिखे एक्टर**



हजारों फैंस की भीड़ जमा हो गई। एनटीआर ने अपने घर के बाहर आकर फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। अफीम वॉर पर आधारित है फिल्म 'ड्रैगन' रिलीज हुए ग्लिम्स वीडियो के मुताबिक, फिल्म की कहानी ग्लोबल अफीम वॉर (ग्लोबल ओपियम वॉर) के इर्द-गिर्द बुनी गई है। टीजर की शुरूआत एक बैकग्राउंड वॉइस ओवर से होती है। इसमें बताया जाता है कि ब्रिटिश मूल रूप से भारत में अफीम की खेती के लिए आए थे, जिससे हेरोइन बनती है। अंग्रेजों ने भारत में रहकर उन दो मुख्य जगहों पर कंट्रोल किया जहां प्रतिबंधित ड्रग्स की सबसे ज्यादा खेती होती थी।

इसमें अफगानिस्तान और थाईलैंड, लाओस और बर्मा का क्षेत्र शामिल है। अंग्रेजों के जाने के बाद दो मुख्य ग्रुप 'अफगान ट्रेडिंग कंपनी' और 'गोल्डन ट्रायंगल' के बीच अफीम के बिजनेस पर कब्जे को लेकर जंग शुरू हो जाती है। खतरनाक लुक में दिखे एनटीआर इस फिल्म में जूनियर एनटीआर 'अफगान ट्रेडिंग कंपनी' के सबसे बड़े शूटर और हत्यारे लूगर का किरदार निभा रहे हैं, जिसे 'ड्रैगन' भी कहा जाता है। ग्लिम्स में उनका लुक काफी आक्रामक और दमदार दिख रहा है। वीडियो में उनका एक डायलॉग भी है। इसमें वे कहते हैं, जब मैं सोने के लिए अपनी आंखें बंद करता हूं, तो मुझे उन लोगों के चेहरे नहीं दिखते जिन्हें मैंने मारा है। मुझे सिर्फ बचे हुए दुश्मनों के चेहरे दिखते हैं। गलती से भी मेरे सपनों में मत आना!

# एक्ट्रेस ट्विशा की डेडबॉडी पर मल्टीपल चोटें

**मुंबई**। ट्विशा के परिजन शुरूआत से हत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं, मृतका के ससुरालवालों ने पीएम रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। भोपाल की एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले ने तूल पकड़ लिया है। ट्विशा की बहन नैना शर्मा ने आरोप लगाया कि जानबूझकर सीसीटीवी कैमरे के सामने सीपीआर देने का नाटक किया। वह छत पर जाते समय बिल्कुल नॉर्मल थी।

ट्विशा के परिजन शुरूआत से हत्या की आशंका जता रहे हैं। ट्विशा की बहन नैना उर्फ प्रियंका ने आरोप लगाया- समर्थ और उसकी मां शव को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मौत की पुष्टि होने के बाद दोनों करीब एक घंटे तक गायब रहे। इसके बाद दोनों घर पहुंचे। वहां सबूतों से छेड़छाड़ की।

# राम चरण 'पेद्दी' में आयेंगे नजर

**मुंबई**। साउथ सुपरस्टार राम चरण और जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म पेद्दी में नजर आने वाले हैं। खास बातचीत में राम चरण ने बताया है कि वो इस फिल्म में कुश्ती करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए वो भारत के दिल मध्यप्रदेश के

**23 मई को भोपाल आयेगी पेद्दी की टीम**

भोपाल से शुरूआत करेंगे, जहां ए.आर. रहमान लाइव परफॉर्मेंस देंगे। राम चरण से पूछा कि फिल्म का प्रमोशन 'भारत के दिल' यानी भोपाल से शुरू करने की क्या वजह रही? तो वो कहते हैं, 'भोपाल और मध्य प्रदेश के लोग कुश्ती और पारंपरिक खेलों को दिल से प्यार देते हैं। 'हिंदी




ऑडियंस ने हमें हमेशा बहुत प्यार दिया है, इसलिए प्रमोशन की शुरूआत के लिए यह बिल्कुल सही जगह थी।

# धुरंधर 2 पर सेना की जानकारी लीक करने का आरोप

**मुंबई**। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' कानूनी विवाद में घिर गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और सेंसर बोर्ड को फिल्म के खिलाफ लगी याचिका की जांच करने के निर्देश दिए हैं। सशस्त्र सीमा बल के एक जवान ने जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि फिल्म में सेना के ऑपरेशन से जुडी गुप्त जानकारियां दिखाई गई हैं।



कोर्ट ने कहा कि फिल्म भले ही काल्पनिक हो, लेकिन सुरक्षा से जुड़ी की चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सेंसर बोर्ड करेगा जांच चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को इस याचिका पर

**हाई कोर्ट ने जांच के दिये आदेश एसएसबी जवान ने याचिका दायर की**

विचार कर फैसला लेने को कहा है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि भले ही यह फिल्म मनोरंजन के लिए बनाई गई एक काल्पनिक कहानी है, लेकिन इसके प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने इसे ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के उल्लंघन के आरोपों के तहत जांचने के लिए कहा है। एसएसबी जवान ने उठाए सुरक्षा पर सवाल यह याचिका एसएसबी में हेड कांस्टेबल दीपक कुमार ने दायर की है।

याचिका में कहा गया है कि फिल्म में सेना के ऑपरेशन्स की बारीक जानकारियां दिखाई गई हैं, जिससे देश की सुरक्षा और अखंडता को खतरा हो सकता है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, फिल्म में कुछ खास जगहों और किरदारों को इस तरह दिखाया गया है जो बड़े अधिकारियों और शहीद सैनिकों से मेल खाते हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com